अधिकतम :38$^0$C
न्यूनतम: 25$^0$C
81,118.60
24,718.60
1,03,000
1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, रविवार 15 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 73 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com  आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082  18 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी  नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## 10 मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने वर्ल्डकप में जीता गोल्ड

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# 100 ताबूत होंगे तैयार, मृतकों का आंकड़ा 275 पर पहुंचा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूतों का ऑर्डर दिया गया।

बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एयर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों का डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 6 का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि पूर्णिमाबेन पटेल



**डीएनए जांच में अब तक छह शवों की पहचान हुई**

**अहमदाबाद विमान हादसा**

का शव उनके परिवार को सौंपा गया है। एक और परिवार को बॉडी हैंडओवर की प्रक्रिया जारी है। 8 घायलों इलाज का चल रहा है, इसमें एक की हालत गंभीर है। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमार्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच करेगी उच्चस्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वह अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगी थी।

# सरकार ने फिर बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेट की तारीख

**नई दिल्ली।** यूआईडीएआई ने एक बार फिर देश के करोड़ों आधार कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपलोड की आखिरी तारीख को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

पहले डॉक्यूमेंट के साथ फ्री आधार अपडेट की आखिरी तारीख 14 जून 2025 थी, लेकिन अब इसे 14 जून 2026 कर दिया गया है। इसकी जानकारी यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि जिनके पास भी 10 साल या इससे पुराना आधार



कार्ड है उन्हें पहचान और एड्रेस प्रूफ के साथ अपने आधार को अपडेट करना होगा यानी यदि आपके पास 10 साल पुराना आधार कार्ड है और इस अवधि में एक बार भी आधार अपडेट नहीं हुआ है, तो आपको अपडेट कराना होगा, नहीं तो आपका आधार कार्ड रद्द भी हो सकता है।

# इजरायली हमले में 138 ईरानियों की मौत

## मृतकों में नौ न्यूक्लियर साइंटिस्ट व 20 से ज्यादा कमांडर्स शामिल

**तेहरान/तेल अवीव, वार्ता**

**इजरायल और ईरान** के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने शुक्रवार रात 10.30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5.30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे।

ईरान ने भी शुक्रवार रात इजरायली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजरायल में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। 7 जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजरायली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजरायल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजरायल पर और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे। ईरान ने दावा किया है कि उसकी दर्जनों मिसाइलों ने इजरायली शहरों को नुकसान पहुंचाया है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इजरायली हमले में मारे गए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के -शेष पृष्ठ दो पर



- इजरायली रक्षा मंत्री की धमकी, और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे
- ईरान का पलटवार, 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, इजरायल में अब तक तीन लोगों की मौत, सात जवानों सहित 90 से अधिक घायल

## ईरान ने इजरायल के दो लड़ाकू विमान मार गिराए: मीडिया

**तेहरान/यरूशलम।** ईरान की वायु रक्षा ने इजरायल के दो लड़ाकू विमानों के साथ-साथ बड़ी संख्या में माइक्रो एरियल वाहनों को मार गिराया एवं एक महिला इजरायली पायलट को पकड़ लिया है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ईरानी सेना ने आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। इजरायल रक्षाबलों (आईडीएफ) ने रिपोर्ट को खारिज कर दिया। एक बयान में आईडीएफ अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्रेई ने आरोपों को 'पूरी तरह से निराधार' कहा।

# मानसून ने कहर बरपाना किया शुरू

## पुणे में गाड़ियां बहीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। मध्य प्रदेश में 16 जून तक मानसून की एंट्री हो सकती है। वहीं राजस्थान के जैसलमेर में शनिवार सुबह बारिश हुई।

मौसम विभाग ने 23 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था। इससे पहले श्रीगंगानगर में एक जून 2018 को 49.1 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया था। श्रीगंगानगर में जून महीने का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान 14 जून 1934 को 50 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी, पंजाब-हरियाणा समेत देश के 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। उधर बीती रात पुणे में भारी बरसात हुई। पिंपरी चिंचवड़ शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नाले में चार से पांच गाड़ियां बह गईं, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हिमाचल के चंबा जिले में लैंडस्लाइड हुई। हरियाणा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि महिलाएं गर्मी के पीक आवर्स में खाना न बनाएं। इसके साथ यह भी कहा है कि प्यास न हो तब भी पानी पीते रहें।

- मप्र में दो दिन बाद मानसून आएगा, हरियाणा सरकार बोली- महिलाएं दोपहर में खाना न बनाएं

## CBI ने ईपीएफओ अधिकारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** सीबीआई ने ओडिशा में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, बरहामपुर के एक वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक को 10,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने एक शिकायत के आधार पर 12 जून को ईपीएफओ अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने ईपीएफओ पोर्टल पर एक निजी नियोक्ता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आवेदन को मंजूरी देने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

# द. अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियन का पहना ताज

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका की 2025 की टीम ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्डस में एक शानदार अभियान का अंत किया और ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया।

- रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर जीता खिताब

## मोदी आज से 18 जून के बीच तीन देशों की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से 18 जून के बीच कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा पर जाएंगे और वह कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि श्री मोदी पहले चरण में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स के निमंत्रण पर 15-16 जून, 2025 को वहां की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा होगी। निकोसिया में रहते हुए श्री मोदी श्री क्रिस्टोडोलिड्स के साथ बातचीत करेंगे और लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

## युवा उद्यमियों के समर्पण से भारत वैश्विक ड्रोन केंद्र बनेगा: पासवान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि युवा उद्यमियों के समर्पण के माध्यम से भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाया जा सकता है। श्री पासवान शनिवार को चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस की नई कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा का उद्घाटन कर ड्रोन तकनीक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दूरदर्शी प्रयासों के लिए गरुड़ एयरोस्पेस और इसके संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को अग्निश्वर जैसे युवा उद्यमियों और गरुड़ एयरोस्पेस जैसी नवोन्मेषी कंपनियों के समर्पण के माध्यम से वास्तव में साकार किया जा सकता है। उन्होंने स्वदेशीकरण फैक्ट्री में स्थानीय पुर्जा निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करने के लिए भारत ड्रोन एसोसिएशन की भी सराहना की।

## योग पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विश्व को योग की उपयोगिता समझ में आ रही है और लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, प्रो. एचआर नागेन्द्र और भिक्खु संघसेना शामिल रहे।

# आईईडी विस्फोट में CRPF का जवान शहीद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के माओवाद प्रभावित सुंदरगढ़ जिले के के. बलांग थाना क्षेत्र में एक पत्थर खदान के पास तलाशी अभियान के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने के कारण सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन का एक जवान शहीद हो गया।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में उस समय विस्फोट हुआ, जब सीआरपीएफ के जवान जंगल में तलाशी अभियान चला रहे थे। विस्फोट के कारण उत्तर प्रदेश निवासी सीआरपीएफ जवान सत्यभान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि पिछले महीने बांको पत्थर खदान से सशस्त्र माओवादियों द्वारा लगभग पांच टन विस्फोटक सामग्री लूटने के बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया है।

- तलाशी अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट

## मणिपुर में 57 किलो से अधिक मादक पदार्थ किया जब्त

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने 57.285 किलोग्राम मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की है। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 22 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान चलाए गए अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाना अंतर्गत न्यू कीथेलमनबी पुलिस चौकी पर इंफाल से आए ट्रक को रोका गया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली और छत के अंदर छिपा कार रखे हुए संदिग्ध प्रतिबंधित सामान को जब्त किया।

# नीट यूजी: राजस्थान के महेश बने टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किया गया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 अंक प्रतिशत हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। एनटीए ने नीट यूजी 2025 के लिए सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ ईडब्ल्यूएस, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) -शेष पृष्ठ दो पर



- मप्र के उत्कर्ष अवधिया दूसरे व महाराष्ट्र के कृषांग जोशी तीसरे स्थान पर रहे

## 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है।

# IMA से ही शुरू हुआ था श्रीलंका सेना प्रमुख का सफर

## पीओपी परेड में ली बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने सलामी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को आयोजित 156वीं पासिंग आउट परेड खास बन गई।

पहली बार आईएमए के एक पूर्व कैडेट ने बतौर श्रीलंका सेना प्रमुख परेड की सलामी ली। निरीक्षण अधिकारी श्रीलंका सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने कहा कि वह यहां आकर भावुक हैं। उनके सैन्य जीवन की शुरुआत भी इसी धरती से हुई थी। यहीं अनुशासन सीखा और जीवन के मायने समझे। कहा कि आप सभी में मुझे अपना ही अक्स दिखाई दे रहा है। आईएमए के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश -शेष पृष्ठ दो पर



## संयुक्त स्नातक परेड में 254 फ्लाइट कैडेट भारतीय वायुसेना में शामिल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के पास डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी (एएफए) में शनिवार को संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित की गई, जिसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के 254 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण का सफल समापन संपन्न हो गया। इस परेड में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और स्नातक कैडेटों को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान किया। प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल तेजिदर सिंह और एएफए के कमांडेंट एयर मार्शल पीके वोहरा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के सात अधिकारियों और एक विदेशी प्रशिक्षु को उड़ान प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और कैडेटों के परिवार भी मौजूद थे।




## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर लगेंगे 40 हजार पेड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) दिल्ली- देहरादून के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए निर्माणाधीन आर्थिक गलियारे पर सघन वृक्षारोपण करेगा और इस अभियान के तहत 40 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। एनएचएआई ने बताया कि प्राधिकरण बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ ही पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रहा है और इसके तहत शनिवार को उत्तर प्रदेश में बागपत के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली- देहरादून आर्थिक गलियारे में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत आज उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने वृक्षारोपण अभियान के तहत पहला पौधा लगाया। इस मौके पर एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, बागपत की जिला मजिस्ट्रेट अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, उप-खंड मजिस्ट्रेट अविनाश त्रिपाठी और अन्य जिला अधिकारी शामिल थे।

### माफिया अड्डा बन रहे हैं प्राइवेट स्कूल: सिसौदिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने निजी स्कूलों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्राइवेट स्कूल माफिया के अड्डे बनते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर आज कहा कि दिल्ली में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को छुट्टी के बाद स्कूल में रोककर रखने की सजा दी गई, क्योंकि उनके माता-पिता स्कूल वैन के नाम पर प्राइवेट स्कूल की लूट से बचाना चाहते हैं और खुद उन्हें स्कूल छोड़ने आते हैं! दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने एक स्कूल का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर कहा कि एक प्राइवेट स्कूल पैसों की होड़ में बच्चों को कमरे में बंद कर रहा है।

### मणिपुर के हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में एक ऑपरेशन चलाया और इस दौरान 328 हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने गुरुवार और शुक्रवार को पांच जिलों के बाहरी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान, एसएलआर और इंसास राइफलें, पांच कार्बाइन बंदूकें, पांच एमपी5 बंदूकें, दो एलएमजी और 12 एके राइफलें बरामद की।

# हवाई यात्रा करने से डरने लगे लोग: अखिलेश



**फर्रुखाबाद।** सपा सुप्रीमो अखिलेश ने कहा कि अब लोग हवाई यात्रा करने से डरने लगे हैं। वे फर्रुखाबाद शहर के मोहल्ला पल्ला निवासी समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, जिनका शुक्रवार को लखनऊ में निधन हो गया था।

उन्होंने लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली थी। वह लंबे समय से अस्पताल में भर्ती थे। शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने फर्रुखाबाद पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय छोटे सिंह यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया और उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि हमारे नेता हम लोगों के बीच नहीं रहे। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनता जानना चाहती थी कि चूक कहां से हुई। हाल ही में अहमदाबाद में बड़ी घटना हुई, यात्रियों को खोया, पायलट क्रू मेंम्बर को खोया, बड़े पैमाने पर डॉक्टर और उनके परिवार के लोगों को खोया।

# अमेरिका इंसानियत का दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इजरायल के ईरान पर हमलों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें राज्य प्रायोजित आतंकवाद कहा है। उन्होंने अमेरिका पर इजरायल को समर्थन देने का आरोप लगाया और मुस्लिम देशों से एकजुटता का आह्वान किया। मौलाना मदनी ने गाजा में जारी हिंसा पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इजरायल ने जिस तरह ईरान की परमाणु स्थापनाओं और आवासीय इलाकों को निशाना बनाया, वह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और वैश्विक नियमों की पूरी तरह अवहेलना है। मौलाना मदनी ने कहा कि इजराइल की यह आक्रामक नीति अमेरिका और पश्चिमी देशों के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका को हथियारों का



**इजरायल की बर्बरता अमेरिका की मदद के बिना नामुमकिन**

व्यापारी और इंसानियत का दुश्मन बताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका उन सभी मुस्लिम देशों को निशाना बना रहा है, जो आत्मनिर्भर बनने और अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इराक को आत्मनिर्भरता की सजा दी गई, अब ईरान को निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वह भी अपने रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा था। इजराइल की मंशा साफ है कि जो देश उनकी दादागीरी के खिलाफ खड़ा हो, उसे तबाह कर दो, लेकिन यह सब अमेरिका की खुली मदद के बिना संभव नहीं। मौलाना मदनी ने सऊदी अरब द्वारा इजराइल के हमले की आलोचना का स्वागत किया और कहा कि यह रुख मुस्लिम दुनिया में एकजुटता की दिशा में सकारात्मक कदम है। उन्होंने चेताया कि यदि इजराइल को रोका नहीं गया, तो उसकी आक्रामकता पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका न केवल गाजा में हो रही तबाही और जनसंहार का समर्थन कर रहा है, बल्कि उसकी नीयत गाजा को खाली करवाकर वहां यहूदी बसावट को बढ़ावा देने की है। मदनी ने कहा कि अमेरिका एक तरफ गाजा में इजराइल के हिंसक कृत्यों का समर्थन करता है और दूसरी ओर ईरान पर हो रहे हमलों में भी उसे समर्थन दे रहा है। उन्होंने मुस्लिम देशों और वैश्विक समुदाय से इस निर्णायक समय में एकजुट होने की अपील की।

### अमेरिका पर भड़के शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास

**लखनऊ।** ईरान-इजरायल युद्ध पर शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने इजराइल के हमले का सख्त विरोध किया और कहा कि इस्लाम को बदनाम करने के लिए बार क्लब और जुए के अड्डे खोलना तो आसान है, लेकिन इस्लाम का दिफा करना बहुत मुश्किल है। जो सिर्फ ईरान कर रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल को इंसानियत का दुश्मन बताया। मौलाना यासूब ने कहा कि मैं ईरान पर इजरायल द्वारा किए गए दहशतगर्दाना हमले का सख्त विरोध करता हूं। इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के पीछे पूरी तरह से शैतान अमेरिका का हाथ है क्योंकि इजरायल और अमेरिका दोनों हमेशा से ईरान व इंसानियत के दुश्मन रहे हैं। मैं उन इस्लामी मालिक का भी विरोध करता हूं जो इस इंसानियत की जंग में ईरान का साथ न देकर अमेरिका और इजरायल का साथ दे रहे हैं।

### भारत का गाजा संघर्ष विराम प्रस्ताव मतदान से अलग रहना विश्वासघात

# हमारी विदेश नीति में है गड़बड़ियां: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन संघर्ष विराम के प्रस्ताव पर मतदान से अलग रहने के भारत के निर्णय को शांति और न्याय की परंपरा के विरुद्ध बताते हुए इसे सिद्धांत के साथ विश्वासघात करार दिया है और कहा है कि सरकार को बताना चाहिए कि उसने किन कारणों से भारत के अहिंसा, शांति, न्याय और संवाद के रुख के विरुद्ध कदम उठाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा और संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा के विरुद्ध है। कांगेस नेताओं ने कहा कि भारत को न्याय के लिए अपनी आवाज पुन: बुलंद करके सत्य और अहिंसा के लिए निडरता से खड़ा होना होगा। कांग्रेस नेताओं ने यह प्रतिक्रिया 12 जून को संयुक्त राष्ट्र में गाजा संघर्ष विराम पर मतदान से दूर रहने के भारत के



**बताना चाहिए सरकार ने किन कारणों से भारत के अहिंसा व शांति के रुख के विरुद्ध कदम क्यों उठाया**

निर्णय पर दी है। उन्होंने इस निर्णय को सरकार की नैतिक कूटनीतिक विफलता, विदेशनीति में गड़बड़ी और सिद्धांतों के विपरीत कदम करार दिया है। खड़गे ने कहा कि अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में गड़बड़ियां हो रही हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय की जानी चाहिए। गाजा में संघर्ष विराम को लेकर संयुक्त राष्ट्र आम सभा के प्रस्ताव के पक्ष में 149 देशों ने मतदान किया। भारत उन 19 देशों में से एक था, जिन्होंने मतदान में भाग नहीं लिया। इस कदम से हम वस्तुतः अलग-थलग पड़ गए हैं। आठ अक्टूबर 2023 को व्यापक और भयावह मानवीय संकट के समय कांग्रेस ने इजरायल के लोगों पर हमास द्वारा किए गए क्रूर हमलों की निंदा की थी। अब सवाल है कि क्या हमने मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम, शांति और संवाद की वकालत करने के अपने रुख को भारत ने छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा का हिस्सा रहा है और हमने हमेशा अपने इस रुख के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में न्याय और शांति का समर्थन किया है। कांग्रेस ने 19 अक्टूबर 2023 को भी तत्काल संघर्ष विराम और गाजा के संकटग्रस्त और बेदखल लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने का आह्वान किया था। जब क्षेत्र भीषण हिंसा, मानवीय तबाही और बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है, तो भारत चुपचाप या निष्क्रिय रूप से खड़ा नहीं रह सकता। वेणुगोपाल कि भारत हमेशा शांति, न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है, लेकिन आज भारत दक्षिण एशिया, ब्रिक्स और एससीओ में एकमात्र देश है, जिसने गाजा में संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर अपना पक्ष नहीं रखा। इस संघर्ष में 60,000 लोग मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। हज़ारों लोग भूख से मर रहे हैं।

### कांग्रेस विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं: जोशी

**कलाबुर्गी।** केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया है और उसके नेता विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खड़गे की विवादास्पद टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि हमें खरगे से प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। भारत के लोग तय करते हैं कि उनका नेतृत्व किसको करना चाहिए। देश की जनता ने आपको (कांग्रेस) तरह से नकार दिया है कि पिछले दो कार्यकालों में विपक्षी नेता की भूमिका भी आपकी पहुंच से बाहर हो गई है और इस बार भी, झूठे आख्यान फैलाने के बावजूद, जहां भी चुनाव हुए हैं, लोकसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आप (कांग्रेस) विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं है, आप कैसी बकवास कर रहे हैं। जोशी की तीखी टिप्पणी से राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि 11 जून को प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर खड़गे ने प्रधानमंत्री पर सरासर झूठ बोलने और वोट के लिए लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

# यूपी पुलिस को आज मिलेंगे 60244 नए कांस्टेबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस को रविवार को 60244 नए कांस्टेबल मिल जाएंगे। इन्हें सीएम योगी और गृहमंत्री अमित शाह नियुक्ति पत्र बांटेंगे। लखनऊ के आशियाना स्थित इन्वेस्टर समिट आयोजन स्थल (डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड) पर यह कार्यक्रम होगा। इससे पूर्व शनिवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, डीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश समेत कई पुलिस अफसरों ने तैयारियों का जायजा लिया।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि यूपी पुलिस ने इस वर्ष बड़ी संख्या में 60244 सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों के चयनित अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। डीजीपी ने बताया कि यूपी की योगी सरकार युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है। 8 सालों 8.5 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यूपी के इतिहास में 15 जून 2025 की तारीख खास होगी। 60, 244 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। डीजीपी ने बताया



**सीएम योगी-गृहमंत्री अमित शाह बांटेंगे नियुक्ति पत्र**

कि पीजीआई के वृंदावन इलाके में ग्राउंड पर होने वाले इस कार्यक्रम में 60,244 कांस्टेबलों के अलावा उनके परिजन, वीआईपी, वीवीआईपी और सरकार के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रहीं हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सिटिंग व्यवस्था के साथ पानी व कूलर की व्यवस्था की गई है। यूपी पुलिस के लिए इस भर्ती को सकुशल संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती थी। इस नियुक्ति में 20 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को भी दिया गया है। 12 हजार से अधिक महिला सिपाहियों की भर्ती हुई है। सीएम योगी ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल कराने के लिए अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया।

## अर्थ व्यापार

# भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल: इनडीड

**बेंगलुरु, वार्ता**

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है।

ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। सबसे ज्यादा नौकरियां चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल

**हाल में हुई गिरावट के बाद भी कोविड पूर्व स्तर की तुलना में 80 प्रतिशत से ज्यादा हैं, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और स्विटजरलैंड जैसे कई देशों पोस्टिंग वैल्यूम बहुत कम है**

केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत;), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गई है। हालांकि हाल ही में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है। इससे साफ होता है कि भारत के उभरते हुए औपचारिक क्षेत्र में तकनीकी क्षेत्र का कितना प्रभाव रहा है, जिसमें मल्टीनेशनल कंपनियां भारत के विशाल प्रतिभा पूल को अवसर प्रदान कर रही हैं। इनडीड के मुताबिक मई 2025 तक, 1.5 प्रतिशत नौकरियों के लिए जनरेटिव एआई के कौशल की स्पष्ट मांग की गई थी, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। जनरेटिव एआई के अवसर तकनीक के क्षेत्र पर केंद्रित हैं, जो लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लगभग 12.5 प्रतिशत डेटा एनालिटिक्स पदों के लिए जनरेटिव एआई की मांग की गई। इनडीड के वरिष्ठ अर्थशास्त्री (एशिया-पैसिफिक) कैलम ने कहा कि भारत में नौकरियां अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि देश में अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्थाओं का निर्माण हो रहा है। औपचारिक क्षेत्र में नौकरियां पूरे देश में हो रही रोजगार वृद्धि के मुकाबले ज़्यादा तेजी से बढ़ेंगी, जो हमें पिछले सालों में देखने को मिला है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं में इस तरह के बदलाव नहीं हो रहे हैं।

# दाल दलहन सस्ते, अन्य जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

स्थानीय स्तर पर आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल, वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव पिछले दिवस पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी टिकाव देखा गया। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल, चना, चना दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 15604 रुपये, सोया रिफाइंड 13773 रुपये, पाम ऑयल 12666 रुपये और वनस्पति तेल 14433 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।



**वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव स्थिर रहे, इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे**

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायली हमले...**एयरफोर्स के नए चीफ की नियुक्ति की है। ईरान की न्यूज एजेंसी मेहर के अनुसार, आमीरअली हाजीजादेह की जगह माजिद मौसवी को कमांडर बनाया है। शुक्रवार को इजरायली हमले में एयरोस्पेस चीफ आमीरअली हाजीजादेह सहित 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स मारे गए थे। इजरायली सेना ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 7 सैनिकों के घायल होने की जानकारी दी है। आईडीएफ ने कहा कि ये सैनिक शुक्रवार के हमले में घायल हुए। हालांकि, बहुत हल्की चोटें आई हैं। सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया। इजरायली सेना ने एक नया वीडियो जारी किया है जिसमें इजरायली एयर फोर्स और नेवी ईरान से इजरायल पर दागे गए ड्रोन को रोक रहे हैं। बीते दो दिनों में इजरायल ने ईरान से दागे गए 100 से ज्यादा ड्रोन को मार गिराया है।

**नीट-यूजी....**और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। नीट यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केंद्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थी। देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गई, जिसमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं। इसमें 22 लाख 76 हजार 069 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष नीट यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 अभ्यर्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

**आईएमए से...**की सेना के अंग बन गए। इसके साथ नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी। छह बजकर 42 मिनट पर एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर केरन कंपनी ने हासिल किया। इस बार के पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसम्बर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

# शहरों का कायाकल्प करेगी यूपी सरकार, 5 साल का ब्लू प्रिंट तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी के शहरों को बेहतर बनाने के लिए 2026 से 2031 तक एक बड़ी योजना बनाई गई है। इस योजना पर कुल 1.29 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।

इसका मकसद है शहरों को ज्यादा साफ, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाना। हाल ही में यह योजना केंद्र सरकार को दिखाई गई है, जिसमें अगले पांच सालों में किए जाने वाले कामों का पूरा खाका बताया गया है। इसमें सड़कों, नालों और दूसरे बुनियादी ढांचे को सुधारने के साथ-साथ लोगों की जिंदगी आसान बनाने की कोशिश की जाएगी। योजना में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और जानवरों की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है। साथ ही, तकनीक



**1.29 लाख करोड़ रुपये होंगे खर्च, साफ पानी के लिए 9900 करोड़ की योजना**

और पर्यावरण से जुड़ी चीजों को भी महत्व दिया गया है। इस योजना का सबसे बड़ा हिस्सा शहरों में बेहतर सड़क नेटवर्क बनाना है, जिसके लिए 30,000 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इससे शहरों के अंदर आने-जाने में आसानी होगी और पास के कस्बों से भी बेहतर जुड़ाव होगा, जिससे व्यापार और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। शहरों में जलभराव रोकने के लिए 27,500 करोड़ की ड्रेनेज योजना बनाई गई है। यह योजना बरसात के पानी को सही तरीके से निकालने में मदद करेगी। साफ-सफाई और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15,000 करोड़ सीवरेज और शौचालयों से जुड़े प्रबंधन पर खर्च होंगे। इनके रखरखाव के लिए अलग से 5,387 करोड़ का बजट रखा गया है। हर घर में साफ पानी पहुंचाने के लिए 9,900 करोड़ की योजना है और इसकी मरम्मत व देखरेख के लिए 8,286 करोड़ रखे गए हैं। शहरों को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए इस योजना में 1,265 करोड़ की हरियाली और बागवानी से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा 990 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रिक श्मशान घाट बनाए जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# विक्की संन्यासी गैंग का बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कुख्यात विक्की सन्यासी गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसने वर्ष २०१७ में रंजिश में पालम गांव में फायरिंग कर हत्या का प्रयास किया था और उसी दिन पालम गांव में एक मैनेजर को रंगदारी के लिए धमकाया था ।आरोपी को दो मामलों में पीओ घोषित किया गया था। आरोपी पहले भी चार मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि टीम दिल्ली/एनसीआर में सक्रिय शातिर अपराधियों, भगोड़ों और गैंगस्टरों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी बीच हेड कांस्टेबल सोनू को एक गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात विक्की सन्यासी गैंग का सदस्य हापुड़ इलाके में घूम रहा है। इस सूचना पर एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर गौतम मलिक के नेतृत्व में एएसआई जितेंद्र, हेड कांस्टेबल अशोक, सोनू, राजेश और महिला कांस्टेबल बिंदु की टीम ने, हापुड़-मोदीनगर रोड पर अपना जाल बिछाकर आरोपी सेंसर पाल सिंह उर्फ बबलू (३५) को पकड़ लिया ।आरोपी सेंसर पाल सिंह उर्फ घ्ब्बबलू को दो मामलों में पीओ घोषित किया गया था।पुलिस पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि फरवरी २०१७ में, आरोपी सेंसर पाल विक्की सन्यासी और दो अन्य लोगों के साथ पालम गांव में विक्की के प्रतिद्वंद्वी को मारने गया और उस पर गोलीबारी की। इसके बाद वे शॉप पर गए और शॉप के मालिक को धमकी दी कि वे सुरक्षा राशि प्रदान करें अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसके बाद वे फरार हो गए और घूमते समय पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। इन मामलों में जमानत मिलने के बाद वह कोर्ट नहीं आया और दिल्ली से भाग गया तथा उत्तराखंड में विभिन्न स्थानों पर ड्राइवर आदि के रूप में काम करता रहा।

# ई-रिक्शा चालक की पीटकर हत्या, आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में एक ई-रिक्शा चालक की पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त धर्मेंद्र यादव (३०) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के भाई के बयान पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस एक आरोपी हरिपाल सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। धर्मेंद्र यादव अपने माता-पिता, भाई जीतेंद्र यादव और बहन के साथ गोयला गांव में रहता था। वह ई-रिक्शा चलाता था, जबकि जीतेंद्र सिक्योरिटी गार्ड है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि १० जून की रात पुलिस को इंदिरा गांधी अस्पताल से सूचना मिली कि एक शख्स की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की शिनाख्त धर्मेंद्र यादव के रूप में हुई।

अस्पताल में पुलिस को मृतक का भाई जीतेंद्र यादव मिला, जिसने बताया कि उसका भाई ई-रिक्शा चलाता था। द्वारका साउथ इलाके में ९ जून को सवारी बिठाने को लेकर उसके भाई का सेक्टर १० मेट्रो स्टेशन के पास अन्य ई-रिक्शा चालकों से झगड़ा हो गया था। अन्य ई-रिक्शा चालकों ने उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसका गला सूज गया था। घटना के बाद वह उसे लेने सेक्टर १८ द्वारका आया था, जहां से दोनों भाई घर चले गए। अगले दिन रात में धर्मेंद्र की तबीयत अचानक खराब हो गई। वह उसे इंदिरा गांधी अस्पताल लेकर गया, लेकिन हालत को देखकर डॉक्टरों ने उसे डीडीयू अस्पताल ले जाने की सलाह दी। वहां से जाने के दौरान धर्मेंद्र बेहोश होकर गिर गया। डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की, जिसमें चश्मदीदों ने बताया कि धर्मेंद्र का ई-रिक्शा चालकों से झगड़ा हुआ था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच करने के बाद पांच आरोपियों की पहचान की, जिसमें से पुलिस ने एक आरोपी कुतुब विहार निवासी हरिपाल सिंह को हिरासत में ले लिया।

# अधिकारी की सूझबूझ से जालसाजी से बचा वृद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक बैंक अधिकारी की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता से ग्रेटर कैलाश में रहने वाले ८६ वर्षीय बुजुर्ग साइबर जालसाजों का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। जालसाजों ने उनकी पत्नी को झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी देकर उन्हें डिजिटली बंधक बना लिया और पैसों की मांग करने लगे।पत्नी को बचाने के लिए बुजुर्ग बैंक में जमा अपनी पांच करोड़ रुपये की एफडी तुड़वाने पहुंच गए। उनके हाव-भाव देखकर बैंक अधिकारी को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की तत्परता से बुजुर्ग ठगी का शिकार होने से बच गए। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर कैलाश निवासी एक बुजुर्ग मंगलवार को हौज खास स्थित बैंक पहुंचे और अपनी पांच करोड़ रुपये की एफडी तुड़वाने की बात करने लगे। बुजुर्ग ने एक दिन पहले ही एफडी कराई थी। ऐसे में उनके हाव-भाव देखकर बैंक अधिकारी को शक हुआ। उन्होंने बुजुर्ग को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। इस पर बैंक अधिकारी ने उन्हें यह कहकर घर भेज दिया कि पैसे उनके खाते में ट्रांसफर हो जाएंगे।

बैंक अधिकारी ने ग्रेटर कैलाश और सीआर पार्क थाने को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी बुजुर्ग के घर पहुंचे और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन बुजुर्ग उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुजुर्ग से करीब एक घंटे तक बात करने के बाद उन्हें अहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हो रही है और उन्होंने थाने से आए पुलिसकर्मियों की बात सुनी। पुलिस ने जब उनके मोबाइल फोन की जांच की तो जालसाजों ने कॉल काट दी और बुजुर्ग को भेजा गया फर्जी गिरफ्तारी वारंट भी डिलीट कर दिया।

## एक नजर

### फतेहपुर बेरी भाटी गांव में कॉलेज खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गांव फतेहपुर बेरी भाटी में दिल्ली यूनिवर्सिटी का कॉलेज खोलने की मांग को लेकर डीयू के वाइस चांसलर प्रो. योगेश सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रो. योगेश सिंह ने इस मामले में जल्दी से जल्दी उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। बिधूड़ी यह मामला संसद में भी उठा चुके हैं। बिधूड़ी ने कहा कि इस क्षेत्र में आसपास कोई कॉलेज नहीं है और दिल्ली में ३० वर्षों से डीयू का कोई कॉलेज नहीं खुला है। १९९३ से १९९८ के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने दिल्ली में १२ कॉलेज खोले थे। उसके बाद किसी सरकार ने इसपर काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि गांव फतेहपुर बेरी भाटी में कालेज खोलने के लिए ग्राम सभा ने ४० बीघा जमीन भी दे दी है। यह जमीन निशुल्क उपलब्ध कराई गई है, लेकिन उसके बावजूद कालेज खोलने में देरी हो रही है।

### एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** सामाजिक प्रभाव और सकारात्मक परिवर्तन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में पॉजिटिव बारता को एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स द्वारा एक प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान किसी एक व्यक्ति द्वारा विभिन्न मंचों पर सबसे बड़े सामाजिक सशक्तिकरण अभियान जैसी दुर्लभ और अद्वितीय श्रेणी में प्रदान किया गया। इस आयोजन में संजीव घई राष्ट्रपति भवन के प्रतिनिधि, डॉ. स्वेता झा एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की प्रतिनिधि, कैप्टन भगीरथ सामुई अर्जुन अवार्डी व पूर्व वायुसेना अधिकारी, मोहम्मद इरशाद अहमद वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट, डॉ. सुरेश सिंघवी सह-निदेशक, लिवर ट्रांसप्लांट, सर गंगाराम हॉस्पिटल, गौतम लहरी अध्यक्ष, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, एस.एच. शम्स सहित विभिन्न विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पुरस्कार प्राप्त करते हुए मालय पीत ने कहा कि मैं आभारी हूँ, लेकिन इससे भी अधिक मैं इस बात के प्रति आश्वस्त हूँ कि सबसे बेहतरीन कहानियाँ अधूरी होती हैं। पुरस्कार हमें यह याद दिलाते हैं कि हम सही रास्ते पर हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हम मंजिल पर पहुँच चुके हैं। पॉजिटिव बारता के पीछे की टीम और उससे जुड़े हजारों जीवनों के लिए यह सिर्फ एक सम्मान नहीं, बल्कि यह एक याद है कि जब मकसद कार्रवाई को दिशा देता है, तो रिकॉर्ड अपने आप बनते हैं।

### भाकियू ने किया संगठन का विस्तार



**नई दिल्ली।** प्रताप विहार में भारतीय किसान यूनियन (भानू) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महासचिव ठाकुर राजवर्धन सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष आशु ठाकुर ने की। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर कई फैसले लिए गए। बैठक के दौरान दिनेश कुमार को भाकियू भानू का महानगर महासचिव नियुक्त किया गया। वहीं खोड़ा मंडल के पद पर दिलखुश को भी घोषणा की गई जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में गाजियाबाद क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए सैकड़ो पदाधिकारिओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन की सदस्यता ली और किसान हितों की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

### इनकम रिजल्ट्स की घोषणा

**नई दिल्ली।** डिजिटल वॉलेट, वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड (मोबिक्विक) (एनएसई: मोबिक्विक/बीएसई : ५४४३०५) ने ३१ मार्च, २०२५ को समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के लिए अपने इनकम रिजल्ट्स (स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड) की घोषणा की। कंपनी ने अपने पेमेंट ळडट में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी है, जो मजबूत उपयोगकर्ता स्वीकृति, इनोवेटिव प्रोडक्ट ऑफरिंग्स और विस्तारित व्यापारी नेटवर्क पर आधारित है। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड की एग्जेकेटिव डायरेक्टर, को-फाउंडर और सीएफओ उपासना टाकू ने कहा, हमारे पेमेंट बिजनेस ने महत्वपूर्ण मजबुती दिखाई है, जो साल-दर-साल तीन गुना बढ़ रहा है।

### सभी माता-पिता चाहते हैं उनके बच्चे बड़े होकर अच्छे इंसान बनें: संत राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** फादर्स डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं। फादर्स डे के उपलक्ष्य में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरकतों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं। प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा खघ्याल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्‌गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें।

### नारायणा हॉस्पिटल में ऑडियोलॉजी वर्टिगो, एलर्जी क्लिनिक शुरू

**नई दिल्ली।** ईएनटी और एलर्जी से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने अपने अत्याधुनिक ऑडियोलॉजी एंड वर्टिगो लैब व एलर्जी क्लिनिक का उद्घाटन किया। यह नई सुविधा सुनने, संतुलन और एलर्जी संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए उन्नत जांच और इलाज के आधुनिक विकल्प उपलब्ध कराएगी। नारायणा हॉस्पिटल में यह नया क्लिनिक इन बीमारियों की समय पर पहचान और उन्नत इलाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र के विधायक मुकेश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में की।

### 500 मिलियन डॉलर का करार

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मॉन्ट वर्ट ग्रुप ने कजाकिस्तान की बिग बी कॉर्पोरेशन के साथ ५०० मिलियन डॉलर (लगभग ४,३०० करोड़) का करार किया है। इस समझौते के तहत कजाकिस्तान में एक मेडिकल यूनिवर्सिटी और मल्टीस्पेशालिटी अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के निर्माण और विकास की जिम्मेदारी मॉन्ट वर्ट ग्रुप को दी गई है। पिछले वर्ष अक्टूबर में कजाक सरकार ने अस्ताना में २४३ हेक्टेयर और अल्माटी में १०० हेक्टेयर भूमि आवंटित की थी। इस परियोजना में १०,००० छात्रों के लिए मेडिकल कॉलेज और १,००० बिस्तरों वाला मल्टीस्पेशालिटी अस्पताल शामिल होगा।



इन्दिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश वापसी के तीसरे दिन 51 बिना मेहरम की गई हज वापसी पर दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां स्वागत करती हुईं।

# चौथी हज फ्लाइट से 51 बिना मेहरम की महिला हाजी दिल्ली पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इन्दिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पिछले १२ जून से शुरू होने वाले हाजियों की देश वापसी के तीसरे दिन १४ जून को सऊदी एयरलाइंस की उड़न संख्या ३०८४ से देश लौटने वाले ४३९ हाजियों के काफिले में ५१ ऐसी महिला हाजी भी शामिल थीं जो इस साल बिना मेहरम के पवित्र हज यात्रा पर गई थीं।

दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल ३ पर उन महिला हाजियों के स्वागत के लिए दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां स्वयं मौजूद थीं और उन सभी महिलाओं को फूलों का हर पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली और हज कमेटी के अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।

हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने बताया कि इस वर्ष दिल्ली एम्बेरकेशन पॉइंट्स से बिना मेहरम के हज यात्रा के लिए जाने वाली ५१ महिलाओं में दिल्ली की २०, उत्तर प्रदेश की २२, बिहार की २, जम्मू कश्मीर की ४, पंजाब की १ और उत्तराखंड की २ महिलाएं शामिल हैं। ज्ञात हो कि महिलाओं के लिए बिना मेहरम के हज यात्रा पर जाने की शुरुआत भारत सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों से किया गया है और अब दिन प्रति दिन बिना मेहरम के हज पर जाने वाली महिलाओं की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है।

# चाकू की नोंक पर दुकानदार से लूटपाट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी डीडीए मार्केट स्थित कॉस्मेटिक्स शाप में शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे ५-६ बदमाशों ने भरे बाजार चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पहले दुकानदार के मुंह पर मुक्का मारा, इसके बाद पेट से चाकू सटाकर गल्ले से नकदी निकालकर पैदल ही फरार हो गए।

पीड़ित दुकानदार के बेटे ने बताया कि बदमाश एक-डेढ़ लाख रुपये की नकदी लूट ले गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच आरंभ कर दी है। बताया जाता है कि पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई है। पुलिस ने कैमरे का डीवीआर अपने कब्जे में ले लिया है। यह सनसनीखेज वारदात मंगोलपुरी एम-ब्लाक स्थित डीडीए मार्केट में हुई।

# विश्व योग दिवस 21 जून को विशाखपत्तनम में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इस बार आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में होने जा रहा है। २१ जून को आरके बीच पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ ४५ मिनट योग के आसन करेंगे। इस दौरान वहां पांच लाख होने के उपस्थित होने का अनुमान है।

इसके साथ आयुष मंत्रालय की तैयारी देशभर में एक लाख से अधिक जगहों पर योग सत्र का आयोजन करने की है। इसके लिए योग संगम अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों के साथ शैक्षणिक संस्थान, आरडब्ल्यूए, एनजीओ आदि पंजीकरण आयुष मंत्रालय के वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। अब तक २९ राज्यों और सात केंद्रशासित प्रदेशों से ६५ हजार से ऊपर पंजीकरण हो चुके हैं। इसमें सभी ज्यादा रजिस्ट्रेशन राजस्थान से हुए हैं। आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में फिलहाल उत्साह कम नजर आ रहा है। जबकि योग की कर्मभूमि उत्तराखंड से रजिस्ट्रेशन निराशाजनक है। १३ मार्च से शुरू हुई प्रक्रिया में १२ जून तक राजस्थान से १४,३५१ संस्थाओं की तरफ से पंजीकरण कराया जा चुका है। इसके बाद ७,४९३ तेलंगाना से, ४,९५० मध्य प्रदेश से और ४,७८२ ओडिशा से रजिस्ट्रेशन हुए हैं। उत्तर प्रदेश ४,५०४ पंजीकरण के साथ पांचवें स्थान पर है। उत्तराखंड से अब तक मात्र ७४८ रजिस्ट्रेशन हुए हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली की हिस्सेदारी सबसे अधिक रहने वाली है।

# लापता किशोर को परिजनों से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत किशोर व किशोरी को सकुशल तलाशकर परिजनों से मिलवाया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १८ मई को महरौली इलाके से १७ साल का किशोर लापता हुआ था। एसीपी अरुण चौहान की देखरेख में इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने किशार के माता-पिता, पड़ोसियों और अन्य स्थानीय लोगों सहित विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र की। जिसको इलाके से ही तलाश लिया गया।

पूछताछ करने पर पता चला कि वह कक्षा १२ का छात्र था, अपनी परीक्षा में फेल हो गया था। उसके पिता छतरपुर मंदिर में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं। अपने माता-पिता द्वारा डांटे जाने के बाद, वह बिना किसी को बताए घर से निकल गया। वह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा, दरभंगा, बिहार जाने वाली ट्रेन में सवार हुआ और अपने पैतृक गांव चला गया था। वहीं गोविंदपुरी इलाके से पिछले साल १२ सितम्बर से लापता १६ साल की किशोरी को कालकाजी मंदिर से तलाशकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# नशे की लत के चलते करने लगे अपराध, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के एम.एस. पार्क थाने के स्टाफ ने बाइक चोरी के मामले में सीसीएल सहित दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से चोरी हुई स्कूटी बरामद की है। आरोपियों में एक पहले चोरी के पंद्रह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर चोरी के कुल छह मामलों को सुलझा लिया है । आरोपी स्मैक के आदी हैं और नशे की लत के कारण, अपराध करते थे।

दिल्ली की शाहदरा जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नेहा यादव ने बताया कि ०९.जून को एक शिकायतकर्ता ने अपनी स्कूटी की चोरी के संबंध में ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई थी। अपराध की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए एसीपी सीमा पुरी की देखरेख में एम .एस पार्क थाने के एसआई अजय तोमर, एएसआई सुनील, हेड कांस्टेबल अनुज और प्रदीप की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम इलाके में कई सीसीटीवी कैमरों को स्कैन करने के बाद संदिग्ध की पहचान करने में कामयाब रही। इसके बाद मैन्युअल सत्यापन और स्रोत द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर टीम ने आरोपी रहीस (३५) और एक सीसीएल को पकड़ लिया ।

पुलिस ने उनके पास से चोरी हुई स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी रहीस पहले भी पंद्रह आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपी रहीस और सीसीएल ने बताया कि वे स्मैक के आदी हैं और नशे की लत के कारण, अपराध करते थे।

# विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति को श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए आम आदमी पार्टी सीमापुरी विधानसभा की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कैप्टन जावेद अली मार्ग सुंदर नगरी में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक वीर सिंह धिगांन ने की। इस अवसर पर दिवंगत आत्माओं की आत्मा की शांति के लिए २ मिनट का मोन धारण किया गया तथा मोमबत्ती जलाकर सभी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में निगम पार्षद रमेश बिसाइयां, जिला सचिव मतलूब राणा, विधान सभा अध्यक्ष डा. आरिफ, संगठन मंत्री अंकित माहोर, वार्ड अध्यक्ष वसीम अब्बासी, हारुन मिर्जा मुन्ना खान, कोहिनूर बाबा, सरवन कोली, शानू भाई, विनोद पाल, मास्टर इकराम, हाजी गुलजार मलिक, चंद्रपाल, जेपी लाला, शरीफ अहमद, तोफिक, सबरे आलम, रिजवान, मेहरबान, रिजाउल, बिलाल खान, फखरे आजम, रफीक, दीपक कोली, धीरज ठाकुर, निजाम, बाबा इरशाद, मोहफिल अंसारी, जमील चौधरी, आंगन लाल, डॉ दिनेश संहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# आसानी से पैसा कमाने के लिए की रॉबरी सीसीएल सहित तीन आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के सुभाष प्लेस थाने के स्टाफ ने रॉबरी का सनसनीखेज मामला सुलझाकर सीसीएल सहित तीन आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से आंशिक रूप से लूटी गई राशि ३४००/- रुपये और अपराध में इस्तेमाल की गई ०१ चोरी की बाइक और अपराध का हथियार, बरामद किया है। उन्होंने आसानी से पैसा कमाने के लिए अपराध करना शुरू कर दिया। दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि १२ जून को,सुभाष प्लेस, थाने में रॉबरी के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। इसके बाद सुभाष प्लेस थाने में मामला दर्ज कर एसीपी सुभाष प्लेस शैलेन्द्र सिंह चौहान,की देखरेख मे एसएचओ सुभाष प्लेस महेश कसाना के नेतृत्व मे टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के विश्लेषण और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी अंकित (१९),सौरव (१९) और एक सीसीएल को पकड़ लिया। पुलिस ने उनकी सरसरी तलाशी के दौरान, आंशिक रूप से लूटी गई राशि ३४००/ रुपए और अपराध का हथियार, बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने वर्तमान मामले में अपनी संलिप्तता कबूल की है।

# जलभराव की समस्या से निबटने के लिए सफाई का काम शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वार्ड ब्रह्मा पुरी में मानसून आने से पहले ही जल भराव की समस्या से निबटने के लिए छोटे नालों एवं नालियों की सफाई का काम शुरू हो चुका है यूं तो नाले व नालियों की सफाई नियमित रूप से होती रहती है लेकिन अब स्पेशल रूप से सफाई का काम चल रहा है। स्थानीय निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने बताया कि उन्होंने सफाई कर्मचारियों को खास आदेश दिया है कि क्षेत्र की सभी छोटे नाले एवं नालियों को नीचे तक से गाद निकाल कर सफाई की जाये जिससे आने वाली मानसूनी बारिश से जल भराव की समस्या पैदा न हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की किसी गली से भूले से उनके कर्मचारी नहीं पहुंचते हैं तो क्षेत्र की जनता उनका सहयोग करें यानी कि क्षेत्रीय निगम पार्षद के कार्यालय पर सूचना दें ताकि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठीक हो सकें।

# जल ही जीवन है, पानी बचाएं लोग : तिलक राम गुप्ता

**नई दिल्ली।** त्रिनगर के विधायक तिलक राम गुप्ता ने लोगों से पानी की बरबादी रोकने की अपील की है। श्री गुप्ता मधुबन चौक स्थित मधुबन अपार्टमेंट में सार्वजनिक वाटर कूलर (प्याऊ) का लोकार्पण करने पहुंचे थे। उन्होंने अपार्टमेंट निवासियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गर्मियों में प्यास से बेहाल लोगों के लिए प्याऊ लगाना सबसे बड़े पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि पानी के लिए दिल्ली दूसरे राज्यों पर निर्भर है इसलिए जल का इस्तेमाल मितव्ययता से करना चाहिए। उद्घाटन समारोह में प्रमुख गौसेवक प्रो सुरेश चंद सिंघल, समाजसेवी मोहन कुमार गर्ग, आरडब्ल्यूए की प्रधान पुष्पा भूटानी, महासचिव अविनाश बंसल, कोषाध्यक्ष सत्य नारायण गुप्ता, सदस्य अनिल जैन, अतुल सिंघल भी उपस्थित थे। अतुल सिंघल ने सोसाइटी में सीवर जाम होने, जल निकासी नहीं होने और पेड़ों की छटाई की समस्या की तरफ भी विधायक का ध्यान आकृष्ट किया।




# जीवन के सभी प्रश्नों का उत्तर आध्यात्मिकता में: अनुज दयाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की चालू वर्ष की थीम 'मेडिटेशन द्वारा विश्व एकता व विश्वास विकास परियोजना' का आज नेशनल मीडिया शुभारंभ हुआ। संस्था की स्थानीय सीरीफोर्ट इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित राजयोग शिक्षा केंद्र पर श्रमजीवी पत्रकार व मीडिया कर्मियों केलिए आध्यात्मिकता से मन की शांति, भ्रम से स्पष्टता' विषय पर आयोजित एक अनुभवात्मक कार्यशाला के साथ ही इस परियोजना का मीडिया शुभारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर अपनी आशीर्वचन देते हुए दिल्ली, यूपी, रूस व बाल्टिक देशों में स्थित ब्रह्मा कुमारी संस्था की अनेक राजयोग ध्यान केंद्रों के संचालिका राजयोगिनी बी के चक्रधारी दीदी ने कहा कि मीडिया कर्मी समाज को जागृत करता है, प्रत्येक घटना से लोगों को अवगत कराता है, सत्यता की खोज और उसे उजागर भी करता है। उन्होंने कहा कि यह समय सूचना व समाचार प्रसारण का है, जिसमें समाचार की श्रृंखला बनी रहती है। सीरीफोर्ट राजयोग केंद्र की संयोजिका बी के रमा ने सबको सामूहिक ध्यान का अभ्यास कराते हुए मन की शांति, स्थिरता व एकाग्रता का अनुभव कराया।दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने इस मीडिया सशक्तिकरण अभियान की सफलता हेतु शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि मैं ब्रह्मा कुमारी संस्था से लगभग २५ साल से सम्पर्क में हूं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

ईतहा सॉल्यूशन कंपनी की संचालिका ने

# पूर्व कर्मचारियों पर 9.50 लाख रुपये ग्राहकों से वसूलने का लगाया आरोप

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में स्थित ईतहा सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की संचालिका याशिका चौहान ने अपने तीन पूर्व कर्मचारियों समेत छह लोगों के खिलाफ कंपनी की गोपनीय नीतियों के दुरुपयोग और ग्राहकों से अवैध रूप से करीब 9.50 लाख रुपये वसूलने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी के अनुसार, विजयनगर सेक्टर-9 निवासी याशिका चौहान द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि जनवरी 2025 में उन्होंने अपने छह कर्मचारियों - वंश शर्मा, रिया राठौर, तनु चौरसिया, शावती नागर, वैभव नागर और सचिन नागर को कंपनी की आंतरिक नीतियों और गोपनीयता का उल्लंघन करने के चलते नौकरी से हटा दिया था। इसके बाद, आरोपियों ने अन्वयपैक्स वीएस-2 कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक फर्जी कंपनी बना ली और याशिका की कंपनी के ग्राहकों की सूची और कार्यनीतियों का दुरुपयोग करते हुए उन्हीं ग्राहकों से धोखाधड़ी शुरू कर दी।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने निकुंज पटेल से 1.70 लाख, संदीप रॉय से 85 हजार, स्वाति इंद्राकर से 85 हजार, सरवरनम केशवर्जन से 1.53 लाख, ऋषभ मेहता से 1.70 लाख और अमरदीप सिंह से 2.12 लाख रुपये की अवैध वसूली की। यह रकम शावती नागर और वैभव नागर के बैंक खातों में ट्रांसफर कराई गई।

जब याशिका चौहान ने इसका विरोध किया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की बात कही, तो आरोप है कि उक्त व्यक्तियों ने उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी। एसीपी ने बताया कि याशिका चौहान की शिकायत के आधार पर वंश शर्मा, रिया राठौर, तनु चौरसिया, शावती नागर, वैभव नागर और सचिन नागर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 351(2) (आपराधिक धमकी), 318(4) (आपराधिक विश्वासघात) और IT एक्ट की धारा 66D (कंप्यूटर संसाधनों के माध्यम से धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने परिवार सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से परिवार सहित भेंट की। भेंट के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने आत्मीयता पूर्वक मंत्री नरेंद्र कश्यप के परिवार के साथ सौहार्द्रपूर्ण संवाद किया। इस अवसर पर सीएम ने मंत्री कश्यप की जुड़वा नातिनों को गोद में उठाकर स्नेहपूर्वक खिलाया एवं उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मैं सीएम योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने मेरे परिवार को अपने स्नेह और आशीर्वाद से अभिसिंचित किया। सीएम का यह आशीर्वाद हमारे लिए गौरव, ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के कार्यालय पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे भी ड्रीम लाइनर विमान हादसे के दौरान मृतको की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा तथा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके परिजनो से संवेदना प्रकट की व केंद्र सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

दिल्ली से अहमदाबाद यात्रा करने वाले विमान यात्री की शिकायत के बावजूद बिना ध्यान दिए विमान को अहमदाबाद से लंदन भेजने की लिए विमान का रखरखाव करने वाली समिति को हादसे का जिम्मेदार मानते हुए अहमदाबाद में 300 से ज्यादा असामयिक दुखद मृत्यु का जिम्मेदार विमान रखरखाव समिति को राष्ट्रीय व्यापार मंडल हत्यारा मानता है इस दर्दनाक हृदय विदारक घटना के लिए विमान रखरखाव समिति पर तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग राष्ट्रीय व्यापार मंडल केंद्र सरकार से करता है तथा यदि विमान हादसे के पीछे कोई साजिश है तो तत्काल उसे बेनकाब करने की भी राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मांग की जिससे भविष्य में दुर्घटना की पुनरावृत्ति को रोका जा सके तथा जनता की रक्षा की जा सके।

श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता संदीप त्यागी रसम पंडित अशोक भारतीय काजल छिब्बर सौरभ यादव आशु पंडित मोहित मित्तल आदेश कुमार राहुल मनीष वीरेंद्र कंडेरे राहुल शर्मा राहुल त्यागी राकेश कुमार सूरज आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान अराजनैतिक के प्रदेश सचिव को फोन पर दी जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद।** शाहपुर बम्हेटा निवासी सुनील यादव को फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत उनके द्वारा वेव सिटी थाने पर की गई। उनके द्वारा पुलिस शिकायत में बताया कि उन्हें फोन पर जान से मारने की बार बार आ रही है। पुलिस को दी शिकायत में शाहपुर बम्हेटा निवासी सुनील यादव ने बताया कि उनके मोबाइल फोन पर एक व्यक्ति ने बार बार जान से मारने की धमकी दे रहा हैं। मैंने उस व्यक्ति का जब विरोध किया व उसका नाम पता करना चाहा तो उसने जान से मारने की धमकी दी। आपको बता दें कि सुनील यादव भारतीय किसान अराजनैतिक के प्रदेश सचिव है सुनील यादव ने धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ वेव सिटी थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

प्रेमी के चक्कर में पत्नी ने पति को घर से निकाला

## कमिश्नरेट में नहीं हो रही सुनवाई न्याय के लिए काट रहा चक्कर

**गाजियाबाद।** बदायूं जिले के निवासी 41 वर्षीय धीर सिंह की कहानी सुनकर कोई भी हैरान रह जाएगा। पत्नी और उसके कथित प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए वह बीते छह महीनों से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट और प्रशासनिक अधिकारियों के 100 से अधिक चक्कर काट चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिला। धीर सिंह पिछले 12 वर्षों से गाजियाबाद में रहकर बर्तन बेचने का काम करते हैं। वह बताते हैं कि खोड़ा कॉलोनी में किराये पर रहते हुए उन्हें अपनी पत्नी मिथलेश के मकान मालिक के भाई से अवैध संबंधों का संदेह हुआ। आरोप है कि पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया और उनका सारा सामान भी रख लिया।

धीर सिंह ने 22 अप्रैल 2025 को गाजियाबाद डीएम को शिकायती पत्र सौंपा और 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर स्थित जनता दरबार में अपनी आपबीती सुनाई। मुख्यमंत्री ने सहायता का आश्वासन दिया और अधिकारियों को निर्देश भी दिए, लेकिन स्थानीय पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। धीर सिंह का कहना है कि उनकी पत्नी मिथलेश अब मकान मालिक के भाई के साथ रह रही है और बार-बार उन्हें धमकियां दिलवा रही है। पत्नी कहती है कि अब तुझमें इंटरेस्ट नहीं है, और बच्चों से भी मिलने नहीं देती। पीड़ित का आरोप है कि उसकी ठेली, बर्तन और अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं भी छीन ली गई हैं, जिससे उसकी आजीविका खतरे में पड़ गई है।

धीर सिंह ने बताया कि जब वे थाने पहुंचते हैं तो पुलिसकर्मी कहते हैं कि योगी जी जांच करने नहीं आएंगे, शिकायत कहीं भी कर लो, जांच हम ही करेंगे। उन्हें न तो सामान वापस मिला, न ही पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई। पीड़ित का कहना है कि उनकी मां गांव में गंभीर रूप से बीमार हैं, लेकिन वे उनकी देखभाल भी नहीं कर पा रहे। वे खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। एक महिला द्वारा खुद को डीएम बताकर उन्हें धमकाने का भी आरोप उन्होंने लगाया है। गाजियाबाद में मैं अफसरों के चक्कर काट-काट कर थक चुका हूं।

## विमान हादसे के मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान कैश होने तथा उसमें मारे गए ढाई सौ से भी अधिक लोगों की मृत्यु होने पर लोगों ने भारी शोक जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। नगर के वरिष्ठ सपा नेता मुनव्वर अली ने कहा कि यह विमान हादसा बड़ी ही दुखद घटना है। इस घटना में काफी संख्या में लोग मारे गये हैं। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। नगर के सपा नेता शहजाद अंसारी ने भी विमान हादसे पर भारी दुख जताया। उन्होंने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तहसील के ग्राम सभाचंदपुर भरैका में शोकसभा में संदीप आर्य, राजकुमार कश्यप, चौ. विदेश पाल, सुरेंद्र कश्यप, जितेन्द्र सिंह रवि ने विमान क्रैश होने पर दुख जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोहा मंडी प्रदेश कार्यालय अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की संगठन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अहमदाबाद में प्लेन दुर्घटना को लेकर मौन रखा गया दिवंगत आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौहान और प्रदेश अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने गाजियाबाद शहर में व्यापारियों की समस्या के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर समस्या के निदान के लिए बात की। राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू ने भी अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया अगले कुछ दिनों में शहर में व्यापारियों की समस्या आरडीसी में ट्रैफिक से संबंधित मुद्दों पर जिलाधिकारी महोदय से मिलकर व्यापार मंडल की तरफ से क्या-क्या मुद्दे रखे जाने उसे पर चर्चा की आए हुए सभी व्यापारी साथियों ने अपने-अपने सुझाव दिये जिलाधिकारी महोदय से जब मिल जाएगा सभी मुद्दो पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद चौधरी राष्ट्रीय सचिव भूपेंद्र डबास प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान जिला उपाध्यक्ष सोनवीर चौधरी एवं अन्य प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## टीला मोड़ क्षेत्र में संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र के इन्द्रप्रस्थ आवासीय कॉलोनी में शनिवार को एक संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। यहां राहगीरों को सड़क किनारे पन्नी में लिपटा एक शव दिखाई दिया, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को शव को आवारा कुत्ते नोचते हुए मिले। पुलिस ने तत्काल कुत्तों को भगाकर शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। शव सड़ चुका था, जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि मृत्यु कई दिन पहले हुई होगी।

पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या कहीं और की गई और शव को पहचान छिपाने के लिए इस इलाके में लाकर फेंका गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जिससे मौत के कारणों और समय का स्पष्ट पता लगाया जा सके। फिलहाल, टीला मोड़ थाना पुलिस मृतक की शिनाख्त और हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि घटना की कड़ी से कड़ी जोड़ी जा सके।

## भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे हेड कॉन्स्टेबल सचिन दहिया लाइन हाजिर

**एडिशनल पुलिस कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश**

**गाजियाबाद।** ट्रैफिक पुलिस में तैनात हेड कांस्टेबल सचिन दहिया को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मामले की जांच एसीपी ट्रैफिक को सौंपी गई है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। करीब डेढ़ साल पहले तत्कालीन पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्राने भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते ट्रैफिक कार्यालय में तैनात मुंशी सचिन दहिया को हटा दिया था और उनकी तैनाती चौराहे पर ड्यूटी पर कर दी गई थी। आरोप था कि वे ड्यूटी चार्ट में मनमर्जी, सीज वाहनों को छोड़ने और अवैध वसूली जैसी गतिविधियों में शामिल थे। हाल ही में गाजियाबाद के नए पुलिस कमिश्नर रविंदर गौड़ की नियुक्ति के बाद एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने सचिन दहिया को फिर से अपने कार्यालय में 'मेजर मुंशी' के रूप में तैनात कर दिया। इससे विभाग के अंदर फिर से चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सचिन दहिया के पास करीब 80,000 रुपये की घड़ी और दो आईफोन पाए गए है, जिससे उनके रहन-सहन पर भी सवाल उठे हैं। यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद और गंभीर हो गया। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस विभाग लंबे समय से विवादों और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा रहा है। सीज वाहनों से अवैध वसूली, ड्यूटी में पक्षपात और आंतरिक सेटिंग जैसे कई मुद्दों को लेकर समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। एसीपी ट्रैफिक को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

## अश्लील वीडियो बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो युवतियां और एक युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बजरिया क्षेत्र स्थित एक होटल में अश्लील वीडियो बनाकर ऑनलाइन प्रसारित करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से दो युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि गिरोह के तीन सदस्य फरार हैं। छापेमारी के दौरान होटल के कमरे से दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, दो सेक्स वाइब्रेटर और कुछ मास्क बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह द्वारा युवतियों को 20 से 25 हजार रुपये मासिक वेतन पर रखा जाता था और उनसे एक विदेशी वेबसाइट पर अश्लील वीडियो की लाइव स्ट्रीमिंग कराई जाती थी। साइबर क्राइम थाना को सूचना मिली थी कि बजरिया स्थित महादेव होटल में कुछ युवक-युवतियां कमरा किराए पर लेकर अश्लील वीडियो बना रहे हैं। पुलिस ने मौके पर छापा मारा, जहां होटल के कमरे में दो युवतियां अर्द्धनग्न अवस्था में पाई गईं। मौके से मोहित कुमार (निवासी रोजी कॉलोनी) को गिरफ्तार किया गया। प्राथमिक पूछताछ में मोहित ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर यह अवैध गतिविधि चला रहा था। अश्लील वीडियो से होने वाली कमाई को सभी मिलकर बांटते थे, और युवतियों को तय वेतन दिया जाता था।

पुलिस के अनुसार, यह वेबसाइट विदेश से संचालित हो रही है और इस पर एक साथ कई युवतियां लाइव होती हैं। वीडियो देखने के लिए दर्शकों को 'टोकन' लेना होता है, जिसकी कीमत लगभग 100 रुपये प्रति मिनट होती है। अधिकतर युवतियां फर्जी नामों से आइडी बनाकर अपनी पहचान छिपाकर वीडियो बनाती थीं। पुलिस अब इस गिरोह के वित्तीय नेटवर्क की जांच में जुटी है। यह पता लगाया जा रहा है कि अश्लील वीडियो से होने वाली कमाई किन खातों में जमा हो रही थी। फरार आरोपितों में अनुज त्यागी (निवासी पंचशील कॉलोनी, लालकुआं), राज (निवासी द्वारका, दिल्ली) और एक अज्ञात युवती शामिल हैं। अनुज त्यागी को गिरोह का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। होटल संचालक मधुप सिंह ने बताया कि युवक-युवती खुद को पति-पत्नी बताकर 4 जून से होटल में कमरा ले रहे थे। दोनों ने यह भी बताया था कि उन्होंने आर्य समाज मंदिर में चोरी-छिपे शादी की है। मामले में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई और गिरोह का पर्दाफाश हुआ है।

## दिल्ली एमसीडी कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत

दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मिला शव

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के कादराबाद गांव निवासी और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कार्यरत 58 वर्षीय ब्रजेश कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

उनका शव दिल्ली-मेरठ मार्ग पर संतपुरा कॉलोनी के पास सड़क किनारे मिला। परिजनों के अनुसार, ब्रजेश कुमार दो दिन पहले ड्यूटी पर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया।एसीपी मोदीनगर ने बताया कि सुबह संतपुरा कॉलोनी के पास सड़क पर एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त ब्रजेश कुमार के रूप में की। प्रारंभिक जांच में मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## एसडीएम ने पालिका को दिये अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**नजीबाबाद।** एसडीएम विजय शंकर ने नगर पालिका को नगर के मुख्य बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण व जाम की समस्या को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाकर इन स्थानों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिये है। एसडीएम ने तहसीलदार अमित कुमार की उपस्थिति में नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मुक्ता कुमारी से अतिक्रमण व ई- रिक्शाओं के मनमाने ढंग से संचालन के कारण बाजारों में लगने वाले जाम को देखते हुए पालिका से जल्दी ही अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये है।

## दो शातिर चोरों को दबोचा, 16 मोबाइल फोन और चोरी की बाइक बरामद

**गाजियाबाद।** कोतवाली नगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए रामलीला मैदान के गेट नंबर-2 के पास दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह कामयाबी मुखबिर की सटीक सूचना पर मिली। आरोपियों के कब्जे से कुल 16 मोबाइल फोन, चोरी की दो मोटरसाइकिल और 2000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोरों की पहचान अयूब पुत्र जहीर (23 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर-3, मोहल्ला वाजीरगंज, थाना डासना, वेव सिटी और शहनवाज पुत्र सलीम (22 वर्ष), निवासी वही मोहल्ला व थाना क्षेत्र के रूप में की गई है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे विजयनगर क्षेत्र से बाइक चोरी करते थे और राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीन लेते थे। ये लोग चोरी के मोबाइल फोन को बेचने के लिए स्टेशन और मेट्रो स्टेशन के आसपास मंडराते थे, ताकि जल्दी से जल्दी नकदी में बदल सकें। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है और पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरोह से जुड़ी और भी वारदातें जल्द सामने आ सकती हैं। कोतवाली नगर पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## विमान हादसे के प्रति नितेश कुमार सिंह ने जताई गहरी संवेदना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गुरुवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष व गौ रक्षनण ट्रस्ट के महासचिव नितेश कुमार सिंह ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। दुर्घटना को लेकर उन्होंने कहा की सैकड़ों लोगों का यूं अचानक चले जाने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक और हृदय विदारक है। इस दुखद दुर्घटना में जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं।

ईश्वर शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें और सभी घायलों को शीघ्र पूर्ण स्वास्थ्य लाभ दे। हम सबकी प्रार्थनाएँ उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 अत्यंत कष्टप्रद रहा है। पहले पहलगाम हमला, फिर आईपीएल सेलिब्रेशन के दौरान भगदड़ और अब एयर इंडिया प्लेन क्रैश में इतने लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाना यह सब अत्यंत पीड़ादायक है।



## डीजेजेएस ने किया तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सामाजिक प्रकल्प "मंथन ख्र संपूर्ण विकास केंद्र" के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का तृतीय एवं अंतिम दिवस बच्चों के सर्वांगीण मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास को केंद्र में रखते हुए विविध रचनात्मक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं ष्इतनी शक्ति हमें देना दाताष प्रार्थना से की गई। तत्पश्चात् बच्चों के शारीरिक विकास हेतु योग एवं व्यायाम कराए गए। बॉल पासिंग जैसी टीम एक्टिविटी द्वारा बच्चों ने संतुलन व एकता की भावना सीखी।

वेदों के आधार पर तृतीय नेत्र में निहित ब्रह्मज्ञान के महत्व को सरल व प्रेरक शैली में समझाया गया। साथ ही अंगुलिमाल के उदाहरण द्वारा यह बताया गया कि किस प्रकार एक हिंसक डाकू आत्मज्ञान द्वारा एक शांतिप्रिय एवं समाजसेवी व्यक्ति बन सकता है। इसके पश्चात, महात्मा बुद्ध और नचिकेता की प्रेरणादायी कथाओं के माध्यम से संयम, धैर्य एवं जिज्ञासा जैसे गुणों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के मध्य कुरुक्षेत्र में हुए ब्रह्मज्ञान-आधारित संवाद को बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिससे वे आत्मबोध की दिशा में पहला कदम रख सकें। वैदिक ग्रंथों के आधार पर यह भी बताया गया कि ब्रह्मज्ञान ही विश्व शांति का मूल साधन है, और यही भारत को पुनः "विश्वगुरु" की उपाधि प्रदान कर सकता है। इस शिविर में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्याएं ख्र साध्वी श्वेता भारती, साध्वी वंदना भारती, साध्वी वसुधा भारती, साध्वी हेमा भारती, साध्वी ज्योति भारती एवं साध्वी मेघा भारती ख्र की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने प्रत्येक प्रतिभागी को प्रशस्ति-पत्र, उपहार एवं पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा स्वरूप एक पौधा भेंट किया। कार्यक्रम का समापन सभी के सामूहिक साधना में सहभागिता एवं समाज कल्याण हेतु सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। अंत में प्रसाद वितरण के साथ इस प्रेरणादायी शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया



# रिजिजू ने ई-विधान परियोजना की रखी आधारशिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में दिल्ली विधानसभा में ई-विधान (पेपरलेस विधानसभा) परियोजना की आधारशिला रखी। यह कार्यक्रम विधायी शासन के डिजिटलीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।दिल्ली विधान सभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट,दिल्ली सरकार के उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री श्री मंजींदर सिंह सिरसा और मुख्य सचेतक अभय वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा,कि "दिल्ली विधानसभा में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखना तकनीकी दक्षता और पारदर्शिता को अपनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। देश के कई राज्यों ने पहले ही इस प्रणाली को सफलतापूर्वक अपनाया है और अब दिल्ली का इस राष्ट्रीय पहल से जुड़ना उत्साहवर्धक है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल कागज रहित व्यवस्था की बात नहीं करती, बल्कि विधायी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जन भागीदारी, दक्षता और डिजिटल सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

रिजिजू ने आगे कहा कि देश के कई राज्यों में ई-विधान प्रणाली पहले ही सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है और अब दिल्ली भी इस दिशा में गंभीर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की विशेष प्रशासनिक संरचना को देखते हुए यह डिजिटल परिवर्तन विशेष महत्व रखता है। यह परियोजना केवल कागज रहित प्रक्रिया नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जन भागीदारी, दक्षता और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

गुप्ता ने आगे कहा कि दिल्ली विधानसभा को संसदीय कार्य मंत्रालय (डवच।) से ९ करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी, जिसकी पहली किस्त के रूप में १ करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहले ही प्राप्त हो चुकी है।इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इसे विधानसभा की कार्यप्रणाली को अधिक दक्ष, पारदर्शी और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिससे विधानसभा की कार्यवाही डिजिटली संचा. लित होगी और विधायकों को कार्य से जुड़ी सूचनाएं रियल टाइम में डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगी।

अध्यक्ष ने जानकारी दी कि २२ मार्च २०२५ को संसद कार्य मंत्रालय, जीएनसीटीडी और दिल्ली विधानसभा सचिवालय के बीच त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिल्ली विधानसभा देश की पहली ऐसी विधानसभा बनने की दिशा में अग्रसर है जो पूर्णतः नवीकरणीय ऊर्जा पर संचालित होगी। इसके लिए ५०० किलोवॉट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जा रही है। साथ ही, पारंपरिक पुस्तकालय को एक आधुनिक ई-लाइब्रेरी में परिवर्तित करने और मानसून सत्र से पूर्व विधान सभा के सदन का नवीनीकरण का कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है।

## सिसोदिया ने प्राइवेट स्कूलों को माफिया का अड्डा बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री सीएम मनीष सिसोदिया ने प्राइवेट स्कूलों की बात करते हुए एक बार फिर रेखा सरकार को घेरा है। सिसोदिया का कहना है कि भाजपा सरकार मे प्राइवेट स्कूल माफिया के अड्डे बनते जा रहे हैं। आप नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म एक्स पर एक यूजर द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सरकार पर हमला बोला है। एक्स पर एक यूजर ने वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया कि प्रशांत विहार के एक स्कूल में बच्चों को छुट्टी के बाद जबरन रोके रखा गया क्योंकि वे स्कूल वैन से नहीं आते। जिसके बाद आप नेता मनीष सिसोदिया ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, श्दिल्ली में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को छुट्टी के बाद स्कूल में रोककर रखने की सजा दी गई। इसलिए क्योंकि उनके माता-पिता स्कूल वैन के नाम पर प्राइवेट स्कूल की से लूट बचाना चाहते हैं और खुद उन्हें स्कूल छोड़ने आते हैं।

# थाने से ढाई करोड़ की हेरोइन गायब, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किशनगढ़ थाने से करीब ढाई करोड़ रुपये की हेरोइन रहस्यमय तरीके से गायब होने के मामले में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। किशनगढ़ थानाध्यक्ष श्रीनिवास राजोरा को लाइन हाजिर कर जिला उयायुक्त कार्यालय भेज दिया गया है। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमित गोयल ने जांच के आदेश दिए हैं। मामले ने जब तूल पकड़ा और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, तो किशनगढ़ थाना पुलिस ने इस ड्रग्स को एक सुनसान जगह से बरामद कर लिया। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ९-१० जून की रात मुनिरका में रहने वाले नेपाली युवा प्रकाश की हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच थानाध्यक्ष राजोरा ने इंस्पेक्टर जगजीवन राम को सौंपी। इसे लेकर थानाध्यक्ष व इंस्पेक्टर जगजीवन के बीच काफी कहा-सुनी हुई। जगजीवन का कहना था कि उन्हें हत्या के दो मामले पहले ही जांच के लिए दिए गए हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने मामले की जांच शुरू की। उन्हें मृतक प्रकाश के कमरे से करीब डेढ़ से दो किलो हेरोइन मिली थी, जिसकी कीमत ढाई करोड़ बताई जा रही है। यह हेरोइन इंस्पेक्टर ने बीट वाले पुलिसकर्मियों को सौंप दी। सूत्रों ने दावा किया कि जब्त हेरोइन अचानक गायब हो गई। इस पर जब इंस्पेक्टर जगजीवन ने जांच शुरू की तो थानाध्यक्ष ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बीट स्टाफ ने भी जानकारी होने से इनकार कर दिया। इंस्पेक्टर ने जानकारी एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव को दी। मामला डीसीपी अमित गोयल तक पहुंचा। हालांकि एक दिन बाद हेरोइन बरामद हो गई। जांच के बाद थानाध्यक्ष राजौरा को लाइन हाजिर कर दिया गया। उनकी सरक. ारी गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रकाश मादक पदार्थों की सप्लाई कर रहा था। वह दिल्ली से बंगलूरू मादक पदार्थ खासकर हेरोइन ले जाता था। पुलिस को उसके कमरे से बंगलूरू का हवाई टिकट मिला है।

# सिसोदिया के बयान को झूठ का पुलिंदा कहा

**शाह टाइम्स संवाददात**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया से लेकर आतिशी मार्लेना एवं सौरभ भारद्वाज तक पूरी आम आदमी पार्टी ने 10 साल की सत्ता के दौरान शिक्षा सुधार एवं प्राइवेट स्कूल फीस जैसे संवेदनशील मुद्दों पर घड़ियाली आंसू बहाये और आज भी कुछ बड़े प्राइवेट स्कूलों की मैनेजमेंट से सांठगांठ में हैं और उनके इशारे पर भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार द्वारा फीस नियंत्रण कानून पर भ्रम फैला रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की मनीष सिसोदिया का आज का ब्यान एक झूठ का पुलिंदा है।

उन्होंने कहा कि सिसोदिया बतायें की यदि उनकी सरकार ने कथित शिक्षा माफिया पर कोई लगाम लगाई थी तो वो इतनी कमजोर क्यों थी की वह उनके जाते ही टूट गई। यदि कोई कानून था तो इतना कमजोर कैसे निकला - सच यह है केजरीवाल सिसोदिया सरकार ने प्राइवेट स्कूलों पर लगाम लगाने के लिए कभी कोई कानून बनाया सी नही।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की सच यह है की केजरीवाल के दस साल के शासन में सभी छोटे बड़े प्राइवेट स्कूलों की फीस दो से चार गुना बढ़ाई और जो स्कूलों को लेकर मुकदमे चल रहे हैं।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह भाजपा सरकार की स्कूल फीस पर छात्रों एवं अभिवावकों के प्रति संवे. दनशीलता है की रेखा गुप्ता सरकार चार माह से कम समय में ऐसा कानून लाई है जिसके चलते कोई भी प्राइवेट स्कूल अभिवावकों की सहमति के बिना स्कूल फीस में कोई वृद्धि नही कर सकेंगे। सच यह है की केजरीवाल - सिसोदिया ने प्राइवेट स्कूलों पर कोई लगाम नही लगाई, उनके विरूद्ध कोई कानून नही बनाया और आज जब भाजपा सरकार ने फीस रेगूलेशन पर कानून बनाया है तो पूरी आम आदमी पार्टी बड़े प्राइवेट स्कूलों के इशारे पर भ्रम फैला रही है।

उन्होंने कहा है की भाजपा सरकार ने एक संवेदनशील सरकार की तरह हर प्राइवेट स्कूल में फीस वृद्धि पर निर्णय के लिए ५ अभिभावकों सहित ११ सदस्य कमेटी बनाई है और स्कूल तभी फीस बढ़ा सकेंगे जब कमेटी एकमत होगी।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की बेहतर होगा की मनीष सिसोदिया बड़े बड़े प्राइवेट स्कूलों के इशारे पर प्रोपेगैंडा करने के अपने द्वारा सरकारी स्कूलों में किये स्कूल रूम घोटाले पर ए.सी.बी. के सवालों का जवाब दें।




**केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ई-विधान परियोजना आधारशिला रखते हुए इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।**

# अब नई आबकारी नीति पारदर्शी सिस्टम बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार जल्द ही नई आबकारी नीति लाने जा रही है। इसका उद्देश्य राजधानी के नागरिकों को क्वॉलिटी वाली शराब उपलब्ध कराने, शराब की बिक्री एवं वितरण प्रणाली को पारदर्शी, आधुनिक और उत्तरदायी बनाना है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि नीति का कोई भी पक्ष समाज के संवेदनशील वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शांति से समझौता न हो। सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति यह नीति तैयार कर रही है। समिति कई राज्यों की आबकारी नीति की भी समीक्षा कर रही है ताकि शराब के सही वितरण के अलावा सामाजिक सुरक्षा को भी सर्वोच्च् प्राथमिकता दी जा सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि नई नीति के तहत आबकारी व्यवस्था में सुधार के अनेक बिंदुओं को शामिल किया जा रहा है, जिनमें शराब की गुणवत्ता का वैज्ञानिक परीक्षण, बिक्री प्रणाली का डिजिटलीकरण, अवैध बिक्री पर रोक, और लाइसेंसिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि नई शराब नीति बनाने के लिए दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव धर्मेंद कुमार की अध्यक्षता में एक समिति कार्य कर रही है, जिसमें सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि उच्चस्तरीय समिति संबंधित पक्षों (हितधारकों) से विचार- विमर्श करने और अन्य राज्यों में अपनाई गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के उपरांत एक नई आबकारी नीति का प्रस्ताव तैयार कर रही है। यह कार्य ३० जून तक पूरा किया जाएगा। यह समिति दिल्ली सरकार की वर्तमान और पूर्व आबकारी नीतियों की समीक्षा करेगी। समिति को आवश्यक प्रशासनिक सहयोग आबकारी विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह समिति अपनी नीतिगत सिफारिशें सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगी, ताकि उस पर उपयुक्त निर्णय लिया जा सके।मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि हम दिल्ली की जनता के विश्वास को सर्वोपरि मानते हैं। पिछली गलतियों से सबक लेते हुए हम एक ऐसी आबक. ारी नीति लाने जा रहे हैं जिसमें किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार की कोई संभावना नहीं छोड़ी जाएगी। शराब के दुरुपयोग को रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाए जाएंगे और सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन पर निगरानी कड़ी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों की आबकारी नीति के अध्ययन का उद्देश्य यह है कि दिल्ली में लागू होने वाली नई नीति में उन सभी सफल मॉडलों को शामिल किया जाए, जिन्होंने अन्य राज्यों में राजस्व वृद्धि, अवैध शराब पर नियंत्रण, उपभोक्ता सुरक्षा और सामाजिक संतुलन जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली परिणाम दिए हैं।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि नई आबकारी नीति में सामाजिक सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि नीति का कोई भी पक्ष समाज के संवेदनशील वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले। इस दृष्टिकोण से यह नीति सिर्फ एक वित्तीय दस्तावेज न होकर, सामाजिक संतुलन व उत्तरदायित्व पर भी बल देगी। नई नीति में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शांति से कोई समझौता न हो। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार की भ्रष्ट आबकारी नीति की की कड़ी आला. ेचना की।

# विक्की संन्यासी गैंग का करीबी यूपी से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर विक्की सन्यासी गैंग के करीबी बदमाश सेंसर पाल सिंह उर्फ बबलू को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिये लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर गौतम मलिक के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को हापुड़-मोदीनगर रोड पर घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह विक्की उर्फ सन्यासी समूह का सक्रिय सदस्य है, जो एक हत्या के मामले में अपने दो भाई के साथ आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और उसका अपराध का लंबा इतिहास है। आरोपी सेंसर पाल तब से फरार था और अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपी २०१५ में आकर आईजीआई एयरपोर्ट पर ग्राउंड वर्कर के रूप में काम करता था और पालम इलाके में रहता था।

वह विक्की सन्यासी के संपर्क में आया और उससे प्रभावित होकर उसके गिरोह में शामिल हो गया। फरवरी २०१७ में, आरोपी सेंसर पाल विक्की सन्यासी और दो अन्य लोगों के साथ पालम गांव में विक्की के प्रतिद्वंद्वी को मारने गया और उस पर फायरिंग की। इसके बाद वे पालम में विशाल मेगा मार्ट शॉप पर गए और शॉप के मालिक को धमकी दी कि वे सुरक्षा राशि दें या गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

## निगम में 12 सूत्री संकल्प पत्र को चरणबद्ध तरीके से लागू करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** निगम में स्थायी समिति अध्यक्ष व मेयर पद पर काबिज होने के बाद भाजपा ने अब अपने १२ सूत्री एजेंडे को लागू करने की दिशा में काम शुरू करने का निर्णय लिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और मेयर व स्थायी समिति अध्यक्ष के बीच इस संबंध में अगले कुछ दिनों में अहम बैठक प्रस्तावित है, जिनमें घोषणाओं को लागू करने की रूपरेखा तय होगी। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि दिसंबर २०२२ में किए गए वादे को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही परिणाम देखने को मिलेंगे। पार्टी के १२ सूत्री संकल्प पत्र को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

# गार्ड को चाकू मार अधमरी हालत में सड़क पर छोड़कर लूटकर हुए थे फरार, पकड़े गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस इलाके में बीते वीरवार रात को बाइक सवार बदमाशों ने एक गार्ड को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गार्ड से बदमाश दस हजार रुपये लूटकर फरार हो गए थे। वारदात में शामिल अंकित और सौरव और उसके एक नाबालिग साथी को पुलिस ने पकड़ा है। जिनके कब्जे से लूट की रकम में से ३४ सौ रुपये,वारदात में इस्तेमाल चाकू और चोरी की बाइक जब्त की है। दोनों आरोपी पहले भी कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वीरवार रात नेताजी सुभाष पैलेस पुलिस को जिला पार्क, मेन रोड, एनएसपी टू कोहाट एन्क्लेव, पीतमपुरा के सामने एक व्यक्ति को चाकू मारकर लूटने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची।

सड़क पर काफी खून बिखरा हुआ था। पता चला कि व्यक्ति को भगवान महावीर अस्पताल, पीतमपुरा में भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। घायल युवक की पहचान मोहम्मद सबील के रूप में हुई। पता चला कि वह एक नाइट गार्ड के रूप में काम करता है और एक स्टॉल भी चलाता है, और पिछले १४ वर्षों से दिल्ली में रह रहा है। वारदात के वक्त वह जब वह जिला पार्क, पीतमपुरा के पास था, तो मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात लडकों ने उस पर हमला किया। लडकों ने उसके हाथ में चाकू घोंपा और मौके से भागने से पहले उसकी जेब से दस हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ महेश कसाना के निर्देशन में एसआई नीरज कुमार, एसआई परवीन, एसआई योगेश, हेड कांस्टेबल विशाल, मदन लाल,दरवेश, और कांस्टेबल मोहित को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली सचिवालय में 'लैंडस्केपिंग के मूल सिद्धांत' नाम पुस्तक के विमोचन करती हुईं।**

# दीवारों को बदरंग होने से बचाने को आदेश जारी करेंगे: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि वह राजधानी को सही मायनों में दिलवालों की दिल्ली बनाना चाहती हैं, जिसमें दिल्ली साफ-सुथरी हो, यमुना स्वच्छ व निर्मल हो और दिल्ली हरी-भरी नजर आए। इसके लिए जरूरी है कि कुछ विशेष कदम उठाए जाएं। हम चाहते हैं कि दिल्ली की दीवारें पेंटिंग आदि से गंदी न हो। उस पर पोस्टर न चिपके। हम इसकी इजाजत नहीं दे सकते। इसको लेकर हम जल्द ही सख्त आदेश जारी करेंगे। उन्होंने दिल्लीवालों से अपील की कि वे दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने में पूरा योगदान दें। मुख्यमंत्री ने यह विचार आज दिल्ली सचिवालय में 'लैंडस्केपिंग के मूल सिद्धांत' नाम पुस्तक के विमोचन पर व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा, पुस्तक के लेखक अजय कुमार कौशिक, दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर रोबिन हिब्बू व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में दिल्ली को स्वच्छ बनाने को लेकर मुख्यमंत्री ने अपने दिल के विचार व्यक्त किए और कहा कि शहर सरकार का नहीं होता, वह समाज और लोगों का होता है।

सरकार किसी भी शहर को लोगों की भागीदारी के बिना स्वच्छ नहीं कर सकती। सबके मन में यह भाव है कि यमुना मैया स्वच्छ दिखे, दिल्ली हरी-भरी नजर आए और साफ-सुथरी भी दिखे। उनकी इच्छा है कि दिल्ली वाकई दिलवालों की दिल्ली बने। इसके लिए सभी को मिल-जुलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की दीवारें गंदी नजर आ रही हैं। वहां पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं। वॉल पेंटिंग से उन्हें बदरंग किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि ऐसा न हो। इसकी रोकथाम के लिए हम जल्द ही सख्त आदेश जारी करेंगे।

# घर की जाली से करती थीं स्मैक की सप्लाई, तीन महिलाएं पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी पुलिस ने दो सगी बहनों समेत तीन महिलाओं को ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है,जिनके कब्जे से एक लाख रुपये की स्मैक व नकदी बरामद की है। पुलिस आरोपियों से उनके सॉर्स के बारे में जानकारी लेने की को. शिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगोलपुरी पुलिस को ई-ब्लॉक में स्थित घर से स्मैक सप्लाई करने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी करके दो सगी बहनों और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि पकड़ी गई महिलाओं में से दो एक नामी ड्रग तस्कर की बेटियां हैं और थाना मंगोलपुरी के एक सक्रिय बदमाश (बीसी) हैं। तीनों महिलाओं के कब्जे से २६ ग्राम, ४२ ग्राम और २४ ग्राम स्मैक बरामद की गई। दोनों बहनें सक्रिय रूप से ड्रग तस्करी में लिप्त थीं और स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के रूप में काम करती थीं, जो इलाके में ड्रग एडिक्ट्स के एक नेटवर्क की सेवा करती थीं। तीसरी महिला, जिसकी पहचान उनकी सहयोगी के रूप में हुई है, एक अधीनस्थ भूमिका में कार्यरत थी और मुख्य रूप से उनकी ओर से नशीले पदार्थों की बिक्री और वितरण में सहायता करने के लिए एक मजदूर के रूप में इस्तेमाल की जाती थी। यह भी पता चला कि उसने न केवल अपनी बेटियों को बल्कि अन्य महिलाओं को भी नशीले पदार्थों के वितरण में शामिल किया था। ड्रग्स की सप्लाई उसके घर की जालीदार खिडकी के जरिए की जाती थी, जहाँ से वह चुपके से नशे के आदी लोगों को नशीले पदार्थ सौंपती थी और बदले में पैसे लेती थी।

# 'आप' ने कांग्रेस -भाजपा पर लगाया मिली भगत का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और बीजेपी पर मिलीभगत करने का आरोप लगाया है। आप नेता अनुराग ढांडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग में दाखिल किए गए आंकड़ों से साबित हो गया है कि कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलीभगत से दिल्ली में चुनाव लड़ रही थी। उन्होंने कहा कि सभी सर्वे में साफ था कि चुनाव में कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिलेगी, लेकिन कांग्रेस को ४४ करोड़ का नकद चंदा दिया गया, जबकि आप को मात्र २००० रुपये और बीजेपी को जीरो रुपए का नकद चंदा मिला। यह दर्शाता है कि दोनों दलों के बीच मिलीभगत थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आम आदमी पार्टी से ४ गुना ज्यादा पैसा चुनाव के दौरान नकद चंदे के रूप में मिला है, जबकि पिछली बार कांग्रेस को एक रुपये भी नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ४४ करोड़ रुपये का नकद चंदा मिला लेकिन इसके बाद भी किसी एजेंसी ने जांच तक नहीं की। यह बताता है कि दोनों पार्टियों में जबरदस्त जुगलबंदी चल रही है। एक तरफ बीजेपी कांग्रेस पार्टी के नेताओं और गांधी परिवार के सदस्यों को बचाती है।

## रकम बंटवारा से पहले ही पकड़े

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में बीते शुक्रवार की रात कॉसमैटिक्स की दुकान में घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने चाकू मारने की धमकी देकर लूटपाट की थी। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थी। वारदात के कुछ ही घंटे बाद पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों में से नाबालिग समेत पांच को पकड़ा है।

# कोई कहे कि पापा की बीमा पॉलिसी का बोनस आया है , तो हो जाएं सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अगर आपके फोन पर कोई अंजान फोन करके खुद को किसी पॉलिसी कंपनी का अधिकारी बताता है तो उससे सावधानी से बात करें। ऐसे में वो जो बोल रहा है और जो करने के लिये कह रहा है। उसको तुरंत न करें। जल्दबाजी का परिणाम हो सकता है कि आप अपने ही हाथों से सकैमर्स के बैंक खातें में रुपये डाल दें। जब समझ आए तब तक सब कुछ खत्म हो जाए। सनमाल विहार शाहदरा की रहने वाली एक कृति गुप्ता नामक लडकी के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है। शाहदरा साइबर थाना पुलिस मामला दर्ज करके स्कैमर्स तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पीडिघ्ता से फोन नंबर,बैंक खाते की डिटेल लेकर ली गई है। शिकायतकर्ता कृति गुप्ता ने बताया कि बीते शुक्रवार शाम पांच बजकर २० मिनट पर अंजान नंबर से फोन आया था। कॉलर ने खुद को एलआईसी का अधिकारी राकेश बताया। कॉलर ने बताया कि आपके पिता की बीमा पॉलिसी का बोनस आया है। जिसमें आप नोमिनी हो।

इस बारे में उसको कुछ पता नहीं था। फिर भी कॉलर की बात पर विश्वास कर लिया। क्योंकि इस बार पैसे जा नहीं रहे थे आ रहे थे। इसलिये कुछ शक भी नहीं हुआ। कॉलर ने एक एसएमएस से दस हजार रुपये का मैसेज भेजा। जिसको देखकर विश्वास भी हो गया था। कुछ मिनट बाद एक ओर इसी तरह का मैसेज आया। जिसमें ३० हजार रुपये आए थे,लेकिन कुछ सैकेंड बाद ही कॉलर ने फोन किया। कॉलर ने बोला कि गलती से तीस हजार रुपये आपके खाते में आ गए हैं। असल में तीन हजार रुपये आपको भेजने थे। आप २७ हजार रुपये वापिस भेज दीजिए। ५ बजकर २४ मिनट पर यूपीआई के माध्यम से २७ हजार रुपये वापिस भेज भी दिये। कॉलर ने बताया की पेमेंट किसी वजर से फेल हो गई है। आप दोबारा से रुपये भेज दीजिए। इसी तरह से पांच बजकर ४२ मिनट पर इसी तरह से उसको बोला गया और उसने वैसा ही किया। लेकिन चौथी बार जब स्कैमर ने उसको बोला तो शक हुआ। खाते से ८१ हजार रुपये निकल गए थे। जब पैसे वापिस करने के लिये सकैमर को बोला,फोन स्वीच ऑफ कर लिया। जब बैंक स्टेटमैंट निकाली,पता चला कि एसएमएस फर्जी थे।

# पशु व्यापारियों से उगाही करने वाला गिरफ्त में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ट्रांसपोर्टरों और पशु व्यापारियों से जरबन वसूली करने वाले एक गैंग के तीन बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचना पवन कुमर,रविंदर शर्मा और मुस्ताक अली के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से तीन सिंगल शॉट पिस्तौल,तीन कारतूस, दो कारें और स्कूटी बरामद की है। एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी रविंदर को एक पुख्ता जानकारी के बाद ककरोला नाला रोड के पास

से एक स्विफ्ट कार के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से एक अवैध हथियार सिंगल शॉट पिस्टल और एक राउंड बरामद। पूछताछ करने पर आरोपी रविंदर से पता चला कि गैंग का सरगना पवन अपने साथियों को ट्रांसपोर्टरों और पशु व्यापारियों से पैसे ऐंठने के लिए हथियार देता है। सरगना पवन कुमार को उसकी निशानदेही लोडेड सिंगल-शॉट पिस्तौल के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर पता चला कि उसने अपने सिंडिकेट में आठ से अधिक व्यक्तियों की भर्ती कर रखी है। वह लोगों को एसपीसीए (पशु क्रूरता निवारण समिति) की धमकी देकर वसूली करता था। उसके फोन की कॉल डिटेल निकालकर उसके बाकी साथियों के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है। आरोपी पवन की निशानदेही पर मेवात से हथियारों की खेप खरीदने वाले मुख्य आरोपी मुस्ताक को एक कार लोडेड सिंगल शॉट पिस्तौल के साथ पकड़ा।

# दबंगों से तंग होकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे के मोहल्ला गिरधरपुर में रहने वाले युवक मनीष उर्फ सीटू 22वर्षीय ने शनिवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि मनीष पड़ोस में रहने वाले तीन सगे भाइयों की धमकियों और मारपीट से लगातार मानसिक तनाव में था।

मनीष की मां कमलेश के अनुसार, गुरुवार को मोहल्ले के तीन युवकों ने डंडों से मनीष की पिटाई कर दी थी और घर छोड़ने की धमकी दी थी। इस घटना के अगले ही दिन शुक्रवार को आरोपियों ने दोबारा मनीष के घर में घुसकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। यह सभी घटनाएं मनीष को झकझोर गईं



मृतक का फाइल फोटो

और शनिवार रात करीब दो बजे उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मां कमलेश ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी परि. जनों से बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ले रहे हैं।

## सड़क हादसों में बाइकों पर सवार दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** रठौड़ा माार्ग पर नहर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से बाइक सवार रुपेश 35 वर्षीय निवासी पट्टी धनकोशिया की मौत हो गई। इसके अलावा बड़ौत मार्ग पर सिनौली गांव में ई-रिक्शा की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जिसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

कस्बे की पट्टी धनकोशिया निवासी रुपेश शुक्रवार को अपनी पत्नी और बच्चों को सिरसली गांव में ससुराल छोड़कर वापस लौट रहा था। छपरौली-रठौड़ा मार्ग नहर के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रूपेश को राहगीरों और पुलिसकर्मियों ने सीएचसी पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन रासते में उसकी मौत हो गई। अमरपाल ने बताया कि उसका भाई रुपेश मजदूरी करता था। उसके परिवार में पत्नी प्रीति और दो बेटे, दो बेटी रह गए हैं। दूसरा हादसा सिनौली गांव में हुआ। जहां बड़ौत की तरफ से आ रही ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस का कहना है कि सिनौली में हुए हादसे के मृतक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों हादसों में तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में भीषण गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड भट्टी की तरह तप रही है। शहर की सड़के मौसम विभाग भी कर चुका है अलर्ट जारी पूरे एनसीआर क्षेत्र में प्रखंड गर्मी का प्रकोप बरकरार चल रहा है। बीते कई दिनों से हो रही गर्मी से निजात नहीं मिल रही है। भीषण गर्मी के चलते बुजुर्ग लोगों का दम फूलने लगा है। शहर की सड़के आग की भट्टी की तरह तप रही है। विशेष तौर पर बडौत एनसीआर क्षेत्र लु चपेट में है। मौसम विभाग भी यह सूचना दे रहा है कि 20 जून तक और भी गर्मी अधिक होने के असर है। इलाकों में झुलसा देने वाली गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। उमश भरी गर्मी हिट वेव की परिस्थितियों दिन प्रतिदिन बदल रही है। शहर की सड़के 12 बजे से 3 बजे तक सुनसान नजर आती है। सड़कों पर



इक्का-दुक्का आदमी के अलावा बसों के पहिए भी नहीं चल रहे हैं। चिकित्सकों पर का कहना है कि गर्मी में रोजाना कम से कम 5 लीटर पानी शरीर में जाना चाहिए। पानी शरीर में ऊर्जा बढ़ाने का काम करता है। वहीं दूसरी तरफ लोगों को विद्युत विभाग भी रुलाने का काम कर रहा है। घरों में लो वोल्टेज के कारण घरों के उपकरण भी थूक रहे हैं लो वोल्टेज के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल है। 11 बजे के बाद लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं बार-बार बिजली कटौती हो रही है। दिन भर में बिजली लगभग चार-पांच घंटे गुम हो रही है। इससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है लोगों ने विद्युत विभाग से सुचारू रूप से बिजली सप्लाई किए जाने की मांग की है।

## छात्र-छात्राओं को अभिव्यक्ति मोनो एक्टिंग सिखाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** संस्कृति मंत्रालय उ.प्र. सरकार के माध्यम से भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ उ.प्र. के तत्वाधान में अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के प्रांगण में द्वितीय दिवस 'अभिनय रंग पाठशाला 'शि. विर में छात्र-छात्राओं ने अभिनय की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करना, मोनो एक्टिंग की बारीकियां सीखी।

शिविर में भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ के अभिनय कला का प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक अब्दुल सलाम अंसारी बीएनए द्वारा द्वितीय दिवस शिविर में आए छात्र-छात्राओं को नाटय कला के मोनो एक्टिंग, अभिव्यक्ति प्रकट करना, गंभीरता से संवाद बोलना सूत्रों का ज्ञान कराया गया।

## भारतीय किसान यूनियन अम्बावता ने पुलिस पर लगाया वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुलिस चौकी पर भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस पर अवैध वसूली का आरोप लगा धरना दिया गया और पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर जांच कर कार्यवाही की मांग की गयी।

भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिला उपाध्यक्ष सुऐब पुत्र अकबर ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाते हुए कहा था कि ईद के त्यौहार पर खुले में कुरबानी के नाम पर रटौल पुलिस चौकी पुलिस उसे और उसके पिता को उठा ले गये थे और एक लाख लेकर छोड़ने की मांग की थी जिससे उन्हें तीस हजार रूपये लेकर छोड़ा गया जिसकी शिकायत उसने भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के पद अधिकारीयो



से की थी जब भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) ने शनिवार को पुलिस चौकी पर धरना करने की बात कही थी। बाद में सुऐब ने पुलिस पर लगाये आरोपो को नकार दिया था और अवैध वसूली की बात से इंनकार किया था लेकिन भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिलाध्यक्ष मनोज प्रधान ने युवक को दबाव मे लेने की बात कही थी और शनिवार को रटौल पुलिस चौकी पर धरना शुरु कर दिया। उनका आरोप है कि उनके जिला उपाध्यक्ष को पुलिस दबाव मे लेकर ब्यान बदलवा रही है और जिससे वह रटौल से कही चला गया है जिससे लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। उधर थाना खेकड़ा कोतवाल कैलाश चंद ने किसानों की बात को सुना और उन्हें आश्वासन दिया। वही किसानों ने उन्हें एसपी के नाम पत्र सौपा वही किसानों नेताओं ने चेतावनी दी अगर आठ दिन में आरोपी लोगो के खिलाफ कार्यवाही नही हुई तो एसपी कार्यलय पर धरना देगे। धरने में फरदीन, विलास, पवन, मनोज, सत्यम, मनोज यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### रटोल ढिकोली मार्ग पर बनी भैसों की डेयरी से सात बकरी चोरी

**शाह टाइम्स संवददाता**

**रटाल।** ढिकोली मार्ग पर रटौल के पास मलिक अहमद पुत्र अली अहमद की भैंसों की डेरी बन रही सात बकरियों को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। आज दोपहर दो बजे के करीब परिजन किसी कम से डेरी को ऐसी ही छोड़कर जुमा पढ़ने के लिए गये थे तभी चोर सात बकरे चोरी कर ले गये।

### शिविर में आए छात्र -छात्राओं को नाटय कला के प्रारंभिक सूत्रों का कराया ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** संस्कृति मंत्रालय उ.प्र. सरकार के माध्यम से भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ उ.प्र. के तत्वाधान में 10 दिवसीय अभिनय रंग पाठशाला शिविर का अर्वाचीन भारती भवन इंटर कॉलेज खेकड़ा-बागपत के प्रांगण में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ समन्वयक उमेश शर्मा ने शुभारंभ किया। शिविर में भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ के अभिनय कला का प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक अब्दुल सलाम अंसारी बी एन ए द्वारा प्रथम दिवस शिविर में आए छात्र -छात्राओं को नाटय कला के प्रारंभिक सूत्रों का ज्ञान कराया गया। अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के डायरेक्टर, एवं समन्वयक उमेश शर्मा ने बताया कि भारतेंदु नाटय अकादमी लखनऊ द्वारा निवेदन के उपरांत शिविर के लिए 10 छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ोतरी कर दी गई है। शि. विर में 8 वर्ष से 20 वर्ष तक की आयु के किसी भी विद्यालय के छात्र-छात्राएं,या युवक युवती भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त सभी बच्चों को प्रमाण पत्र के साथ संस्कृति मंत्रालय विभाग लखनऊ द्वारा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए अभिनय के अवसर प्रदान भी किए जाएंगे।

### खेत पर मेढ़ बांधने से मना करने पर बुजुर्ग के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गढी कलंजरी गांव मे खेत पर मेढ को लेकर तीन लोगो ने एक बुजुर्ग को मारपीट कर घायल कर दी पीड़ित ने थानें आरोपीयों के खिलाफ पहुंच तहरीर दी है।

गढी कलंजरी निवासी 75 वर्षीय रामपाल पुत्र नंबर सुबह अपने खेत पर काम कर रहा था तभी पडौस के ही भूपेंद्र, रोहित, रामे उसके खेत में मेढ बाधनें लगे उसने विरोध किया तो उसके साथ जमकर मारपीट की गयी जिसमें बुजुर्ग घायल हो गया आरोपी पीड़ित को पीट वहा से फरार हो गये पडौस के लोगो की सूचना पर परिजन मौकें पर पहुंचे और गम्भीर हालत में बुजुर्ग को थानें ले गये जहा आरोपीयों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की गयी है।



### धनौरा सिल्वरनगर के 200 ग्रामीणों से एक करोड़ रुपये की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** धनौरा सिल्वरनगर गांव के 200 ग्रामीणाों से एक करोड़ रुपये की ठगी करने के बाद ठग लापता हो गया। काफी समय बीतने के बाद भी रुपये नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने जांच कराने का आश्वासन दिया।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे धनौरा सिल्वरनगर गांव निवासी यशपाल, रिंकू, पप्पू, पूरन, देवेंद्र आदि ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर दस-दस लोगों की समिति तैयार की, जिसमें गांव के 200 लोगों को जोड़ा गया। समितियों में शामिल लोगों को 40 माह तक रुपये जमा करने पर दसफीसदी लाभ मिलने का झांसा दिया। इसके बाद हर महीने लोगों से रुपये जमा किए गए। आरोप लगाया कि मई माह तक ग्रामीणों के एक करोड़ से अधिक रुपये जमा हो गए, इसके बाद जमा करने वाला लापता हो गया। उसके परिवार वाले वापस आने पर हिसाब करने की बात कह रहे हैं। उन्होंने ठगे गए रुपये वापस दिलाने की मांग की। एसडीएम अविनाश त्रिपाठी का कहना है कि जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

### ईपीई पर टेंपो पलटने से 15 श्रद्धालु घायल

**खेकड़ा।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर कार की साइड लगने से राजस्थान के भिवाड़ी में बाबा मोहनराम के मंदिर में दर्शन करने जा रहे परतापुर मेरठ के श्रद्धालुओं का टेंपों पलट गया। इस हादसे में 15 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनका निजी और जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। मेरठ जिले के परतापुर निवासी 15 श्रद्धालु बृहस्पतिवार रात टेंपो में सवार होकर राजस्थान के भिवाड़ी स्थित बाबा मोहनराम काली खोली मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। देर रात ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर बड़ागांव के पास पहुंचे तो पीछे से आई कार ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान कार ने टेंपो में साइड मार दी। इससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में टेंपो में सवार श्रद्धालु पवन, उसकी पत्नी पूजा, बेटा आर्यन, विकास, जयसिंह, उमेश, राधेलाल, पंकज समेत करीब 15 श्रद्धालु घायल हो गए। राहगीरों और पुलिसकर्मियों ने घायलों को उठाकर निजी अस्पतालों में उपचार कराया, जबकि घायल पवन, पूजा और आर्यन का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार चालक का पता लगाया जाएगा।

## एक वो भी जमाना था, जब साइकिल लोगों की हुआ करती थी शान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अनिल शर्मा, बडौत।** एक वो भी जमाना था जब साइकिल लोगों की शान हुआ करती थी जब दहेज़ में भी साइकिल दी जाती थी अब अगर दहेज में हेलीकॉप्टर भी दे दे तो वह भी मायने नहीं रखता जमाना ही बदल गया। बड़े बुजुर्गों की बातों को नहीं मानने वाले आज के युग में खता खा रहे हैं। घर के बड़े बुजुर्ग कहते थे कि वैसे साइकिल के भी अपने बहुत फायदे हैं यह स्वस्थ रखती हैं, लेकिन अब चारों ओर गाड़ियों के शोर और दिखावे के बावजूद आज भी हमारे लिए साइकिल की उपयोगिता कम नहीं हुई है। कोरोना काल के दौरान और उसके बाद भी साइकिल की बिक्री बाजार में बढ़ी है। साइकिल चलाना हर तरफ से लाभदायक है। इससे शारीरिक सेहत बरकरार रहती है प्रतिदिन साइकिल चलाने से व्यक्ति



का शक्कर का स्तर और रक्तचाप सामान्य रहता है। सच यह है कि साइकिल चलाना एक संपूर्ण व्यायाम है पर्यावरण के लिए भी यह नुकसानदायक नहीं है क्योंकि अन्य वाहनों की तरह इससे धुआं नहीं निकलता है और वायु प्रदूषण नहीं होता है कई देशों के लोग सबसे ज्यादा साइकिल चलाते हैं। साइकिल लोगों के खर्च को भी कम करते है हमारे देश सहित संपूर्ण विश्व में साइकिल संस्कृति को बढ़ावा मिलना चाहिए जिससे बढ़ते प्रदूषण से है। राहत मिल सके क्यों ना सरकार को हफ्ते में एक दिन के लिए फोर व्हीलर व टू व्हीलर वाइकल बंद करने के लिए सोचना चाहिए। बढ़ते हुए प्रदूषण से पर्यावरण को बचाया जा सके।

## मयंक ने की नीट में उल्लेखनीय सफलता हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** कस्बे के भांजे मयंक कादियान ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। मयंक के पिता नरेश कादियान शिक्षक हैं और माता सरिता कादियान स्वास्थ्य विभाग पानीपत में कार्यरत हैं।



मयंक की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी बहन आशी भी इस सफलता पर गौरवान्वित हैं। मयंक की सफलता का राज उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण रहा है। वह प्रतिदिन 10 घंटे नियमित रूप से अध्ययन करते थे। मयंक का मानना है कि स्पष्ट लक्ष्य और सच्चे समर्पण से कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। दोघट कस्बे व मंयक के मूल गांव नंगलाढी जनपद पानीपत में इस सफलता की खबर फैलते ही खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। कस्बे के कई गणमान्य लोगों ने मयंक के घर जाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खुशी जताने वालों में बिमला, सविता, निर्मल, बरखा, बबीता, सरिता, अंजलि, उषा, बलबीर फौजी, शीशपाल, सतबीर, जितेंद्र, मास्टर अशोक पंवार, रवि बालियान, राजीव, सुशील चौधरी, मुकेश पंवार, सोनू पवार अखिलेश, पंवार, जयंत, चिंकी आदि रहे।

## यूपी पुलिस भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती 2023 में चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ में नियुक्ति पत्र मिलेगा। बागपत से 27 बसों में 1250 अभ्यर्थी लखनऊ के लिए रवाना हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

इस दौरान एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी चयनित अभ्यर्थियों की सुरक्षा के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद 17 जून से सभी अभ्यर्थी अपने-अपने केंद्रों पर ट्रेनिंग शुरू करेंगे। बागपत पुलिस लाइन में 316 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। रिजर्व पुलिस लाइन में अभ्यर्थियों को आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए गए। ट्रैफिक सीओ विजय चौधरी की अगुवाई में बसें लखनऊ के लिए रवाना हुईं। एडिशनल एसपी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चयनित अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है।

उनका कहना है कि मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र पाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। अभ्यर्थियों ने कहा कि वे कड़ी मेहनत से हासिल किए गए इस अवसर पर खरे उतरेंगे और निष्पक्ष भाव से देश की सेवा करेंगे।

## अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को लेकर दी मृतक आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट ने शनिवार को शोक सभा में कैंडल जलाकर गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मृतक आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की गयी।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट की शोकसभा आज शाम वात्सायन पैलेस में ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षा विद कुंवर महासिंह चौहान की अध्यक्षता तथा कोषाध्यक्ष राकेश मोहन गर्ग के संचालन में आहुत की गयी। सदस्यो ने केंद्र सरकार से हादसे में मृत जनों को पर्याप्त मुआवजा देने तथा दुर्घटना की गहन जांच करा भविष्य ऐसी कोई घटना न हो पुख्ता इंतजाम कराने की मांग की गई। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षा विद कुंवर महासिंह चौहान, संरक्षक प.राजपाल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र आर्य, राधेश्याम शर्मा, नन्दलाल डोगरा अध्यक्ष व्यापार संघ, गजेन्द्र सिंह बली एडवोकेट, मैनेजर राजेन्द्र शर्मा, मानसिंह पाल, महीपालसिंह सूब. ेदार, ब्रजमोहन गौतम, शीशपाल सिंह तोमर,धर्मवीर सिंह चिकारा, देवेन्द्र शर्मा, शिवप्रसाद, वेदप्रकाश, सुभाष चन्द गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी ने पति और देवर पर लगाया मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बावली गांव में वार्ड नंबर 9 की जिला पंचायत सदस्य साक्षी ने कोतवाली में पति और देवर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। साक्षी ने पति विनय मास्टर पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने बताया कि विनय मास्टर उन्हें अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था। उन्होंने आरोप लगाया कि विनय के कई अन्य महिलाओं से अवैध संबंध हैं। विनय पहले सरकारी भर्तियों में पेपर लीक मामले में जेल जा चुका है। साक्षी ने आरोप लगाया कि विनय जिला पंचायत की विकास निधि का दुरुपयोग कर रहा है। वह सरकारी योजनाओं के धन का निजी लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहा है। एक सप्ताह पहले विनय ने चाकू से हमला किया, जिसके बाद उन्होंने सोनीपत के अस्पताल में इलाज कराया। पीड़िता ने विनय के भाई विपुल पर बच्चों को मारने की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक महिला जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीओ विजय कुमार ने बताया कि विनय मास्टर और विपुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

## महर्षि कश्यप सेवा ट्रस्ट ने कश्यप समाज के मेधावियों को किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शनिवार को महाराजा अग्रसेन भवन बड़ौत निकट दिल्ली सहारनपुर रोड़ पर श्रीमहर्षि कश्यप सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में कश्यप समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कालूराम कश्यप राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्यप महासंघ, मुख्य वक्ता तेजपाल सिंह कश्यप मुख्य वरिष्ठ लेखा अधिकारी पंजाब कैटर,विशेष अतिथि अश्वनी तोमर उपस्थित रहे। उन्होंने कश्यप समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सृष्टि रचयिता भगवान महर्षि कश्यप के पावन चरित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



कार्यक्रम के अंतर्गत कश्यप समाज के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 130 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें निधि, नंदनी कश्यप, संगम कश्यप, कीर्ति, हर्षित, कुंजन, आकांक्षा को विशेष ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता तेजपाल सिंह कश्यप ने बच्चों को अच्छे रोजगार में जाने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्ट के महासा. चव अनिल कश्यप द्वारा बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत अभी हाल ही में हुए प्लेन हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और 1 मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ईश्वर सिंह कश्यप ने की तथा संचालन अशोक अंतिल ने किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और मातृशक्ति को पगड़ी, शाल एवं फूलमाला द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेहर पाल सिंह कश्यप, संरक्षक रवि कश्यप, अध्यक्ष अमित कश्यप, महासचिव अनिल कश्यप, महामंत्री लोकेंद्र कश्यप, विक्रांत कश्यप, तेजवीर सिंह कश्यप, परमवीर कश्यप, शिवम कश्यप, प्रशांत कश्यप, रणवीर सिंह कश्यप, डा.तेजवीर सिंह कश्यप नरेंद्र आदि रहे।

# प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में हुए लिए फैसले

## जर्जर भवनों के रि-डेवलपमेंट पॉलिसी, 220 केवी का बिजली घर, सात और पांच स्टार होटल और मिला इलेक्ट्रानिक सेक्टर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में जर्जर हो चुकी बहुमंजिला ग्रुप हाउसिंग और श्रमिक कुंज, लो राइज ग्रुप हाउसिंग अपार्टमेंट की लिविंग कंडीशन को सुधार किया जाएगा। इसके लिए पॉलिसी बनेगी। जिस पर सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। ये मंजूरी नोएडा प्राधिकरण ने अपनी 118वीं बोर्ड में दी। बोर्ड की अध्यक्षता मुख्य सचिव मनोज सिंह ने की। बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोक.श एम, अपर जिलाधिकारी बच्चू सिंह, ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, एसीईओ यमुना कपिल सिंह, जीडीए के एसीईओ अतुल वत्स मौजूद रहे।

दरअसल ये भवन नोएडा प्राधिकरण की ओर से सन 1980 से लेकर 2000 के बीच बनाए गए। इसमें कोआपरेटिव सोसाइटी और कंपनियों के आवासीय कालोनी भी शामिल है। इनको रि-डेवलेप करने के लिए एक पॉलिसी बनाई जाएगी। जिस पर बोर्ड ने सैद्धांतिक मंजूरी दी है। पॉलिसी में डेवलपर की नियुक्ति, पुनर्विकास के लिए डेवलपर का चयन, निर्माण का क्राइटेरिया अलावा जुर्माना, पुनर्स्थापना के नियम आदि को बनाया जाएगा। इन नियमों के आधार पर केस टू केस स्टडी कर रिडेवलपमेंट किया जाएगा। ये निर्णय काफी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि हाल ही में सीईओ लोकेश एम ने श्रमिक कुंज का निरीक्षण किया था। वहां फ्लैटों की हालत काफी जर्जर थी।

**3125 बायर्स की हो गई रजिस्ट्री:** बैठक की शुरुआत अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत दिए जाने वाले लाभ से की गई। बताया गया कि 26 जून 2025 तक 57 बिल्डर परियोजनाओं में 34 परियोजनाओं ने इस योजना का लाभ लिया। इन्होंने योजना के तहत 25 प्रतिशत पैसा यानी 518 करोड़ जमा किया। ये कुल डेवलपर्स का 60 प्रतिशत है। वहीं 13 ऐसे बिल्डर प्रोजेक्ट है। जिन्होंने आंशिक पैसा करीब 25.45 करोड़ रुपए जमा कराए। ऐसे मे कुल 543.45करोड़ रुपए जमा हुए। इससे कुल 4777 रजिस्ट्री कराई जा सकेंगी। जिसमें से 3125 फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री हो चुकी है।

**को-डेवलपर करेंगे योजना पूरा:** ग्रुपहाउसिंग भूखंड जीएच-02 सेक्टर-100 स्थित क्लाउड 9 प्रोजेक्ट प्रालि के बायर्स के हितों को देखते हुए इसे लेगेसी स्टाल्ड परियोजनाओं में सम्मिलित किया गया। साथ ही ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीए-01 सेक्टर-118 तथा जीएच-01 सेक्टर-74, जीएच-03 सेक्टर-137 नोएडा की परियोजना को को-डेवलपर के जरिए पूरा कराने का प्रस्ताव दिया गया। जिस पर बोर्ड ने सहमति जाहिर की है।

**220केवी का बिजली घर:** नोएडा में लगातार बढ़ रहे लोड को देखते हुए मास्टर प्लान 2031 के अनुसार यहां 220 केवी बिजली सब स्टेशन की आवश्यकता होगी। इस स्टेशन का चरणबद्ध तरीके से निर्माण का जो भी खर्च आएगा उनका खर्चा नोएडा प्राधिकरण की ओर से किया जाएगा। इससे नोएडा को ओवर लोड के बाद भी यहां बिजली की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**इलेक्ट्रानिक उद्योगों के होगा सेक्टर:** उप्र सरकार की इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 (प्रथम संशोधन-2022) को प्राथमिकता देते हुए नोएडा क्षेत्र में इलेक्ट्रानिक्स मैनुफैक्चरिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए सेक्टर-164 में आवंटन किया जाएगा। इसके लिए 6 भूखंडों को रिजर्व कर दिया गया है। इन छह भूखंड पर सिर्फ इलेक्ट्रानिक मेन्यूफेक्चरिंग यूनिट को ही स्थापित किया जा सकता है। साथ ही पॉलिसी के तहत जो भी लाभ है कंपनी आवंटी को दिया जाएगा।

**नोएडा में बनेंगे सात स्टार होटल:** नोएडा में अब भी फाइव और सेवन स्टार होटल की कमी है। जबकि यहां नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अलावा इंटरनेशनल फिल्म सिटी, तमाम कंपनियां और इंटरनेशनल इवेंट होते रहते है। होटल की कमी से यहां आने वाले लोग दिल्ली में रुकते है। अब नोएडा में 7 स्टार एवं 5 स्टार लग्जरी होटल बनाए जाएंगे। इस योजना को पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा। इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है। इस क्रम में प्राधिकरण शीघ्र ही भूखंड चिह्नित कर योजना निकालेगा। इसके अलावा औद्योगिक, संस्थागत, आवासीय भूखंड एवं ग्रुप हाउसिंग विभाग की भूखंड आवंटन योजनाओं के ब्रोशर पर सहमति दी गई।

# 30 जून तक केवाईसी पूरी न होने पर जुलाई से नहीं मिलेगा टेक होम राशनः जिला कार्यक्रम अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** शासन एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशानुसार जनपद में आंगनबाड़ी लाभार्थियों की ई-केवाईसी तथा फेसियल रिकग्निशन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य वितरण प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, जिससे केवल पात्र लाभार्थियों को ही पोषण युक्त टेक होम राशन प्रदान किया जा सके। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यह कार्य आगामी एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाए। ऐसे लाभार्थी जिनकी ई-केवाईसी एवं फेसियल रिकग्निशन प्रक्रिया 30 जून 2025 तक पूरी नहीं होगी, उन्हें जुलाई 2025 से टेक होम राशन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

प्रक्रिया के समयबद्ध एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु सभी सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना अधिकारी) के साथ-साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वयं फील्ड विजिट कर कार्य की नियमित निगरानी कर रही हैं, ताकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को हर स्तर पर समय पर आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी लाभार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र पर जाकर शीघ्र अपनी ई-केवाईसी एवं फेसियल रिकग्निशन प्रक्रिया पूर्ण कराएं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस प्रक्रिया में हर संभव सहयोग हेतु तत्पर हैं। सभी पात्र लाभार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## मंदिर में मूर्ति खंडित कर दानपात्र चुराया

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली क्षेत्र के डाढा क्यामपुर गांव के समीप बने एक मंदिर में घुसकर किसी सिरफिरे ने मूर्ति को खंडित कर दिया। आरोप है कि मंदिर से दान पत्र चोरी किया गया है। मंदिर के महंत ने पुलिस से शिकायत की है।

महंत बाबा अशोक गिरी ने बताया कि वह गांव के समीप बने ढकिया बाबा मंदिर में रहते हैं। बुधवार की रात किसी सिरफिरे ने मंदिर में घुसकर साईं बाबा की मूर्ति को खंडित कर दिया। दान पत्र भी चोरी कर लिया गया। ग्रामीणों ने घटना को लेकर विरोध जताया है। पुलिस से इसकी शिकायत की गई है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# कारोबारी की हत्या में दोनों आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 24 कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर 12 में दिनदहाड़े हुई मनी एक्सचेंजर ओमपाल सिंह की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाशों को काबू किया है। दोनों बदमाशों के दोनों पैर में गोली लगी है। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाशों की पहचान आकाश और मुकुल के रूप में हुई है।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से भारतीय मुद्रा के अलावा विदेशी मुद्रा, पिस्टल व मोटी रकम बरामद की है। बदमाश फिर से नोएडा में घटना को अंजाम देने के इरादे से आए थे। इस दौरान उनकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस



मुठभेड़ में बदमाशों के दोनों पैर में गोली लगी है। महज 72 घंटे के अंदर घटना का पर्दाफाश कर पुलिस ने यह सफलता हासिल की है। घटना को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों ने पहले मनी एक्सचेंजर ओमपाल सिंह से दोस्ती की। उसके बाद उसको मिलने के बहाने बुलाया था। किराए का कमरा लेने के बाद दोनों ने घटना को अंजाम दिया और मनी एक्सचेंजर के 10 लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे।

**पॉश सेक्टर में सिर में मारी थी गोली:** बदमाशों ने मनी एक्सचेंजर की हत्या की घटना को पॉश सेक्टर 12 में दिनदहाड़े अंजाम दिया था। जब उसने विरोध किया तो बदमाशों ने उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश स्कूटी मौके पर ही छोड़कर भाग गए थे। बरामद स्कूटी दिल्ली से चोरी की गई थी।

## एक नजर

### शिक्षा समाज में बदलाव लाने का साधन: डॉ. किरण बेदी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क स्थित आई बिजनेस स्कूल में शनिवार को दीक्षांत समारोह-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी और दिल्ली की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी रहीं। इस दौरान 2023-25 बैच के छात्र-छात्राओं को पीजीडीएम की डिग्री प्रदान की गई। डॉ. किरण बेदी ने छात्रों को सशक्त, संवेदनशील और जिम्मेदार नेतृत्व की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने का साधन है। वहीं अन्य अतिथियों ब्लूपी के संस्थापक एवं सीईओ प्रोनाम चटर्जी ने आधुनिक तकनीक और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला।आशीष भल्ला ने वास्तविक जीवन कौशल और नेतृत्व की भूमिका पर चर्चा की। सिद्धार्थ कौल ने कॉरपोरेट जगत में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, शिक्षक और अतिथि मौजूद रहे।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित बाकी लोगों की आत्मा की शांति के लिए शनिवार को शारदा विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। विवि के चांसलर पीके गुप्ता ने कहा कि यह हादसा पूरे देश के लिए एक गहरी त्रासदी है। ईश्वर मृतकों के परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें। थी। दुखद हादसे में हमने जिनको भी खोया, उनका सामाजिक आर्थिक व्यावहारिक योगदान महत्वपूर्ण था। यह दुर्घटना केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को व्यथित कर गई है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी को खोया है।उनका जिक्र करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से शारदा ग्रुप ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में दिवंगत विजय रूपाणी शारदा विश्वविद्यालय उज्बेकिस्तान के स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे। शारदा ग्रुप के सीईओ प्रशांत गुप्ता ने विमान हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत व्यक्तियों को श्रद्धांजलि दी। यह घटना बेहद दर्दनाक है और इसे सोच कर भी मन कांप उठता है। यह समय संवेदनाओं का है।

### विधायक ने सेक्टर-151 के लोगों की समस्या सुनी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-151 आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की क्षेत्रीय विधायक दादरी मास्टर तेजपाल नागर के साथ बैठक की। शनिवार को बैठक में सेक्टर के लोगों ने बिजली, पानी और बाजार की मांग की। इसमें आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मास्टर बीएस चौधरी ने बताया कि सेक्टर की वर्षों से लंबित बुनियादी समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा हुई और उनके शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने विधायक का ज्ञापन भी दिया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष मास्टर बीएस चौधरी ने बताया कि सेक्टर में जल और सीवर लाइन की जर्जर स्थिति का शीघ्र सुधार करने की मांग की। इसके साथ ही बिजली की समस्त लाइन भूमिगत की जाए, ताकि दुर्घटनाओं और बाधाओं से बचा जा सके।
सेक्टर में मार्केट बनाई जाए, जिससे सेक्टर में मेडिकल स्टोर, जनरल स्टोर और मदर डेयरी जैसी आवश्यक नागरिक सुविधाएं शीघ्र प्रारंभ की जा सके। विधायक ने सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

### बाजार से मोबाइल चोरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** चोरों ने सदरपुर गांव के बाजार में खरीदारी करने गए फैक्टरी कर्मी का मोबाइल चोरी कर लिया। सेक्टर-39 पुलिस को दी शिकायत में पूरन ने बताया कि वह परिवार संग सेक्टर-45 के सदरपुर गांव में रहते हैं। वह घर के पास लगने वाले बाजार में पांच जून की रात करीब साढ़े आठ बजे सामान लेने गए थे। उन्होंने अपना मोबाइल जेब में रखा हुआ था। बाजार में सामान लेने के दौरान किसी ने पूरन की जेब से मोबाइल निकाल लिया। सामान खरीदने के बाद जैसे ही पेमेंट करने के लिए जेब में हाथ डाला तो उन्होंने पाया कि जेब में मोबाइल ही नहीं है।

### गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली से गांजा लाकर शहर के अलग-अलग हिस्से में आपूर्ति करने वाले तस्कर को फेज वन थाने की पुलिस ने शनिवार को सेक्टर 14ए के नाले की पटरी के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान बिजनौर नगीना के पुरैनी गांव के वंश के रूप में हुई। वह वर्तमान में नोएडा सेक्टर पांच स्थित हरौला गांव में किराये पर रह रहा है।उसके पास से एक किलो 225 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ लूट और चोरी समेत अन्य धाराओं में सात मुकदमे अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। वह पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है।

## दबंग ने दुकानदार को जमकर पीटा, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 49 क्षेत्र का एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसमें दबंग की करतूत कैद हो गई है। दबंग ने दुकानदार के साथ जमकर मारपीट कर रहे हैं। मारपीट की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। उसके बाद उसको किसी ने वायरल कर दिया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। यह पूरी घटना बरौला गांव की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बरौला गांव में पीड़ित का ग्रॉसरी स्टोर है। वीडियो में देखा गया है कि दुकानदार अपने दुकान पर मौजूद है। तभी कुछ दबंग आते हैं उससे पहले कहासुनी होती है। बाद में मारपीट करते हुए दुकान से बाहर निकाल लाते हैं। यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नोएडा में वीडियो वायरल होने के मामले आए दिन प्रकाश में आते हैं। कुछ दिन पहले भी थार कांड का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें थार से युवक को कुचलना का प्रयास किया गया था। इसके अलावा आए दिन स्टंट के भी वीडियो वायरल होते रहते हैं। अब दबंग द्वारा दुकानदार को पीटने का वीडियो वायरल हुआ है।

**जांच में जुटी थाना पुलिस:** वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मारपीट करने वाले दबंग की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## कोरोना संक्रमित 14 नए मरीज मिले

**नोएडा।** कोरोना संक्रमित 14 नए मरीजों की पुष्टि शनिवार को स्वास्थ्य विभाग ने की। होम आइसोलेशन में इनका इलाज शुरू किया गया। जिले में कोरोना संक्रमण दर 20 प्रतिशत है। एक मरीज का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसकी हालत स्थिर है। मरीज में कोरोना संक्रमण के सामान्य लक्षण हैं। अब तक 282 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। सात दिनों तक कोरोना संक्रमण के लक्षण नहीं होने पर मरीजों को स्वस्थ घोषित किया गया है। वहीं, कुल मरीजों की संख्या 354 हो गई है। 74 सक्रिय मरीजों में से 73 का इलाज होम आइसोलेशन में चल रहा है। जिला अस्पताल में प्रत्येक दिन दो-तीन संदिग्ध मरीजों के नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं।

## चार दिन पहले गायब हुए नाबालिग का नहर में मिला शव, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूर.जपुर कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर गांव से 10 जून को गायब हुए 16 साल के नाबालिग का शव जेवर में नहर के पास बहता हुआ मिला है। जेवर के दयानतपुर गांव की नहर की पुलिया के पास से पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नाबा.लिक का शव मिलने के बाद से परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि एक ही जिले में पुलिस को नाबालिग को ढूंढने में चार दिन लग गए।

पुलिस जांच में पता चला है कि जैतपुर गांव का रहने वाला 16 साल का सन्नी रावल 10 जून से गायब था। उसके पिता हरिओम उर्फ सूका की तरफ से सूरजपुर थाने में गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि मामले में पुलिस ने बच्चों को ढूंढने का कोई प्रयास नहीं किया। यदि पुलिस प्रयास करती तो उसको पहले ढूंढा जा सकता था। मामले में महज एफआईआर दर्ज कर खाना पूर्ति की गई। परिवार वालों ने दोस्तों पर हत्या करने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**परिजन बोले, नहीं किया ढूंढने का प्रयास:** मामले में परिजन ने आरोप लगाया है कि सन्नी के गायब होने के बाद उसको ढूंढने के कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। ना ही सर्विलांस का इस्तेमाल किया गया। यदि उसको ढूंढने का प्रयास किया जाता तो नतीजा कुछ और होता। नाबालिग के गायब होने के बाद उसके दोस्तों से भी परिजन का संपर्क नहीं हो पा रहा था।

**हत्या के बाद शव को फेंके जाने की आशंका:** मामले में आशंका जताई गई है कि पहले सन्नी की हत्या की गई। हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के मकसद से नहर में फेंका गया।

## मूलभूत सुविधा न मिलने के कारण लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एम्स ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी के लोग मूलभूत सुविधा न मिलने के कारण परेशान है। सोसाइटी के खराब बेसमेंट की हालत ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आरोप है कि बेसमेंट में पानी भरने के कारण पिलर की मजबूती भी कमजोर हो रही है। सोसाइटी के निवासियों ने बताया कि परिसर में 500 परिवार रहते हैं, लेकिन बिल्डर प्रबंधन द्वारा सोसाइटी का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है। सोसाइटी के बेसमेंट की हालत बेहद ही खराब हो चुकी है, जिसकी देखरेख के लिए लगातार बिल्डर प्रबंधन से बोला जाता है, परंतु प्रबंधन कोई सुनवाई करने के लिए तैयार नहीं है। बेसमेंट के निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ है, जिसके कारण पिलर की मजबूती भी कमजोर हो रही है। वहीं, बेसमेंट के अंदर मालवा पड़ा है। साथ ही, गंदगी का देर भी लगा हुआ है, जिससे सोसाइटी में संक्रमित बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

# दो युवकों ने दी जान, स्विग्गी के डिलीवरी बॉय से जुड़ा है पूरा मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में शनिवार को दिन निकलते ही दो युवकों द्वारा मौत को गले लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब तक की जांच में पता चला है कि एक युवक ने पारिवारिक कलह के चलते जान दी है, जबकि दूसरा किसी बात को लेकर मानसिक तनाव में था। दोनों ही मामलों में पुलिस मौके पर नजर बनाई हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की सूचना दोनों युवकों के परिजन को दे दी गई है।



निठारी गांव की गली नंबर 7 में राहुल शर्मा और अजय किराए पर रहते थे। दोनों ने शनिवार को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अजय मूल रूप से बुलंदशहर के छतरी का रहने वाला था। उसकी उम्र 23 वर्ष के करीब थी जबकि राहुल की उम्र 30 वर्ष थी। पुलिस की जांच में पता चला है कि राहुल ने पारिवा.रिक कलह के चलते अपनी जान दी है। फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है, जबकि अजय ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या की है।

**डिलीवरी बॉय का काम करता था अजय:** जांच के दौरान पता चला है कि अजय डिलीवरी बॉय का काम करता था। वह लंबे समय से निठारी गांव में ही किराए पर रह रहा था। रात ड्यूटी पूरी करने के बाद वह कमरे पर आया और सुबह उसने आत्महत्या कर ली है।

**हर एंगल से हो रही मामले की जांच:** इस मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। हालांकि दोनों ही मामलों में पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस ने मामले में परिजन से भी वार्ता की है। परिजन ने किसी भी बात की जानकारी होने से इनकार किया है।

## शाहबेरी में छह अवैध कट बंद, जाम से निपटने का प्लान बी हो रहा तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी में जाम की समस्या से निपटने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने प्लान ठ तैयार किया है। इसके तहत 6 अवैध कट बंद कर दिए गए हैं। प्लान ठ के तहत अवैध रैंप को भी हटाया जाएगा। इसके लिए सर्वे शुरू कर दिया गया है। जल्द ही अवैध रैंप को तोड़ने का काम शुरू कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि प्लान बी के पूर्ण रूप से लागू होने के बाद शाहबेरी में जाम से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी।

शाहबेरी में पांच कट अभी भी खुले हुए हैं। सारे कट अवैध है। इन कट से लोग रॉन्ग साइड गाड़ी चलाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है और जाम लगता है। इन पांच कट को भी बंद किया जाना जरूरी है। हालांकि स्थानीय लोगों की मांग पर इन पांच कट को अभी खुला रखा गया है लेकिन प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि यदि जरूरत पड़ी तो इन कट को भी बंद किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के इटेडा गोलचक्कर से शुरू होकर क्रॉसिंग को जोड़ने वाला शाहब.ेरी मार्ग करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा है। यहां पर सड़क को चौड़ा तो कर दिया गया है, लेकिन अवैध कट के अलावा कई बिजली के खंभे अभी भी लगे हुए हैं जो कि ट्रैफिक जाम का कारण बनते हैं। इन खंभो को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बिजली के खंभे हटने के बाद और अवैध रैंप टूटने के बाद इस मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी।

**कमियां होगी खत्म:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले शाहबेरी मार्ग में सड़क चौड़ा करने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बाद से ट्रैफिक जाम की समस्या में थोड़ी कमी आई है, जो कमियां रह गई हैं उनको भी जल्द दूर किया जाएगा।

## सोसाइटी में जान का खतरा 84 पिलरों में आई दरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की निराला एस्टेट सोसायटी से जान जोखिम में डाल देने वाली खबर सामने आई है। सोसायटी के बेसमेंट में पानी का रिसाव हो रहा है। बेसमेंट के 84 पिलर ऐसे हैं जिनमें से पानी निकल रहा है। सोसायटी के निवासियों का आरोप है कि इससे स्ट्रक्चर कमजोर हो रहा है। उनकी जान आफत में है, लोगों को अपनी जान की चिंता सता रही है। आरोप है कि ना बिल्डर सुन रहा है ना ही प्राधिकरण की तरफ से कोई कार्रवाई की जा रही है।

वीडियो जारी कर निवासियों ने आरोप लगाया है कि 1 साल पहले सोसायटी में सर्वे हुआ था। उस दौरान 84 पिलर ऐसे पाए गए थे जहां से पानी निकल रहा था। पानी रिसाव की वजह से पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में भी जंग लगता है। यह सर्वे पिछले साल जुलाई के महीने में हुआ था। 1 साल बाद भी उस पर अमल नहीं किया गया है। आज भी उन्हीं 84 पॉइंट से पानी निकल रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रहने वाले निवा.सियों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार विरोध प्रदर्शन के मामले सामने आते हैं। शुक्रवार को भी कड़ी धूप के बीच आम्रपाली के खरीदारों ने विरोध प्रदर्शन किया था। अब निराला स्टेट सोसायटी के निवा.सियों ने अपनी समस्या बताते हुए वीडियो वायरल किया है।

**मेंटेनेंस विभाग नहीं देता कोई जवाब:** निवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि सोसाय टीमें बढ़ रही समस्याओं का जब वह मेंटेनेंस विभाग द्वारा जवाब मांगते हैं तो कोई भी जवाब नहीं देता है। उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। मोटी रकम देने के बावजूद उनको सोसायटी में सुविधा नहीं मिल रही है।

# जमीन धोखाधड़ी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने जमीन से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा किया है। शनिवार को रबूपुरा थाना पुलिस ने तीन आरो.पियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने असंक्रमणीय जमीन को संक्रमणीय बताकर 58.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी की।

गिरफ्तार आरोपियों में ओमवीर, उनका बेटा रमन उर्फ रामकुमार और नवल शामिल हैं। तीनों जेवर थाना क्षेत्र के ग्राम झुप्पा के रहने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें शनिवार को रबूपुरा कस्बे से गिरफ्तार किया।

मामला शनिवार को पीड़ित की शिकायत पर दर्ज किया गया था। पुलिस ने रविन्द्र भाटी और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। जांच के दौरान ओमवीर, रमन और नवल का नाम सामने आया। आरोपियों ने साथियों के



साथ मिलकर योजना बनाई।उन्होंने पीड़ित को असंक्रमणीय जमीन को संक्रमणीय बताकर बेच दिया। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरो.पियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। रबूपुरा कोतवाली पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास सिवारा गांव में विकास कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के समीप स्थित सिवारा गांव में विकास कार्यों की शुरुआत हो गई है। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने शनिवार को 73 लाख रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस राशि से गांव में सड़कों का निर्माण होगा और पुस्तकालय बनेगा।

कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामवासियों की उपस्थिति में विधायक धीरेन्द्र सिंह ने क्षेत्र के विकास का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और औद्योगिक परियोजनाओं से क्षेत्र में विकास के नए अवसर बन रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि ग्रामीण इलाकों में भी आधुनिक सुविधाएं मिलें।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बिजली की समस्या का मुद्दा उठाया। विधायक ने तुरंत बिजली विभाग के मुख्य अभियंता और अधिशासी अभियंता को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और समय सीमा में काम पूरा करने का निर्देश भी दिया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पुलिस भर्ती के चयनितों को दी अनुशासन की सीख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 के तहत चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ रवाना करने से पहले थाना देहात क्षेत्रान्तर्गत नई मंडी परिसर में ब्रीफिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को यात्रा संबंधी आवश्यक जानकारी, अनुशासन की महत्ता, वर्दी की गरिमा तथा पुलिस सेवा की ज़िम्मेदारियों से अवगत कराया। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को यह भी समझाया कि वे भविष्य में जनसेवा व कानून-व्यवस्था की रक्षा के लिए पुलिस बल का मजबूत हिस्सा बनेंगे। थाना देहात प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में



हुए इस आयोजन ने चयनित युवाओं को न सिर्फ दिशा दिखाई, बल्कि उनमें गर्व और आत्मविश्वास भी भरा। पुलिस विभाग की इस सक्रियता ने यह साबित किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस न सिर्फ कानून व्यवस्था में सख्त है, बल्कि भविष्य के पुलिसकर्मियों को संस्कार, अनुशासन और प्रेरणा भी देती है।

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह अपने घर पर अकेली थी। तभी वहां गांव निवासी एक युवक आया। युवक ने उसको अकेला पाकर छेड़छाड़ शुरू कर दी।

पीड़िता ने उनका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सादिकपुर रेलवे अण्डरपास के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। पुलिस ने संदिग्ध को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। पूछताछ में आरा. `पी की पहचान नमंगू पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम भटियाना थाना हाफिजपुर जनपद हापुड के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया बदमाश किसी आपरा. धिक घटना को अंजाम देने की



फिराक में घूम रहा था जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ हैं। उन्होंने बताया कि बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# प्लॉट की सफाई करने गए दंपती के साथ गाली-गलौच कर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शमशाद रोड स्थित एक प्लॉट पर महिला और उसके पति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ड्हरी गांव निवासी मिनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को वह अपने पति के साथ शमशाद रोड स्थित अपने प्लॉट की सफाई करने गई थी। तभी ग्राम अतरौली निवासी नितिन तोमर और ग्राम परतापुर निवासी राजू डीलर वहां



पहुंचे और दोनों से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। महिला का आरोप है कि उसका गला दबाने की कोशिश की गई, जिससे उसका मंगलसूत्र गिर गया। जब दंपती ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाना चाहा तो आरोपियों ने उनका मोबाइल भी छीन लिया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने धमकी दी कि अगर दोबारा इस प्लॉट पर आई तो तेरे इतने टुकड़े करवा देंगे कि कोई पहचान भी नहीं सकेगा। पीड़िता और उसका पति किसी तरह जान बचाकर कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## घर से नकदी चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर निवासी सतीश ने बताया कि वह किसी कार्य से घर से बाहर गया था। जब वह घर वापस आया तो उसके घर के कमरे में सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि उसके घर से चोर 15 हजार रुपये चोरी कर ले गया। पीड़ित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## जंगल से बकरा-बकरी चोरी, थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिखेड़ा में जंगल से बकरा-बकरी चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। गांव निवासी यूसुफ ने बताया कि उसके बच्चे शुक्रवार को रोज़ की तरह बकरा-बकरी को चराने जंगल में ले गए थे। इसी दौरान सफेद रंग की एक कार आई और बच्चों के सामने ही बकरा-बकरी को उठा ले गई। बच्चों ने विरोध किया तो चोर उन्हें धमकाते हुए फरार हो गए। वारदात पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें साफ दिख रहा है कि सफेद कार से चोर मवेशियों को उठाकर ले जा रहे हैं। यूसुफ ने मामले की शिकायत कोतवाली में दी है और कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## दुकानदार ने युवक पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी शहजाद अली ने बताया कि वह गांव में मोबाइल की दुकान करता है। पीड़ित ने शनिवार की दोपहर को उसकी दुकान पर एक युवक वहां आया और उसको गाली गलौज करने लगा। पीड़ित ने उसको मना किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### दहेज की मांग पूरी न होने महिला को पिलाया ज्वनशील पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी महिला ने ससुराल पक्ष पर पिटाई करने और विरोध करने पर ज्वनशील पदार्थ पिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

मोहल्ला निवासी रुही ने बताया कि उसका निकाह मोहल्ला निवासी युवक से हुआ था। निकाह के बाद से ही उसके पति समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता उनका उत्पीड़न सहन करती रही। पीड़िता ने बताया ध्कि शनिवार को आरोपी पति ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उसको जबरन तेजाब ज्वनशील पदार्थ पिला दिया। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### परिजनों ने लगाया जानलेवा हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रझैटी में घर पर बच्चे को दूध पिला रही महिला पर पांच लोगों पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने के लिए आई उसकी चाची पर भी आरोपियों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी अफसाना ने बताया कि वह अपने बेटे को घर पर दूध पिला रही थी। तभी फुरकान, इशरार, इरशाद, कासिफ वहां आए और आरो. पियों ने उसके साथ अभद्रता की। पीड़िता ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान उसकी चाची बचाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी पिटाई कर दी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सडक़ हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली कस्बा स्थित हरोड़ा रोड पर सड़क हादसे में हुई बाइक सवार साजिद की मौत के बाद उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।

पिलखुवा निवासी अलीमुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा साजिद शुक्रवार को अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बाइक पर सवार होकर गढ़ के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह सिंभावली के हरोड़ा रोड पर पहुंचे तो पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसके बेटे की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गोदाम में चोरी का नाकामयाब प्रयास, ताला तोड़कर भागे चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशनगंज स्थित एक गोदाम में चोरों ने रात में ताला तोड़कर घुसने का प्रयास किया, लेकिन सामान चुराने में नाकामयाब रहे। गोदाम मालिक ने सुबह ताला टूटा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के्ुटेज की जाँच की जा रही है।

गोदाम मालिक अमित मित्तल ने बताया कि चोरों के अंदर घुसने पर लाखों रुपये का नुकसान हो सकता था। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से रात में गोदामों की सुरक्षा बढ़ाने की सलाह दी है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर से पिकअप की टक्कर, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खेडा गांव के पास शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पिकअप वैन से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक दिनेश तोमर घायल हो गया और वाहन में फंस गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बिना नंबर वाले ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और चालक की तलाश जारी है।

### अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल, अग्रवाल महासभा, और शहीद मेला समिति ने इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों, डॉक्टरों और स्टाफ की आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। साथ ही, हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई।

यह श्रद्धांजलि सभा शनिवार को शहर के प्रमुख संगठनों द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें ललित अग्रवाल छावनी वाले, व्यापारी नेता संजय अग्रवाल, सोनू बंसल, सुनील, वीरेंद्र गर्ग बिट्टू, संजय डाबर, दीपक बंसल, मुकुल त्यागी एडवोकेट, अमित अग्रवाल, हरेंद्र चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति और व्यापारी उपस्थित थे।

# अवैध वसूली करने वाले दो फर्जी पत्रकार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने जनता को धमकाकर और ब्लैकमेल कर अवैध वसूली करने वाले दो फर्जी पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने उनके पास से प्रेस कार्ड, विभिन्न न्यूज़ चौनलों के माइक, विज़िटिंग कार्ड, पैन कार्ड और एक तमंचा बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना गढ़मक्तद्रेश्वर में दर्ज एक एफआईआर के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शामली निवासी अंकित और बाबूगढ़ के गांव अटूटा निवासी गुल्काम सैफी को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी खुद को पत्रकार बताकर आम लोगों को डराते-धमकाते थे और उनसे अवैध



वसूली करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत और हापुड़ जिलों में हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट से संबंधित करीब डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

# दुष्कर्म के मामले में ग्राम प्रधान सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में ग्राम प्रधान अतुल सिसोदिया सहित अन्य दो आरोपी सुमित, ललित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई शनिवार को हुए भारी जनआक्रोश के बाद की गई। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों और ग्रामीणों ने कोतवाली के सामने जोरदार हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने न्याय की मांग करते हुए पुलिस पर आरोप लगाया कि वह प्रभावशाली लोगों के दबाव में आकर गिरफ्तारी में देरी कर रही है।

आरोपी पिछले चार दिनों से पुलिस हिरासत में थे, लेकिन औपचारिक गिरफ्तारी आज ही की गई। मौके पर पहुंची पुलिस क्षेत्र



अधिकारी अनीता चौहान ने ग्रामीणों को जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देते हुए मामला शांत कराया था। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तेजी से जांच की जाएगी। गौरतलब है कि 21 में को क्षेत्र के गांव की किशोरी लापता हो गई थी। बाद में मिलने पर ग्राम प्रधान पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों पर दुष्कर्म के मामले में पोक्सो एक्ट सहित मुक. दमा दर्ज किया गया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीस कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## लूट के मामले के आरोपी के घर की होगी कुर्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के गांव जनुपुरा निवासी सोनू के घ्खिलाफ धारा 364 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद से पुलिस निरंतर आरोपी को तलाश कर रही है, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ सका और न ही न्यायालय में पेश हो सका है। उन्होंने बताया कि आरोपी के घर की कुर्की करने के लिए पुलिस ने न्यायालय से धारा 82 की कार्रवाई कराई गई है। इसको लेकर नोटिस चस्पा किया गया है, शीघ्र ही आरोपी के घर की कुर्की करने के लिए धारा 83 की कार्रवाई की जाएगी।

# शिविन कुमार ने यूपीएससी में किया शानदार प्रदर्शन, सीएपीएफ में बने असिस्टेंट कमांडेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक ज्ञान सिंह के बेटे शिविन कुमार सिंह ने यूपीएससी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। शिविन का चयन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर हुआ है, जहां उन्होंने AIR 249 रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर पुलिसकर्मी, अधिकारी और स्थानीय लोग बधाई दे रहे हैं।

शिविन कुमार ने यूपीएससी 2025 की परीक्षा में CAPF असिस्टेंट कमांडेंट के लिए AIR 249 रैंक हासिल की है, जो उनके कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। CAPF में असिस्टेंट कमांडेंट



शिविन का फोटो

का पद न केवल सम्मानजनक है, बल्कि देश की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभाता है। शिविन शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उन्होंने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 10 CGP। और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 95.2% अंक प्राप्त किए थे। इसके बाद, उन्होंने दिल्ली विश्व. विद्यालय के प्रतिष्ठित

**शिविन के पिता ज्ञान सिंह, जो गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में उपनिरीक्षक हैं, अपने बेटे की इस सफलता से बेहद खुश हैं**

किरोड़ीमल कॉलेज से बीएससी ऑनर्स रसायन विज्ञान की डिग्री हासिल की। वर्तमान में, वे दिल्ली विश्वविद्यालय से कानून (LLB) की पढ़ाई कर रहे हैं। शिविन कुमार की मेहनत और लगन ने उन्हें यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में शानदार रैंक दिलाई है। शिविन के पिता ज्ञान सिंह, जो गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली में उपनिरीक्षक हैं, अपने बेटे की इस सफलता से बेहद खुश हैं। उन्होंने बताया कि शिविन का IAS बनने का सपना भी है और वे उसकी तैयारी में भी जुटे हुए हैं। पुलिस विभाग के कर्मियों, वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने शिविन और उनके परिवार को बधाई दी है। ज्ञान सिंह ने बताया कि शिविन कुमार की मेहनत और अनुशासन ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है और उन्हें अपने बेटे पर पूरा भरोसा है कि वह अपने IAS बनने के सपने को भी साकार करेगा।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव टोडरपुर निवासी अंजली ने बताया कि उसकी शादी करीब क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से उसके पति समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी पिटाई शुरू करदी। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार को आरो. पियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दोस्ती, सम्मान व नेतृत्व की मिसाल बने प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस विभाग में जहां अक्सर जिम्मेदारियां बदलती रहती हैं, वहीं कुछ रिश्ते ऐसे भी होते हैं जो इंसानियत और आत्मीयता की मिसाल बन जाते हैं। ऐसा ही एक दृश्य उस समय देखने को मिला जब विजय गुप्ता को थाना हापुड़ देहात का नया प्रभारी नियुक्त किया गया और उनके परम मित्र थाना हाफिजपुर प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर स्वयं थाने पहुंचकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देने पहुंचे।

आशीष पुंडीर ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर विजय गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों अधिकारियों के बीच की मित्रता केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और परस्पर सम्मान पर आधारित है। जो



पुलिस विभाग में एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है। इस आत्मीय मिलन के क्षण में मौजूद स्टाफ भी भावुक हो उठा। थाने में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। निरीक्षक आशीष पुंडीर ने कहा कि विजय गुप्ता जैसा कर्मठ, जनता से जुड़ा हुआ और निडर अधिकारी जब किसी क्षेत्र की कमान संभालता है, तो वहां अपराधी अपने आप सतर्क हो जाते हैं और आम जनता राहत की सांस लेती है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने भी अपने इस विशेष स्वागत पर आभार जताते हुए कहा कि पुलिस की वर्दी सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, ये जनता के विश्वास की डोर होती है। मैं इस नए दायित्व को पूरी ईमानदारी और संवे. दनशीलता के साथ निभाऊंगा। मित्र आशीष पुंडीर का इस तरह आकर आशीर्वाद देना मेरे लिए गौरव का क्षण है। गौरतलब है कि विजय गुप्ता इससे पहले थाना बाबूगढ़ में प्रभारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर चुके हैं और अब हापुड़ देहात क्षेत्र को लेकर आम जनमानस में भी उम्मीद की नई किरण जगी है।

## विश्व रक्तदान दिवस टोल कर्मियों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर, क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा छिजरसी टोल प्लाजा पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त एकत्र करना था।

शिविर में छिजरसी टोल प्लाजा के लगभग 40 से अधिक कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिसमें टोल प्लाजा के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। कर्मचारियों ने रक्तदान कर यह संदेश दिया कि जीवन बचाने के लिए रक्तदान कितना महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले उच्च अधिकारियों में प्रोजेक्ट हेड अनिल शर्मा (एनएचएआई), आई. ई. राजवर्धन चौहान, प्लाजा मैनेजर रूपेश कुमार सिंह, एसीपीईएल के जीएम अमित शर्मा और टोल प्लाजा मैनेजर अमित कुमार सहित कई अन्य टोल प्लाजा कर्मचारी शामिल थे।



## मवाना शुगर मिल में कार्यरत कर्मचारी के पुत्र ने किया नाम रोशन

# आरव को सीएम ने किया सम्मानित

■ प्रदेश वॉलीबॉल टीम का कप्तान बन दिलाई जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मवाना शुगर मिल में कार्यरत कर्मचारी प्रवीण कुमार के बेटे आरव लाटियान ने मवाना सहित पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। आरव उत्तर प्रदेश की अंडर-19 वॉलीबॉल टीम के कप्तान हैं और हाल ही में तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अपनी टीम को जीत दिलाकर स्वर्ण पदक दिलवाया। आरव के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें लखनऊ बुलाकर अपने हाथों से सम्मानित किया और आशीर्वाद भी दिया। लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आरव को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आरव की इस उपलब्धि पर मवाना शुगर मिल और पूरा मवाना नगर गौरव महसूस कर रहा है।

शुगर मिल परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे होनहार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना युवाओं को नई दिशा देने का कार्य करता है। शुगर मिल कर्मचारी अध्यक्ष अशोक चौधरी ने आरव की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, हमारे मिल का कोई बेटा अगर प्रदेश स्तर पर नाम कमाता है तो यह हम सबके लिए गर्व की बात है। आरव जैसे बच्चों की मेहनत और लगन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। आरव की माता रिचा लाटियान ने बेटे की मेहनत और समर्पण पर गर्व जताया और बताया कि आरव शुरू से ही वॉलीबॉल में रुचि रखते हैं। लगातार अभ्यास और आत्मविश्वास ने उन्हें यह



मुकाम दिलाया। समस्त मवाना शुगर परिवार ने इस गौरवपूर्ण क्षण पर आरव को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पत्रकारों ने मेरठ प्रेस क्लब में किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुजरात अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में अपने प्राण गंवाने वाली दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु मेरठ के मंगल पांडे नगर स्थित प्रेस क्लब में एक श्र)ांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब परिसर में 108 आहुति का हवन यज्ञ किया गया। मेरठ पत्रकार प्रेस क्लब के अधयक्ष राहुल ठाकुर ने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसा दुखद हादसा है और जिस तरह लगातार इस तरह के हादसे बढ़ते जा रहे हैं सरकार को इन पर धयान देना चाहिए।

### चाहे रेल हो, विमान हो या फिर बस हो

सरकार को समय-समय पर सबके मेंटेनेंस का ध्यान रखना चाहिए ताकि लगातार हो रहे इन दुर्घटनाओं में गिरावट आ सके। इस दौरान अशोक गोस्वामी, अनिल बादली, सुनील बादली, राहुल ठाकुर, अजय चौधरी, गोपाल त्यागी, लोकेश टंडन, सागर कुशवाह, सलमान हैदर, रवि ठाकुर, शाह खान, रवि गुप्ता, गौरव पाराशर, बिट्टू कुमार, मुकेश ठाकुर, गोपाल त्यागी, पंडित शैलेंद्र कुमार, रवि गौतम, अरुण रस्तोगी सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।



प्रेस क्लब में हवन करते पत्रकार।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को पांच कालिदास मार्ग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जानी ब्लॉक के प्रमुख गौरव चौधरी व पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल चौधरी ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने विकासखंड जानी से जुड़े विकास कार्यों के लिए चर्चा की और भारतीय जनता पार्टी के विकास कार्य को लेकर भी विस्तार से चर्चा की।

वहीं गौरव चौधरी ने बताया कि जानी ब्लॉक में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र की जनता को प्रदेश की योजनाओ से जो फायदा मिल रहा है उससे योगी आदित्यनाथ हर किसी के दिल में बस रहे है। इसी के साथ-साथ जानी ब्लॉक में आए आंधी और तूफान से बागवानी के नुकसान को लेकर भी मुख्यमंत्री योगी को



अवगत कराया और उनसे उचित मुआवजे की मांग की। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया कि वह बागवानी नुकसान का किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

## टोलकर्मी ने खोया फोन वापस किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को सुबह अभिषेक कुमार महिपालपुर दिल्ली जोकि मेडिकल लाइन का काम करता है बाइक से हरिद्वार जाते समय टोल प्लाजा पर मोबाइल गिर गया सुरक्षाकर्मी हर्ष शर्मा ने लाइन पर पड़ा फोन ऑफिस में सुरक्षा अधिकारी मनिंदर विहान को लाकर जमा करवाया मनिंदर विहान ने बताया कि मोबाइल ओप्पो कंपनी का है जिसकी 10 से 14000 कीमत है दो सिम है फोन काम नहीं कर रहा डिस्प्ले टूट गई थी एक सिम निकाल कर दूसरे मोबाइल में लगाया ताकि जिसका फोन है वह फोन करें शनिवार को उसके मित्र और बहन टोल प्लाजा आकर फोन ले गए और वेस्टर्न यूपी टोल प्लाजा सिवाया की टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस बीच टोल कर्मचारी ने बताया कि इससे पहले भी फोन लोटाए गये है।

# भाकियू तोमर ने बहसूमा थाना घेरा

## दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी न होने से नाराज किसान को सीओ ने दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम में भाकियू तोमर के पदाधिकारी ने शनिवार की दोपहर भारी संख्या में थाने का घेराव किया। जिसमें अपनी मांगों को रखते हुए धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए मेरठ जिलाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, अखिल चौधरी आदि ने कहा कि जनवरी माह में 6 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

थाने के दरोगा या पुलिसकर्मी अवैध वसूली करने में लगे हुए हैं। पुलिस चेकिंग के नाम पर व्यापारियों एवं नागरिकों ग्रामीणों का शोषण कर रही है। क्षेत्र में किसान यदि मिट्टी का



क्षेत्राधिकारी मवाना को ज्ञापन सौंपते भाकियू तोमर के सदस्य।

काम करता है तो उससे अवैध वसूली करते हैं। धरने में पहुंचे क्षेत्रधिकारी मवाना अभिषेक पटेल ने किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं सुना और कहा कि दुष्कर्म के आरोपी के संबंधित जगहो पर दबिश दी गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। जिसमें आरोपी शहजाद उर्फ निक्की पुत्र रईसुदीन उर्फ पप्पू को उच्चाधिकारियों के आदेश पर 25 हजार रूपए का इनाम भी घोषित करा दिया गया है और कुर्की का नोटिस भी चस्पा किया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। भाकियू तोमर के जिलाध्यक्ष अखिल चौधरी ने कहा कि शासन प्रशासन को 15 दिन का समय दिया जा रहा हैं यदि 15 दिन के अंदर आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो अगले 15 दिनों के अन्दर थाने का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष शहजाद मलिक, ओमवीर सिंह, तौफिक सैफी, अखिल राणा, मोनू धीमान, दानिश अल्वी, इकपाल राठी, राकेश तेवतिया, सैकी सिंघल, स्पर्श सिंघल, हरवीर सिंह, ओमवीर सिंह, गर्वित चहल, मोहित, नितिन, पर्वित चहल आदि लोग शामिल रहे।

# फलावदा से लापता व्यापारी हरिद्वार से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे से पांच दिन पूर्व बुधवार को सुबह दौड़ लगाने गया व्यापारी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। घटना के संबंध में व्यापारी के पिता अमरपाल उर्फ कल्लू ने अपने पुत्र निशांत के लापता होने की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को व्यापारी निशांत के पिता अमरपाल ने बताया कि उनके लापता पुत्र निशांत दोपहर करीब 11 बजे हरिद्वार से मिल गया है। निशांत ने हरिद्वार में किसी अज्ञात ड्राइवर के फोन से अपनी मां को फोन करके बताया कि वह वापस घर आ रहा है।

निशांत को लेने के लिए हरिद्वार में काम कर रहे रिश्तेदार उसको लेने पहुंच गए। निशांत के पिता ने यह भी बताया कि वह कारोबार से संबंधित किसी मामले को लेकर डिप्रेशन में चल रहा था। इसी कारण से वह घर से बिना बताए चला गया था। पुलिस ने व्यापारी के घर पहुंच कर पिता अमरपाल से मामले की जानकारी कर निशांत के वापस आने



की पुष्टि कर वापस लौट गई। कस्बे के मोहल्ला जाटान निवासी मन्दवाड़ी मार्ग पर खल चौकर के थोक विक्रेता है। बुधवार सुबह करीब 6:30 वह अपना मोबाइल घर पर छोड़कर नियमित रूप से कस्बे के बातनौर मार्ग पर दौड़ लगाने के लिए निकले थे। वहां स्थित स्कूल व भट्टे पर पहुंचते ही लापता हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहा जंगल में आसपास खेतों में व्यापारी को तलाश करने का प्रयास किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। व्यापारी के पिता अमरपाल ने बताया कि निशांत रोजाना की तरह सुबह वॉक पर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा तो उनके आसपास खोजबीन कराई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला बाद में व्यापारी निशांत के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस घटना को लेकर कस्बे के व्यापारियों व क्षेत्र में दहशत बनी हुई थी। दो दिन बीतने के बाद भी लापता व्यापारी का कोई सुराग नहीं लग सका था। पुलिस द्वारा बातनोर मार्ग पर स्थित वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई थी। लापता व्यापारी निशांत चौधरी के पिता अमरपाल चौधरी ने बताया कि उनके पुत्र निशांत की आज तक किसी से कोई रंजिश भी नहीं है। उन्होंने थाने में थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी से मिलकर पुत्र को बरामदगी की गुहार लगाई थी।

## मेरठ की प्रियांचल यादव ने प्राप्त की air1562

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की कि उसके मेरठ शाखा के 27 छात्रों ने नीट यूजी 2025 जैसी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह सफलता छात्रों की मेहनत, अनुशासन द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन का प्रमाण है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने आज परीक्षा के परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किए। आकाश मेरठ शाखा के टॉप परफॉर्मर्स का प्रदर्शन सराहनीय रहा है प्रियांचल यादव, air1562, इशानी गुप्ता air1897, सौम्या शर्मा air1936, श्रेया त्यागी air 3616, अदिका अंसारी air 4904, अली हैदर air 5539, मोहम्मद उजैफ air 5741, तेजस सिंघल air 7690 मिले।

# पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल ने निकाला कैंडल मार्च




बच्चा पार्क पर अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते व्यापारी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष हाजी शारिक के नेतृत्व में बच्चा पार्क तिराहे पर अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में सभी मृतकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान हाजी तनसिफ, कमल सूद, सोनू कुरैशी, इनाम अंसारी, मंसूर उल इस्लाम, वाहिद ख्वाजा, अनुज सिंह, अरविंद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# लोकप्रिय अस्पताल में रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लोकप्रिय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया ने किया। उन्होंने इस अवसर पर रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान न केवल दूसरों के जीवन को बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। डॉ. कटारिया ने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल एक सामाजिक कर्तव्य है, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोत्तम रूप भी है। उन्होंने लोकप्रिय अस्पताल द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की शिविर में अस्पताल के डाक्टरों, नर्सों और स्टाफ ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा भावना का संदेश दिया। लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविंद्र ने सभी को विश्व रक्तदाता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धक करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. परमजीत रावत ने लोकप्रिय अस्पताल की सेवाओं के बारे में जानकारी दी और सभी रक्तदाताओं, आयोजकों तथा स्वयंसेवकों का



फीता काटकर शुभारंभ करते सीएमओ।

आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि शिविर में 156 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. के. गोपाल, डॉ. ईशा खनूजा, डॉ. रिद्धि वर्धन, डॉ. पीडी शर्मा, डॉ. वीरेंद्र खोखर, डॉ. तिलोतमा, डॉ. आरुषि, डॉ. संजय, रिहान आदि का विशेष योगदान रहा।

## दिल्ली पुलिस ने जानी से दो महिलाओं को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की सुबह जानी खुर्द में दिल्ली पुलिस ने छापा मारकर दो महिलाओं को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी पुलिस के अनुसार जानी खुर्द निवासी शिल्पी व अर्जना दिल्ली के मॉडल टाउन में दिल्ली निवासी अनिल के यहां नौकरी करती थी कुछ दिन पहले अनिल के घर में चोरी हो गई थी जिसमें कीमती सामान और नगदी आदि सामान चोरी हो गया था अनिल ने दो महिलाओं के बारे में पुलिस को बताया जहां दिल्ली पुलिस पूछताछ करते-करते शनिवार की सुबह जानी खुर्द पहुंची और शिल्पी और अर्जना को उनके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से कीमती जेवर और नगदी बरामद हुई पुलिस दोनों महिलाओं को अपने साथ ले गई वहीं दिल्ली पुलिस के जानी में आते ही हड़कंप मच गया।

## मेरठ में प्लास्टिक सर्जरी ओपीडी सेवाओं की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मैक्स मेडसेंटर, मेरठ में अपनी विशेष प्लास्टिक सर्जरी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर एस्थेटिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के कंसल्टेंट डॉ. ललित अग्रवाल उपस्थित रहे। वे अब हर महीने के दूसरे शनिवार को




दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मेरठ में उपलब्ध रहेंगे। इस नई सुविधा के जरिए मेरठ और आसपास के क्षेत्रों के निवासी अब एस्थेटिक और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी से जुड़ी प्रारंभिक चिकित्सकीय सलाह अपने ही शहर में प्राप्त कर सकेंगे। जिससे दिल्ली नहीं जाना होगा।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 58 लोगों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में नगर की अंम्बेडकर धर्मशाला में आयोजित आई ड्रीम टू ट्रस्ट के तत्वाधान में 29वां भव्य रक्तदान शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान मन्दवाडी फतेह सिंह शर्मा, व संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल ऊर्फ पप्पू सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस मौके पर युवाओं व समाज सेवियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान जीवनदान है के संदेश को सार्थक किया। आयोजनकर्ता आई ड्रीम टू ट्रस्ट की समर्पित टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य रूप से संस्था के राजन चौधरी संस्थापक, गौरव शर्मा, प्रशांत मोतला, मोनी प्रधान ने पूरी निष्ठा के साथ प्रबंधन व संचालन किया। रक्त संग्रहण की जिम्मेदारी भारतीय चैरिटेबल ब्लड बैंक, मवाना की कुशल टीम ने निभाई, रक्तदान करने वाले सभी लोगों को स्मृति चिन्ह व प्रेषित पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अश्वनी बिश्नोई, अजय शर्मा, मनोज जाटव, योगेंद्र कुमार, भाजपा नेता नरेंद्र खटीक, राकेश जाटव, आदि 58 लोगों ने रक्तदान किया। डॉ. कैलाश राणा निदेशक, आरित (टेक्निकल सुप. रवाइजर), स्टाफ नर्स अंकित, टेक्नीशियन आदिल, साहिल व तवनी राज आदि का सहयोग रहा है। आयोजन के अंत में सभी मुख्य अतिथियों और सहयोगी सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# नगर पंचायत के कर्मचारियों ने जब्त की पॉलीथिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आदर्श नगर पंचायत ने प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत कस्बे में प्रति. बंधित पॉलिथीन को जब्त करते हुए जुर्माना वसूला गया और दुकानदारों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए सचेत किया। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कस्बे में स्थित दुकानों पर पहुंचकर पॉलिथीन को देखा। जिसमें नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता और क्रियात्मक अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, लोगों को कपड़े या कागज के थेले इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करना और कचरा प्रबंधन में सुधार करना।

शनिवार को नगर पंचायत बहसूमा द्वारा प्लास्टिक अभियान चलाया गया तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन की जब्तिकरण व जुर्माना वसूला गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रबंध को लेकर विशेष रूप से लोगों को जागरुक भी किया। इस अभियान के तहत आम जनता को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें कपड़े अथवा कागज के थेले प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही दुकानदारों और ग्राहकों से पॉलिथीन का प्रयोग न करने की बात कहते हुए अपील की गई कि वह पर्यावरण की रक्षा करते हुए प्लास्टिक का प्रयोग बंद करें और स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग करें। चेयरमैन सचिन सुकड़ी, वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खां ने बताया कि यह अभियान 13 जून यानी शुक्रवार से शुरू होकर 24 जून तक चलाया जाएगा।

जिसमें लोगों को इस अभियान से जागरूक भी किया जा रहा है। प्लास्टिक उम्मूलन अभियान प्रारंभ 6.0 के अंतर्गत आदर्श नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बैनर तले प्लास्टिक की रोकथाम करने के लिए एक अभियान चलाया गया। जिसमें बाजारों में जाकर पॉलिथीन को जब्त किया और जुर्माना भी



दुकानदार के यहां पॉलिथिन जब्त करते नगर पंचायत के कर्मचारी।

लगाया गया। उन्होंने कहा कि 100 माइक्रोन की पॉलिथीन को ही इस्तेमाल करें और शासन की गाइडलाइन को पूरा करें। इस मौके पर मुख्य रूप से संदीप प्रजापतियों, मुन्नालाल, यादव, विकास कुमार, वीरेंद्र नागर, दिनेश कुमार, संजय वाल्मीकि, राजकुमार सैनी आदि शामिल रहे।

# कुकर्म करने का विरोध किया था इसलिए की थी अनिल की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** हमारे देश के युवा आजकल किस हद तक जा रहे हैं इसका उदाहरण इस घटना से लिया जा सकता है। पांच दिन पूर्व जानी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था जिसका सिर ईंट से कुचला हुआ था पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में हत्या का मामला निकला। जानी खुर्द में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। मृतक की पहचान अनिल कुमार पुत्र मंगतराम निवासी टीपी नगर मेरठ के रूप में हुई थी। वहीं मृतक के भाई सतीश ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज



कराया था। जिसकी विवेचना जानी थाना प्रभारी कर रहे थे शुक्रवार की देर रात पुलिस व स्वाट टीम की मदद से आरोपी को बागपत रोड से गिरफ्तार कर लिया आरोपी को जब थाने लेकर आए तो पुलिस द्वारा पूछताछ की गई जहां आरोपी ने बताया कि अनिल को पांच दिन पूर्व जानी अपने स्कूटर से लेकर आया था और शराब के नशे में अनिल से कुकर्म करने की फिराक में था लेकिन जब अनिल ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने ईंट से उसका सिर कुचल दिया और स्कूटी और ईट अपने साथ ले गया और अनिल को एक जानी खुर्द एक प्लाट में फेंक कर चला गया। पुलिस ने हत्या में उपयोग ईंट और अनिल की स्कूटी बरामद की आरोपी की पहचान आकाश उर्फ साहिल पुत्र बंटी निवासी मलियाना टीपी नगर फिलहाल आरोपी सरधना में रह रहा था। पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी आकाश उर्फ साहिल पुत्र बंटी को शनिवार को चालान कर जेल भेज दिया।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियन

● **डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता**






**लंदन, वार्ता।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साउथ अफ्रीका की टीम क्रिकेट के किसी भी फार्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीत लिया है।

टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लाड्र्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नाटआउट रहे। मार्करम प्लेयर आफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी। 84वें ओवर की चौथी बाल पर काइल वेरिययन ने एक रन लेकर साउथ अफ्रीका को 5 विकेट से जीत दिला दी। टीम पहली बार क्रिकेट के किसी फार्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनी है। साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी टाइटल जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। 84वें ओवर की तीसरी बाल पर काइल वेरियन को जीवनदान मिला। स्टार्क के ओवर की तीसरी बाल वेरियन के बैट का बाहरी किनारा लेकर विकेट कीपर एलेक्स के दस्तानों पर गई। कैच हुआ, लेकिन फील्ड अंपायर्स ने वेरियन को नाटआउट करार दिया। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस रिव्यू नहीं ले सके, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सभी रिव्यू पहले ही गंवा दिए थे। 81वें ओवर की आखिरी बाल पर साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम 136 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ट्रैविस हेड ने शार्ट मिडविकेट पर कैच किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी नई बाल से जोश हेजलवुड बालिंग करने आए। साउथ अफ्रीकी पारी के 80 ओवर पूरे होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने नई बाल की मांग की। बाल बदलने के बाद उन्होंने जोश हेजलवुड को ओवर सौंपा। 282 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 75वें ओवर की पहली बाल पर बेडिंघम ने एक रन लेकर टीम स्कोर 250 पार पहुंचाया। 71वें ओवर द. अफ्रीका ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां ट्रिस्टन स्टब्स 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपने ओवर की तीसरी बाल पर बोल्ड कर दिया। पिछली बाल पर स्टब्स विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच होने से बचे थे। यहां ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू भी गंवाया। 69वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट होने से बच गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क के ओवर की आखिरी बाल पर मिड आफ की ओर से खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। पैट कमिंस ने तेजी से आकर बाल नान स्ट्राइक एंड पर थ्रो की। यह थ्रो स्टंप पर नहीं लगा और स्टब्स आउट होने से बच गए। अगर बाल स्टंप पर लगती तो स्टब्स को पवेलियन लौटना पड़ता। अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 59वां ओवर डाल रहे कमिंस ने कैच आउट कराया और शतकीय साझेदारी को तोड़ी। ओवर की आखिरी बाल पर बावुमा को एलेक्स कैरी ने कैच किया।

## चोटिल स्टीव स्मिथ ने नहीं करायी सर्जरी

**विंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने में संशय**

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन शुक्रवार को कैच लेने के दौरान अंगुली में चोट खाने वाले ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने कम्पाउंड डिस्लोकेशन की सर्जरी से बचने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फिट होने के लिए उन्हें अभी भी समय की कमी का सामना करना पड़ सकता है। तेम्बा बावुमा का तेज कैच लपकने के प्रयास मे स्मिथ चोट खा बैठे थे। मैदान से बाहर निकलते ही वह सीधे अस्पताल गए जहां घाव को साफ किया गया, टांके लगाए गए और उंगली को स्प्लिंट में रखा गया और यह समझा जाता है कि अगर वह स्प्लिंट के साथ ऐसा करने में सक्षम हैं तो वह बल्लेबाजी करने में सक्षम होंगे, जिसे उन्हें आठ सप्ताह तक पहनने की आवश्यकता होगी, हालांकि घाव के लगभग एक पखवाड़े में ठीक होने की उम्मीद है। मैदान में उन पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन करने की आवश्यकता होगी और यह स्लिप में क्षेत्ररक्षण करने की उनकी क्षमता को बाधित कर सकता है।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित

● **बीसीसीआई और ईसीबी ने अहमदाबाद दुर्घटना के कारण लिया फैसला, पहला टेस्ट 20 जून से**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित कर दिया गया है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद यह इस आयोजन को स्थगित करने (या शायद इसे पूरी तरह से रद्द करने) का फैसला लिया गया है। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। हालांकि नाम बदलने की अधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। ट्रॉफी का अनावरण शनिवार (14 जून) को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान किया जाना था। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लाड्र्स में होने वाली सेरेमनी को आपसी सहमति से रद्द करने का फैसला किया है। ईसीबी के अधिकारी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। बीसीसीआई अभी भी घोषणा के लिए सही समय का इंतजार कर रहा है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इर्' तखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

## जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग आज से शुरू

**मुंबई, वार्ता।** दुनिया की पहली फ्रैंचाइज़-आधारित रग्बी लीग जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का पहला संस्करण 15 जून से शुरु होगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग में कुल 34 मैच खेले जायेंगे, जिसमें चार दिन तीन गेम खेले जाएंगे, जबकि प्रत्येक दिन दो गेम होंगे। प्रतियोगिता का फिनाले 29 जून को निर्धारित है। सभी मैच मुंबई के शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में होंगे। लीग में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स, चेन्नई बुल्स, दिल्ली रेड्ज़, हैदराबाद हीरोज, कलिगा ब्लैक टाइगर्स और मुंबई ड्रीमर्स फ्रेंचाइजी की टीमे हिस्सा लेंगी। लीग में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, अर्जेंटीना, ग्रेट ब्रिटेन, आयरलैंड, यूएसए और स्पेन के 30 मार्की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे इसके अलावा, कनाडा, हांगकांग और जर्मनी के 18 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। लीग में 71 की नीलामी पूल से चुने गए 30 भारतीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। लीग में खेल के सर्वश्रेष्ठ कोच भी शामिल होंगे, जिनमें माइक फ्राइडे (पूर्व यूएसए 7 हेड कोच), बेन गॉलिग्स (इंग्लैंड 7 लीजेंड, पूर्व फिजी 7 हेड कोच), डीजे फोर्ब्स (न्यूजीलैंड 7 आइकॉन), टॉमासी कामा (न्यूजीलैंड 7 हेड कोच, न्यूजीलैंड 7 लीजेंड), पाको (स्पेन 7 हेड कोच) और टिम (ऑस्ट्रेलिया महिला 7 हेड कोच) शामिल हैं। इस अवसर पर रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण होने जा रहा है।

## 10मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने विश्व कप में जीता गोल्ड मेडल




● **ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट को हराया भारत की झोली में आया टूर्नामेंट में पहला गोल्ड**

**म्यूनिख, वार्ता।** विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की नेशनल चैंपियन सुरुचि ने म्यूनिख में आईएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने फाइनल में 241.9 अंक हासिल किए और पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट कैमिल जेद्रजेवस्की को 0.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया। कैमिल जेद्रजेवस्की को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं, चीन की याओ चियानशुआन ने ब्रान्ज मेडल जीता। सुरुचि का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड सुरुचि का लगातार तीसरे वर्ल्ड कप स्टेज में गोल्ड मेडल है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स और लीमा में हुए वर्ल्ड कप में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। ब्यूनस आयर्स उनका पहला इंटरनेशनल वर्ल्ड कप था। हरियाणा की रहने वाली सुरुचि ने पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर चैंपियन बनी थी। सुरुचि पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में चैंपियन बनी थी। सुरुचि शुरुआती सीरीज में टाप पर रही सुरुचि ने फाइनल में शुरुआती सीरीज में 52.1 अंक लेकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरी पांच- शाट सीरीज के अंत तक वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। 11वीं शाट में 9.7 के स्कोर के बाद वह चौथे स्थान पर आ गईं। उसके बाद उन्होंने वापसी की। यहीं से उनके प्रदर्शन में तेजी आई। 12वीं शाट में शानदार 10.8 स्कोर कर उन्होंने फिर से बढ़त हासिल की। वहीं, 18वीं शाट में कैमिल और याओ ने बढ़त बना ली। इसके बाद याओ ने अपनी 22वीं शाट में 9.4 स्कोर किया, जिससे सुरुचि कैमिल के पीछे दूसरे स्थान पर आ गईं। अंतिम दो शाट में वह कैमिल से 0.5 अंक पीछे थीं। 23वीं शाट में सुरुचि ने 10.5 जबकि कैमिल ने 9.5 स्कोर किया, जिससे भारतीय शूटर 0.5 अंक से आगे निकल गईं। आखिरी शाट में दोनों ने 9 स्कोर किया, लेकिन सुरुचि ने बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीत लिया।

## बदले गए बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियम

● **गेंद को एक बार ही हवा में उछाल सकेंगे, अक्टूबर 2026 में एमसीसी में शामिल किए जाएंगे**



**लंदन, वार्ता।** मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव किए हैं। ये बाउंड्री से बाहर जाकर बाल उछालने पर लिए जाने वाले कैच से संबंधित हैं। यह बदलाव एमसीसी अक्टूबर 2026 से शामिल करेगा, जबकि आईसीसी अगले महीने से इस नियम को शामिल कर लेगा। 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट से यह नियम लागू हो जाएगा।

बाउंड्री के बाहर जाकर बाल उछाली तो 2 कंडीशन रहेंगी-पहली- पहले कई मौकों पर बाउंड्री पर खड़े खिलाड़ी हवा में जा रही गेंद को एक बार बाउंड्री के अंदर रहते हुए उछाल देते थे, फिर बाउंड्री पार करके हवा में उछाल देते थे और बाउंड्री के अंदर आकर कैच ले लेते थे। अब इसे कैच नहीं माना जाएगा और बल्लेबाज को रन मिलेगा। दूसरी- किसी खिलाड़ी ने बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलकर बाल अंदर फेंकी, फिर दूसरे खिलाड़ी ने कैच किया तो यह तभी मान्य होगा जब बाल उछालने वाला खिलाड़ी भी बाउंड्री के अंदर हो। बिग बैश लीग में माइकल नेसेर के बाउंड्री कैच पर उठा था सवाल 2023 में बिग बैश लीग (बीबीएल) में माइकल नेसेर ने बाउंड्री पर एक कैच पकड़ा था, जिस पर सवाल उठे थे। इसके बाद ही आईसीसी ने मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) को कैच के नियमों की समीक्षा करने के लिए कहा था। नेसेर के कैच के बारे में बताते हुए एमसीसी ने कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले ष्बनी हापष किया। बनी हाप मतलब जब कोई खिलाड़ी बाउंड्री के बाहर जाने के बाद हवा में उछलकर गेंद को अंदर फेंककर कैच पकड़ता है। हालांकि यह नियम के मुताबिक था, लेकिन नोट में कहा गया कि ऐसा लगा कि हकीकत में फील्डर ने बाउंड्री के काफी बाहर जाकर गेंद को उछाला और फिर कैच लिया था। माइकल नेसेर ने बीबीएल 2023 के दौरान एक शानदार बाउंड्री कैच लिया, लेकिन अब ऐसे प्रयास कैच नहीं माने जाएंगे। 2020 में भी बीबीएल में मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट को लेकर उठा था सवाल साल 2020 में बीबीएल में हाबर्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट के बीच खेले गए मैच के दौरान भी मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट होने को लेकर सवाल उठे थे। दरअसल पहली पारी में हाबर्ट हरिकेंस के कप्तान वेड ने 15वें ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्री पर शाट खेल दिया। बाउंड्री पर खड़े ब्रिसबेन हीट के मैट रैनशा ने हवा में उड़कर गेंद को अंदर की ओर फेंक दिया।

## अवनि प्रशांत हुलेनकोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर

**हुलेनकोर्ट, वार्ता।** भारत की अवनि प्रशांत ने यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर दूसरे स्थान पर कब्जा बनाये रखा है। दूसरे दौर में अवनि का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। अवनि के अलावा कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी हैं।

## नेपाल-वेस्टइंडीज के बीच ऐतिहासिक टी-20 सीरीज सितम्बर में

**एंटीगुआ, वार्ता।** नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार सितम्बर के अंत में शारजाह में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए आमने-सामने होंगी। यह सीरीज वेस्टइंडीज को 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खुद को तैयार होने का मौका देगी। ये मैच रोहित पौडेल की टीम के लिए एशिया/ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर अभियान से पहले अंतिम तैयारी होगी।

## भारत को मिलेगा अभ्यास करने का फायदा: कृष्णा



● **इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हूं**

**बेकेनहैम, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गयी भारतीय टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट श्रृखंला से पहले उनकी टीम को अभ्यास मैचों में खेलने का फायदा मिलेगा।

बीसीसीआई टीवी से बात. चीत में कृष्णा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ अभ्यास मैच खेलने का फायदा निसंदेह टीम को मिलेगा। हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है।

यह एक बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने यहां अच्छी गेंदबाजी की है जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया है। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। आईपीएल में अपनी शानदार गेंदबाजी के कारण सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल करने वाले तेज गें. दबाज ने उम्मीद जाहिर की कि इंग्लैंड में मौका मिलने पर वह अपनी फार्म को बरकरार रखना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मैने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है।

अब इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। कृष्णा ने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना है कि विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद की जाये। आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय महिला टीम घोषित कर दी है। टीम में स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। आईसीसी महिला वनडे और टी-20 गेंदबाज रैंकिग में क्रमश: नंबर 1 और नंबर 4 पर रहीं एक्लेस्टोन ने क्रिकेट से अस्थायी ब्रेक के बाद वापसी की है। वेस्टइंडीज पर टी-20 और वनडे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत के बाद इंग्लैंड की टीम पहले से ही आत्मविश्वास से भरी हुई है। इस सीरीज से चार्लोट एडवड्र्स के मुख्य कोच और नेट साइवर-ब्रंट की कप्तानी की सफल शुरुआत हुई है। पिछले महीने वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर की भी टीम में वापसी हुई है। आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिग में तेजी से आगे बढ़ रही एमी जोन्स को भी टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड टीम : एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), पैगे स्कोल्फील्ड, लिसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग। एडवड्र्स ने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के बारे में अपनी उत्सुकता जाहिर की।




नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अभिभावक।

# ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

## खामेनई ने सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा

**तेहरान।** इजरायली हमलों में अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद ईरान ने नए अफसरों की तैनाती कर दी है। ईरान के कमांडर इन चीफ अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान की सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा है।

खामेनेई ने मेजर जनरल अमीर हातमी को ईरानी सेना का मुख्य कमांडर बनाया है। जबकि मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ आफ स्टाफ बनाया है। मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं। अपने आदेश में अयातुल्ला अली खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सेना में परिवर्तनकारी और



क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। इसके अलावा खामेनेई ने इजरायली हमले में पूर्व चीफ आफ स्टाफ आफ द आर्म्ड फोर्सेज (सीएसएएफ) जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को चीफ आफ स्टाफ बनाया है। आदेश में खामेनेई ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद

- **मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ बनाया**
- **मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं**

अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवा और अनुभव के मद्देनजर उनको सशस्त्र बलों के चीफ आफ स्टाफ के रूप में नियुक्त किया जाता है। इजरायली हमलों में लेफ्टिनेंट जनरल होसैन सलामी की मौत के बाद मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर को आईआरजीसी का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया। खामेनेई ने कहा कि मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर की सराहनीय सेवाओं और बहुमूल्य अनुभव को देखते हुए उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया जाता है। अयातुल्ला अली खामेनेई ने लेफ्टिनेंट जनरल घोलामाली रशीद की मौत के बाद मेजर जनरल अली शादमानी को खतम अल-अनबिया (पीबीयूएच) सेंट्रल मुख्यालय का कमांडर नियुक्त किया गया है। इजरायल के हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य अफसरों की मौत हुई है। इसमें आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल होसैन सलामी, ईरान के सशस्त्र बलों के पूर्व चीफ आफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। इसके अलावा आईआरजीसी की वायु सेना के प्रमुख आमिर अली हाजीजादेह की भी मौत हो गई। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए।

# तेहरान ने दिया वॉशिंगटन को अल्टीमेटम

## इजरायल पर हमला जारी रहेंगे, पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा ईरान

**तेहरान/संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की सेना ने कहा है कि वह इजरायल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'फ़ार्स न्यूज़' ने शनिवार को एक अज्ञात्ु ोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया।

सूत्र ने एजेंसी को बताया कि यह युद्ध इज़रायली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था। अब यह इजरायल द्वारा कब्जा किए गए सभी क्षेत्रों और उस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों तक फैल जाएगा। हमलावरों को ईरान से निर्णायक और बड़े पैमाने पर जवाब मिलेगा। फ़ार्स न्यूज़ के अनुसार सेना के आत्मघाती अरेश ड्रोन कथित तौर पर 'कब्जे वाले क्षेत्रों' में इज़रायल में लक्षित लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक हमला करने में सक्षम हैं। आईआरजीसी ने कहा कि प्रतिक्रिया (जिसका कोड नाम ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस आईआईआई था) में एयरोस्पेस डिवीजन ने सिलसिलेवाल मिसाइलें दागीं और रणनीतिक इज़राईली लक्ष्यों के खिलाफ सशस्त्र ड्रोन तैनात किए। बयान में कहा



- **इजरायल से बातचीत करना अब अर्थहीन है, अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था हमला**

गया है कि ऑपरेशन में 'सटीक और स्मार्ट हथियार प्रणालियों के संयोजन' का इस्तेमाल किया गया, विशेष रूप से इज़राइली सैन्य केंद्रों और एयरबेसों को लक्षित किया गया, जहां से शासन ने अपने आपराधिक आक्रमण की शुरुआत की थी। एजेंसी ने कहा कि ईरान इज़रायल पर हमला करना जारी रखेगा और पहले उठाए गए कदमों तक खुद को सीमित नहीं रखेगा। वहीं ईरान ने इजरायल पर अपने क्षेत्र में हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि इस समय उससे किसी भी तरह की बातचीत करना 'अर्थहीन' है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने 'तस्नीम समाचार' एजेंसी से बातचीत में अमेरिका

- **आईएईए के महानिदेशक ग्रॉसी ने ईरान पर इजरायली हमलों के बाद संयम बरतने का आह्वान किया**

पर इजरायल के हमले का समर्थन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था।

बाकेई ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के लिए हाल के महीनों में अमेरिका की ओर से की गई वार्ता के बारे में कहा कि दूसरे पक्ष ने इस तरह से काम किया है कि बातचीत निरर्थक हो गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल को चेतावनी दी है कि उसके हमले में देश के सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल हमारे घातक हमले और 'कड़ी सज़ा' के लिए तैयार रहे। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक उसके क्षेत्र में हमले होते रहेंगे। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमलों के बाद अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया। ग्रॉसी ने सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहा कि मैं दोहराता हूं कि परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा और संरक्षा को खतरे में डालने वाली कोई भी सैन्य कार्रवाई ईरान क्षेत्र और उससे परे के लोगों के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान से बचाने के लिए संदर्भ या परिस्थितियों की परवाह किए बिना परमाणु सुविधाओं पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों का परमाणु सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षा उपायों के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

### ईरान के अराश ड्रोन ने इजरायल के ठिकानों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान के अराश कामिकेज़ ड्रोन ने शनिवार सुबह सटीक निशाना साधते हुए इजरायल में ठिकानों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया।

ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने अपनी रिपोर्ट बताया है कि अराश एक मानव रहित हवाई वाहन या फिर ड्रोन है जिसकी परिचालन सीमा 2000 किलोमीटर से अधिक है। इसे ईरान के सैन्य विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स ने एक बयान में कहा कि उसने इज़रायल में सैन्य केंद्रों और हवाई ठिकानों सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है। ईरान ने इजरायल के हवाई हमलों के बदला लेने के लिए इसे शुरू किया है। गौरतलब है कि इजरायल की ओर से किए गए हमले में ईरान के कई शीर्ष रैंकिंग वाले सैन्य कमांडर, प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक और निर्दोष नागरिक मारे गए थे। ईरान की सेना ने कहा है कि कई अराश कामिकेज़ ड्रोन ने सफलतापूर्वक कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रवेश किया और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने कब्जे वाले फ़लस्तीन में इजरायल के कई ठिकानों पर कम से कम पांच बैलिस्टिक मिसाइल दागे हैं। इसके कारण देर रात से शनिवार तड़के तक इज़रायल में अलर्ट सायरन लगातार बजते रहे। ईरानी मीडिया में फुटेज में कब्जे वाले क्षेत्रों में व्यापक मलबे को दिखाया गया है। वहीं, इज़राइल की मीडिया ने इस तबाही को इतिहास में अभूतपूर्व बताया है।

# ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने पर फैला रेडिएशन

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रोसी ने पुष्टि की है कि इजरायली हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने पर रेडिएशन और केमिकल लीक हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए राफेल ग्रोसी ने यह जानकारी दी। ग्रोसी ने कहा कि इजरायली हमले में नतांज परमाणु ठिकाने के ऊपरी और जमीनी ढांचा तबाह हो गया है। हालांकि जमीन के भीतर मौजूद यूरेनियम संवर्धन केंद्र को नुकसान पहुंचने के कोई संकेत अभी नहीं मिले हैं।

हालांकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से सेंट्रीफ्यूज प्रभावित हुए होंगे। नतांज साइट पर रेडियोएक्टिव और केमिकल प्रदूषण हुआ है। ग्रोसी ने बताया कि साइट के बाहर मौजूद रेडिएशन सामान्य स्तर का है और उससे पर्यावरण और लोगों को कोई नुकसान नहीं होगा। ग्रोसी ने कहा कि परमाणु केंद्र के भीतर जो रेडिएशन मौजूद है, वह अल्फा पार्टिकल्स हैं, जिन्हें सुरक्षा प्रबंधों से मैनेज किया जा सकता है। एजेंसी ईरान के परमाणु रेगुलेटरी अथारिटी के लगातार संपर्क में है और नुकसान की समीक्षा कर सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। ग्रोसी के अनुसार, ईरान ने उनके परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा ऐजेंसी ने किया दावा**

की जानकारी दी, जिनमें फोर्डो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट और एसफहान काम्पलेक्स शामिल हैं। इन केंद्रों का इस्तेमाल यूरेनियम संवर्धन के लिए किया जा रहा है। एजेंसी के प्रमुख ने परमाणु केंद्रों पर हमले पर चिंता जाहिर की और कहा कि परमाणु केंद्रों पर कभी भी हमले नहीं होने चाहिए क्योंकि इससे लोगों के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इस तरह के हमले परमाणु सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ईरान की राजधानी तेहरान से 241 किलोमीटर दूर स्थित नतांज परमाणु केंद्र ईरान का यूरेनियम संवर्धन के लिए सबसे अहम केंद्र है। ईरान फिलहाल 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन इसी केंद्र पर कर रहा है। आपरेशन राइज़िंग लायन के जरिए इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों के साथ ही 200 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में ईरान के परमाणु केंद्रों को तो नुकसान पहुंचा ही है, साथ ही ईरान की सेना के कई शीर्ष कमांडर और दो परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं।

# पिज्जा के बढ़े ऑर्डर से हुआ दिलचस्प खुलासा!

## पेंटागन से मिले कुछ खास संकेत

**वाशिंगटन।** इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष अब अपने चरम की तरफ पहुंचता दिख रहा है, जब इजरायल ने ईरान पर एयरस्ट्राइक की तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इजरायल ने अमेरिकी को जानकारी नहीं दी। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को ईरान पर इजरायल के हमले के बारे में 'सबकुछ' पता था।

जब यह पूरा घटनाक्रम शुरू भी नहीं हुआ था तब अमेरिका के सैन्य कार्यालय-पेंटागन में कुछ ऐसा हो रहा था, जिससे दुनिया में कहीं न कहीं कुछ बड़ा होने के संकेत मिलने लगे थे। यह है अमेरिका के सैन्य मुख्यालय के आसपास बड़ी मात्रा में पिज्जा आर्डर्स होना। फिलहाल तो इसे थ्योरी ही माना जा रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि




अमेरिका को पहले से थी इजरायल के ईरान पर हमले की भनक

पेंटागन में जब कभी ऐसा होता है तब वैश्विक संकट के पैदा होना लगभग तय होता है। इस खास घटनाक्रम को अमेरिका में 'पिज्जा इंडेक्स' का नाम तक दिया गया है। एक्स पर एक अकाउंट है। नाम है- पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट। यह अकाउंट अमेरिका के आर्लिंग्टन काउंटी में मौजूद पिज्जा डिलीवरी आउटलेट्स में पिज्जा के ऑर्डरों और डिलीवरी की निगरानी रखता है। आर्लिंग्टन काउंटी, वर्जीनिया राज्य में वही जगह है, जहां पेंटागन का दफ्तर है। पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट नाम के अकाउंट का दावा है कि वह स्थानीय पिज्जा की दुकानों पर नजर रखता है और अगर गूगल मैप्स पर इन आउटलेट्स के बाहर जाम की स्थिति या सड़क के व्यस्त होने की स्थिति दिखती है, तो इसका मतलब है कि दुनिया में कहीं कुछ बड़ा होने वाला है।

# विलशायर संघीय भवन की सुरक्षा के लिए 200 मरीन तैनात

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सरकार ने आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद विलशायर फेडरल बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए लॉस एंजिल्स में 200 से अधिक मरीन तैनात किए हैं।

'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना के मेजर जनरल स्कॉट शेरमेन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मरीन को नागरिकों के उपद्रव को नियंत्रित करने का पूरा प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें हालांकि संघीय इमारत की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, इसलिए वे केवल उस बिंदु तक ही अशांति को नियंत्रित करेंगे। कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लेंगे। शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जिसमें कैलिफोर्निया आर्मी नेशनल गार्ड के 4,000 से

- **शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं**

अधिक सैनिक और करीब 700 मरीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रविवार से तैनात किए गए नेशनल गार्ड सैनिकों ने भी कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लिया है। इनके यहां पहुंचने के बाद से कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ है। उन्होंने संघीय कानून प्रवर्तन कर्मियों ने प्रदर्शनकर्मियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य 500 तैनात मरीन को लॉस एंजिल्स में क्या कार्यभार सौंपा जाएगा। शेरमैन ने कहा कि वह भविष्य के अभियानों के बारे में अनुमान नहीं लगा सकते, लेकिन हालिया प्रशिक्षण संघीय संपत्ति की रक्षा पर केंद्रित रहा है।

# ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका, वरना कुछ नहीं बचेगा: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को और बढ़ने से रोकने का वरना कुछ नहीं बचेगा।

वहीं इजरायल ने ईरान पर हमले जारी रखने की बात कही है। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि उनका ईरान पर हमले में कोई हाथ नहीं है, लेकिन ट्रम्प ने



कहा कि इजरायल ने उनके हथियारों का इस्तेमाल करके ही ईरान के परमाणु केंद्रों और बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन केंद्रों पर हमला किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया में सबसे खतरनाक हथियार बनाता है। इजरायल के पास ऐसे बहुत सारे हथियार हैं और उन्हें ये भी पता है कि इन हथियारों का कैसे इस्तेमाल करना है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष छिड़ने के बाद अमेरिका ने अपने युद्धक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। ये बदलाव इजरायल की मदद के लिए किया गया है। अमेरिका का डेस्ट्रायर यूएसएस थामस हडनर भूमध्यसागर की तरफ रवाना हो गया है। एक और डेस्ट्रायर भी पूर्वी भूमध्य सागर की तरफ बढ़ रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के हमले के बाद अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर चर्चा करना अर्थहीन है।

# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा: एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा।

रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात लगभग आठ प्रतिशत घटकर 19.33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा।

रिपोर्ट में एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है 'रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की अपनी स्थिति को बनाये रख सकता है।' संगठन के पूर्वानुमानों के अनुसार, 2024-25 कृषि वर्ष में रूस से गेहूं का निर्यात 4.26 करोड़ टन होगा, जो पिछले तीन साल के उसके औसत वार्षिक निर्यात 4.20 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। अगले फसल वर्ष में यह बढ़कर 4.65 करोड़ टन तक पहुंच सकता है।

# चीन में चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और साल के इस पहले तूफान से देश के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवाएं और भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तूफान आज तड़के पांच बजे 19.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 108.8 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। अभी तूफ़ान 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है और इसके दोपहर तक दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के लेइझोउ से गुआंग्शी के बेइहाई तट तक पहुंचने के आसार हैं।

# विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक जारी

## अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को दे रहे हैं श्रद्धांजलि

**वाशिंगटन/लंदन।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक की लहर है। अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने बड़ी संख्या में हुई मौतों पर दुख जताया है। भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है।

वहीं अमेरिका के मंदिरों और भारतीय-अमेरिकी संघों में प्रार्थना सभाओं और शोक सभाओं की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया। गुजरात से आए भारतीय अमेरिकियों की बड़ी आबादी वाले ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स आफ ग्रेटर ह्यूस्टन के संस्थापक सचिव जगदीप अहलूवालिया ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैंने पिछले साल ह्यूस्टन और गुजरात के बीच

- **इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया**

व्यापारिक संबंध बनाने में मदद करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। अहमदाबाद के मूल निवासी और ह्यूस्टन के चिकित्सक डा. पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दुर्घटना हुई। मैं वहां मेडिकल स्कूल गया था। कृपया मेरे साथ मिलकर प्रियजनों के प्रति संवेदना और शक्ति प्रकट करें। सभी 242 यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। नासा की भूतपूर्व इंजीनियर और स्थानीय अधिवक्ता डा. वीना अंबरदार ने कहा कि समुदाय हिल गया है। हम सभी लोग इस दर्द को साझा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हर शोक संतप्त परिवार और चौबीसों घंटे काम करने वाली बहादुर मेडिकल टीमों के साथ हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ और ह्यूस्टन में लंबे समय से रह रहे डा. निक निकम ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला है। ड्रीमलाइनर 787 ने लाखों मील सुरक्षित उड़ान भरी है। यह पहली घातक दुर्घटना है। मेडिकल छात्रों सहित कई युवा लोगों की जान चली गई। कई सवाल हैं, लेकिन कोई जवाब इस दुख को कम नहीं कर सकता। हमारी प्रार्थनाएं परिवारों और भारत के साथ हैं। ओम शांति। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा कि त्रासदी ने हमारे दिल को तोड़ दिया है। हमारी प्रार्थनाएं एअर इंडिया के यात्रियों के परिवारों, मेडिकल छात्रों, सिविल अस्पताल के निवासियों और कर्मचारियों तथा इसके अधीक्षक डा. राकेश जोशी के साथ हैं।

# सिडनी में घर में आग लगने से एक महिला की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के सिडनी में शुक्रवार रात एक घर में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और एक पुरुष को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सिडनी के इनर-वेस्ट में पीटरशैम में एक घर में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 11:50 बजे लग लगी। पुलिस ने आस-पास के घरों को खाली कराया, जबकि अग्निशमन और बचाव दल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। घर के अंदर एक महिला (82) का शव मिला जबकि दूसरे 57 वर्षीय व्यक्ति का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।



# महज 500 रुपये लेकर मुंबई जा पहुंची थी दिशा पाटनी

**वर्षों तक परेशान रहीं थी नेशनल क्रश कही जाने वाली दिशा**

**मुंबई।** दिशा पाटनी बॉलीवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस एक्ट्रेस मानी जाती हैं। उनके बोल्ड अंदाज और स्टाइलिश लुक के लिए कई लोग उन्हें नेशनल क्रश भी कहते हैं। एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी में प्रियंका झा के किरदार से दिशा ने सबका दिल जीता, वहीं मलंग, भारत और राधे जैसी फिल्मों से उन्होंने पापुलैरिटी हासिल की।

दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। वो एक कुमाऊंनी राजपूत परिवार से हैं। उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी यूपी पुलिस में DSP रह चुके हैं और मां स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी। उनकी बड़ी बहन खुशबू पाटनी भारतीय सेना की पूर्व मेजर हैं और एक छोटा भाई सूर्यांश भी है। दिशा पाटनी को लोग भले ही फैशन आइकान मानते हों, लेकिन खुद दिशा इस टैग को मानने से इनकार करती हैं। रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, मैं थोड़ी टाम बाय हूं। बचपन में मेरे बाल आर्मी कट हुआ करते थे और मैं लड़कों जैसी दिखती थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें आरामदायक कपड़े पहनना पसंद हैं, जैसे बास्केटबाल शार्ट्स, लूज हूडी और टी-शर्ट। दिशा शुरू से पढ़ाई में तेज थीं। उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ से बायोटेक्नोलाजी में इंजीनियरिंग शुरू की थी, लेकिन दूसरे साल में ही ग्लैमर की दुनिया में किस्मत आजमाने के लिए पढ़ाई छोड़ दी। 2018 में एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए दिशा पाटनी ने कहा था, मैं बहुत पॉजिटिव इंसान हूं।

शायद उस वक्त मैं तैयार नहीं थी। मैंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी और मुंबई आ गई थी। एक कॉलेज की लड़की के लिए एक नए शहर में आना, जहां कोई जान-पहचान न हो, आसान नहीं था। मैं अकेले रह रही थी, अपने पैसे खुद कमा रही थी और कभी भी अपने परिवार से पैसे नहीं मांगे। मैं सिर्फ रु. 500 लेकर मुंबई आई थी और कुछ समय बाद मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं बचे थे। दिशा पाटनी ने आगे कहा था, मैं बहुत सारे आडिशन देती थी, ज्यादातर टीवी विज्ञापनों के लिए। मेरे ऊपर लगातार यह प्रेशर होता था कि अगर इस महीने कोई काम नहीं मिला, तो किराया कैसे दूंगी। उस समय मुझे जो भी काम मिला, वो सिर्फ काम था, जब तक कि मुझे एक्टिंग से प्यार नहीं हो गया। दिशा पाटनी ने यह भी कहा था कि उन्हें करियर की शुरुआत में कई रिजेक्शन झेलने पड़े। उनकी पहली फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था, लेकिन वह मानती हैं कि हर रिजेक्शन इंसान को मजबूत बनाता है।

# पांच साल बाद स्क्रीन पर होगी काजोल की वापसी

**मुंबई।** 27 जून को काजोल फिल्म मां के जरिए बड़े पर्दे पर अपना कमबैक कर रही हैं। वो पांच साल के गैप के बाद स्क्रीन पर दिखने वाली है। इस बीच में उन्होंने ओटीटी प्लेटफार्म पर अपना डेब्यू किया और कई अच्छे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में काजोल ने अपने कमबैक, ओटीटी के बढ़ते प्रभाव और पति अजय के साथ काम करने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। शैतान में अजय ने जिम्मेदार पिता का रोल निभाया था। इसकी अगली कड़ी में मां के रूप में आप हैं। क्या इस ट्राइलाजी की अगली फिल्म में आप दोनों साथ दिखेंगे? वैसे तो पता नहीं लेकिन आपके मुंह में घी-शक्कर। हम जरूर आपकी विश पूरी करने की कोशिश करेंगे। अजय बहुत अच्छे और जिम्मेदार प्रोड्यूसर हैं। वो बहुत ज्यादा इंवाल्वड रहें। वो उन प्रोड्यूसर में से नहीं हैं कि चलो बस पेपर साइन कर दिया। स्क्रिप्ट, फिल्म का क्लाईमैक्स, वीएफएक्स इन सबमें अजय बहुत ज्यादा शामिल थे। वीएफएक्स तो एक अलग ही फिल्म है, जिसमें आपको सब कुछ इमेजिन करना पड़ता है। अजय ने सब कुछ अच्छे से किया। मैं बहुत ज्यादा डरती हूं इसलिए मैं हारर फिल्में देखती नहीं हूं। हारर फिल्म में काम कर लिया है।



# वायरल हो गया सिद्धांत और चै-सू बिन का रोमांटिक वीडियो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और साउथ कोरिया की मशहूर अभिनेत्री चै सू-बिन इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए।

सिद्धांत चतुर्वेदी और चै सू-बिन हाल ही में एक इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए। यह विज्ञापन फिल्मी अंदाज में शूट किया गया है, जिसमें बारिश में उनकी मुलाक.ात किसी रोमांटिक के-ड्रामा जैसी लग रही है। जैसे ही यह विज्ञापन सामने आया, सोशल मीडिया पर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस विज्ञापन को सबसे पहले एक जापानी अकाउंट से शेयर किया गया था और बैकग्राउंड में इंग्लिश इंडी-पॉप गाना बज रहा था। यह कॉम्बिनेशन पूरी दुनिया में छा गया।

# कैंसर सर्जरी के बाद घर लौटीं दीपिका कक्कड़

**मुंबई।** हाल ही में दीपिका कक्कड़ का सेकेंड स्टेज लिवर कैंसर की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के 11 दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज मिल गया है। घर आकर बेटे रूहान से मिलकर वो काफी खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो फैंस को हेल्थ अपडेट दे रही हैं। साथ ही उन्होंने ट्रीटमेंट में जुड़े सभी डाक्टर्स और फैंस को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया कहा है। दीपिका अपने इंस्टाग्राम पर लिखती हैं- 11 दिन हो गए हैं और अब मैं घर पर हूं। ट्यूमर से फ्री, लेकिन अभी यह ट्रीटमेंट का बस एक हिस्सा था। बाकी का इलाज आने वाले टाइम में होगा। मुझे भरोसा है कि मैं इससे निकल जाऊंगी। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था। वो आगे लिखती हैं-11 दिन मुश्किल थे लेकिन हमारे आसपास शानदार लोग थे, जिनकी वजह से चीजें आसानी से हो गईं। तकलीफ तो हुई लेकिन कोकिलाबेन अस्पताल में सबने बड़े प्यार और गर्मजोशी से इसे हैंडल किया।

# बिपाशा ने बॉडी रिमार्क करने वालों को दिया करारा जवाब

**मुंबई।** बिपाशा बसु को उनके बढ़ते वजन के कारण सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस ने बाडी-शेमिंग को लेकर लगातार हो रही ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे और दिल दुखाने वाले कमेंट्स से उनकी पहचान या उनकी खुद की अहमियत तय नहीं होती। दरअसल, बिपाशा बसु ने साल 2022 में बेटी देवी को जन्म दिया था।

मां बनने के बाद से ही एक्ट्रेस के बढ़ते वजन के कारण उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच पूर्व मिस इंडिया श्वेता विजय नायर ने बिपाशा को सपोर्ट किया और कहा कि कैसे एक मां को फिजिकली और इमोशनली चीजों को हैंडल करना पड़ता है। इस पोस्ट पर बिपाशा ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, थैंक्यू आपके शब्दों के लिए। मैं उम्मीद करती हूं कि लोग हमेशा इतने छोटे और नीचे सोच वाले न रहें। वो समझें और मानें कि महिलाएं हर दिन बहुत सी जिम्मेदारियां निभाती हैं, इसलिए उन्हें तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए। मैं एक बेहद आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है। मीम्स और ट्रोल्स न तो मेरी पहचान बनाते हैं और न ही उन्होंने मुझे वो बनाया जो मैं हूं। लेकिन ए सब समाज की महिलाओं के प्रति सोच का एक बहुत ही चिंताजनक रूप दिखाते हैं। मेरी जगह अगर कोई और महिला होती, तो इतनी नफरत और कटाक्ष से गहरे जख्म खा सकती थी और मानसिक रूप से टूट सकती थी।

अगर हमारी आवाज और मजबूत हो जाए और कम से कम महिलाएं ही एक-दूसरे को समझें और जैसा वे हैं, उसके लिए तारीफ करें तो महिलाएं आगे बढ़ती जाएंगी। हम महिलाएं कोई नहीं रोक सकता। बिपाशा और करण सिंह ग्रोवर ने 30 अप्रैल 2016 को शादी की थी। दोनों की मुलाकात फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी की थी। शादी के 6 साल बाद बिपाशा ने बेटी देवी को जन्म दिया था।




देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

# कई फिल्मों से धमाल मचाने वाले हैं पुलकित

**मुंबई।** पुलकित सम्राट ने अपनी फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर की है। वर्ष 2013 में रिलीज हुई फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर पुलकित ने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर की और अपने इस आइकॉनिक किरदार को याद किया। उन्होंने लिखा, सावधान: यह हनी 12 साल की मीठी यादों के साथ आता है। फुकरापंती जारी रहे। अपने फुकरे परिवार, पूरी कास्ट, क्रू और उन सब जुगाड़ू दिमागों को ढेर सारा प्यार और सबसे बड़ा धन्यवाद हमारे दर्शकों को, जिन्होंने हमारी इस पागलपंती को इतना यादगार बना दिया। ढेर सारा प्यार और शुक्रिया। 12 इयर्स ऑफ फुकरे। फिल्म में पुलकित का किरदार हनी, जो स्मार्ट भी है, जुगाड़ू भी और दिल का अच्छा भी, लोगों के दिलों में बस गया। उसकी दोस्ती, मस्ती और दिल से की गई जुगाड़बाजी ने पूरे एक जनरेशन को हंसी-खुशी से जोड़ दिया। फिल्म में हनी की जोड़ी चुचा, जफर, लाली और भोली पंजाबन के साथ मिलकर कहानी की जान बन गई और हिंदी फिल्मों में दोस्ती की कहानियों को नए सिरे से पेश किया। एक छोटी-सी मजेदार फिल्म से शुरू हुआ यह सफर अब एक पॉप-कल्चर बन चुका है। पुलकित अपने नए प्रोजेक्ट्स के साथ तैयार हैं। ग्लोरी, जो एक बॉक्सिंग ड्रामा है, सुस्वागतम खुशामदीद, एक क्रॉस- कल्चर रोमांस और राहु केतु, जिसकी शूटिंग वह इस वक्त कसोल में कर रहे हैं।

